भोपाल
सोमवार, 18 अगस्त 2025
भाद्र कृष्ण पक्ष -10
वर्ष : 12, अंक : 138
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 29
न्यून. 23

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## शुभांशु शुक्ला की वतन वापसी



## ढोल-नगाड़ों व भारत माता के जयकारों से भव्य स्वागत

- पीएम नरेंद्र मोदी से करेंगे मुलाकात
- सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने अगवानी की

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंतरिक्ष में भारत का परचम लहराने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वतन वापसी हो गई है। रविवार तड़के उनका विमान ने दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर लैंड किया। दिल्ली ▸▸ शेष पेज 6 पर

*शुभांशु नासा के एक्सिओम-4 अंतरिक्ष मिशन के पायलट रहे, 18 दिन अंतरिक्ष में बिताए*

### शुभांशु की भारत वापसी के उपलक्ष्य में भी होगी विशेष चर्चा

सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की भारत वापसी के उपलक्ष्य में सोमवार को लोकसभा में 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री - 2047 तक विकसित भारत ▸▸ शेष पेज 6 पर

*भाजपा के संसदीय बोर्ड की बैठक में नाम फाइनल, जेपी नड्डा ने किया ऐलान*

# सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार

## राधाकृष्णन फिलहाल महाराष्ट्र के हैं राज्यपाल, सभी सहयोगी दलों ने फैसले का किया समर्थन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


सीपी राधाकृष्णन

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए ने अपने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इसका ऐलान करते हुए कहा कि सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सीपी राधाकृष्णन के नाम पर मुहर ▸▸ शेष पेज 6 पर

### कौन हैं सीपी राधाकृष्णन?

बता दें कि तमिलनाडु के तिरुप्पुर में 20 अक्टूबर 1957 को जन्मे चन्द्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे हैं और वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। राधाकृष्णन ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत आरएसएस और जनसंघ से की। वे 1998 और 1999 में कोयम्बटूर से लोकसभा सांसद चुने गए। 2003 से 2006 तक तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष रहे। सीपी राधाकृष्णन फरवरी 2023 से जुलाई 2024 तक झारखंड के राज्यपाल रहे। इसके अलावा मार्च से जुलाई 2024 तक तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार ▸▸ शेष पेज 6 पर

### रिजिजू होंगे इलेक्शन एजेंट

जगदीप धनखड़ के पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफे के बाद ये चुनाव कराए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति पद का चुनाव 9 सितंबर को होना है, जबकि नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 22 अगस्त तय की गई है। सीपी राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल कर सकते हैं। सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी को लेकर इंडिया ब्लॉक के अलावा अन्य दल जो एनडीए और इंडिया ब्लॉक का हिस्सा नहीं हैं, उनसे राजनाथ सिंह बातचीत करेंगे और सीपी राधाकृष्णन के इलेक्शन एजेंट किरेन रिजिजू होंगे।



### ऐलान से पहले पहुंचे सिद्धिविनायक मंदिर

एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के ऐलान से पहले सीपी राधाकृष्णन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पत्नी सुमति के साथ मुंबई स्थित श्री सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने ▸▸ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### महावतार नरसिम्हा 200 करोड़ क्लब में शामिल



**नई दिल्ली।** 'महावतार नरसिम्हा' ने भारत में कमाई के मामले में 200 करोड़ क्लब में एंट्री करते हुए 202.35 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर चुकी है। इस क्लब में शामिल होने वाली यह पहली इंडियन एनिमेटेड फिल्म साबित हुई है। यह फिल्म हर दिन करिश्मा कर रही है। हर दिन 6-7 करोड़ कमा रही है। वहीं, 'सैयारा' की कमाई लाखों में सिमट गई है।

### सिंहस्थ के लिए जमीन अधिग्रहण का विरोध



**उज्जैन।** सिंहस्थ महापर्व के लिए स्थायी कुंभ नगरी बनाने का विरोध तेज हो गया है। किसानों ने रविवार को चक्रतीर्थ श्मशान घाट में पानी में खड़े होकर प्रदर्शन किया। आगर रोड पर चक्काजाम भी किया। उन्होंने कहा कि वे सिंहस्थ के लिए स्थायी रूप से जमीन देने को तैयार नहीं है। प्रशासन की समझाइश के बाद वे माने।

### खंडवा में टला बड़ा रेल हादसा, टूटी थी पटरी



**खंडवा।** जिले में एक बड़ा रेल हादसा होते-होते बचा। यहां भोपाल रेल डिविजन के बरुड छनेरा में रेलवे पटरी एक जगह से दो हिस्सों में टूट गई थी। कीमैन ने पटरी पर क्रेक देखकर उस पर से गुजर रही ट्रेन को रुकवा दिया। इसके बाद उसने ट्रैक से जा रही 04159 हॉलिडे स्पेशल ट्रेन को रुकवा दिया। यह ट्रेन इटारसी से भुसावल की ओर जा रही थी।

*सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी: हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं*

# न तो चुनाव आयोग और न ही मतदाता झूठे आरोपों से डरते हैं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए वोट चोरी के विपक्ष के दावों का खंडन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही मतदाता ऐसे झूठे आरोपों से डरते हैं। बिहार एसआईआर के बाद संवैधानिक निकाय की ओर से आयोजित यह पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। विपक्षी नेताओं ने बिहार में एसआईआर और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान वोट चोरी के आरोप लगाए थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी बड़ा हमला बोला है।



सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई ▸▸ शेष पेज 6 पर

- सात दिन में राहुल गांधी ने हलफनामा नहीं दिया तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे
- आयोग के लिए न कोई पक्ष, न विपक्ष, सभी समकक्ष

*मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं है, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा।*




- ***आयोग का कहना- हमारे कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति की जा रही है***
- ***चाहे कितने ही और कैसे भी आरोप हम पर लगें पर हम अपने कर्तव्य से नहीं हटेंगे***
- ***चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ चट्टान की तरह खड़ा***

### मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में?

ज्ञानेश कुमार ने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के ▸▸ शेष पेज 6 पर

#### उधर, राहुल ने बोलना जारी रखा

### भाजपा की साजिश सर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की



**सासाराम।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की सर प्रक्रिया को लेकर बिहार के सासाराम से 'मतदाता अधिकार यात्रा' की शुरुआत कर दी है। कार्यक्रम में महागठबंधन के नेताओं का भी जुटान हुआ। यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

### भाजपा ने कहा- यह झूठ की बुनियाद पर कहानी गढ़ने की कोशिश

बिहार के सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने इसे संविधान बदनाम यात्रा करार दिया। वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की नींव कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे ▸▸ शेष पेज 6 पर




*विपक्ष पर बरसे पीएम मोदी, कहा*

# सिर पर संविधान रखकर नाचने वाले लोग ही उसे 'कुचलते' थे

- ***अब जीएसटी में नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा***
- ***ताकि जीवन भी और बिजनेस भी, सब-कुछ और आसान हो***

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 और द्वारका एक्सप्रेसवे के दिल्ली भाग का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने उद्घाटन के बाद जनसभा को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में हमारे जो स्वच्छता मित्र हैं, वो सभी बहुत बड़ा दायित्व निभाते हैं। लेकिन पहले की सरकारों ने इन्हें भी जैसे अपना गुलाम समझ रखा था। ये जो लोग सर पर संविधान रखकर नाचते हैं, ये संविधान को कैसे कुचलते थे, ये बाबा साहेब की भावनाओं को ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 09 भी

### देशवासियों को डबल बोनस मिलने वाला है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे लिए रिफॉर्म का मतलब है सुशासन का विस्तार। इसलिए हम निरंतर रिफॉर्म पर बल दे रहे हैं। आने वाले समय में हम अनेक बड़े-बड़े रिफॉर्म करने वाले हैं। ताकि जीवन भी और बिजनेस भी, सब-कुछ और आसान हो। अब जीएसटी में नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। इस दिवाली। जीएसटी रिफॉर्म से डबल बोनस देशवासियों को ▸▸ शेष पेज 6 पर

*जबलपुर बैंक लूट केस*

## बिहार में छिपाया 14 करोड़ का सोना, दमोह से 4 गिरफ्तार


■ कट्टा दिखाकर 15 मिनट में की थी वारदात

**जबलपुर।** 11 अगस्त को सिहोरा में इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक में 14 करोड़ का सोना और 5 लाख कैश लूटने के मामले का खुलासा हो गया। रविवार को पुलिस ने 4 आरोपियों को दमोह से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने 11 अगस्त को 15 मिनट में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। अभी तक लूट में लिप्त आरोपियों में से रहीस लोधी, सोनू वर्मन, हेमराज और विकास चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से लूटी गई रकम में ▸▸ शेष पेज 6 पर

*भगवान महाकाल की अंतिम सवारी आज*

## 7 किमी लंबा होगा मार्ग रामघाट पर होगी आरती


■ शाम 4 बजे से शुरुआत, रात को वापसी

**उज्जैन।** भगवान महाकाल की भाद्रपद माह की दूसरी और अंतिम राजसी सवारी सोमवार को शाम 4 बजे निकाली जाएगी। इस सवारी में छह मुखारबिंद शामिल होंगे और इसका मार्ग लगभग 7 किलोमीटर लंबा होगा। इस सवारी में रजत पालकी में श्री चंद्रमोलेश्वर, हाथी पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नंदी रथ पर श्री उमा-महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट का मुखारबिंद और रथ पर सप्त धान मुखारबिंद ▸▸ शेष पेज 6 पर

*उमरिया के हॉस्टल से 5 छात्राएं गायब*

## कमरे में मिला नोट, लिखा अब कुछ बनकर ही लौटेंगी


■ सभी छात्राएं नाबालिग, नाश्ते के वक्त भागीं

**उमरिया।** जिले में पाली नगर थाना क्षेत्र के गिंजरी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास से एक साथ 5 छात्राएं लापता हो गईं। यह छात्राएं कक्षा 8वीं की बताई जा रही हैं। परिजनों का आरोप है कि छात्रावास प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही यह घटना हुई। हॉस्टल में बाउंड्रीवाल तक नहीं है। एसपी निवेदिता नायडू ने बताया कि लापता सभी छात्राएं नाबालिग हैं और वे अपने कमरे में नोट रखकर गई हैं, जिसमें ▸▸ शेष पेज 6 पर

*रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई*

# किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ में फटा बादल, सात लोगों की मौत, 5 घायल

अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ा, उझ नदी खतरे के निशान के पास

एजेंसी ▸▸ जम्मू

जम्मू के कठुआ जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भूस्खलन की दो अलग-अलग घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। जिले में रात भर हुई भारी बारिश के बीच राजबाग और जंगलोट के जोध घाटी गांव में यह आपदा आई। कठुआ के जिला विकास आयुक्त राजेश शर्मा वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस ▸▸ शेष पेज 6 पर





### गृहमंत्री शाह को उपराज्यपाल ने हालात की जानकारी दी

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल कार्यालय ने पोस्ट किया कि कठुआ के कई इलाकों में बारिश के कारण हुए विनाशकारी भूस्खलन में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। यह त्रासदी मन को स्तब्ध कर देने वाली है। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे बचाव और राहत कार्यों की जानकारी दी। शाह ने आश्वासन दिया कि मोदी सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

*आरोपी पर सख्त कार्रवाई होने तक नगर बंद का विरोध प्रदर्शन होगा*

# लव जिहाद घटना के विरोध में बंद रहा नगर मांगःआरोपी के घर को जमींदोज किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इछावर

पिछले दिनों नगर में हुई लव जिहाद की घटना के विरोध में हिंदू संगठनों के आह्वान पर रविवार को नगर बंद रखा गया। दोपहर में हिंदू समुदाय के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने एवं उसके मकान को जमींदोज करने की मांग की। संगठन ▸▸ शेष पेज 6 पर

*आरोपी मोहसिन पिता सईद बाबा पर दुष्कर्म और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज*

### सीहोर में धर्मांतरण की सूचना पर छापेमारी



इधर, सीहोर में कथित धर्मांतरण की सूचना पर रविवार को पुलिस ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित एक मकान पर छापेमारी की। यह सूचना सबसे पहले बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दी थी। मकान के अंदर एक पुलिसकर्मी समेत विभिन्न धर्मों के लोग प्रार्थना सभा में ▸▸ शेष पेज 6 पर

*फिल्म शोले 50 बरस की : शोले फिल्म का निर्माण 1973 में कर्नाटक में शुरू हुआ था*

15 अगस्त 1975 को यह फिल्म रिलीज हुई थी

# हरिराम नाई का पात्र इंदौर के सैलून का था, सलीम खान यहीं कराते थे कटिंग, जय-वीरू भी उनके दोस्तों के नाम थे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

अलग खबर

भारतीय इतिहास में कई फिल्में यादगार और चर्चित हैं। इनमें शोले का नाम भी अग्रणी है। इसे अब 50 साल पूरे हो गए हैं। शोले जब सिनेमाघरों में लगी तब देश में आपातकाल लागू था। इस कारण अनेक कठोर प्रतिबंध लागू थे, पर शोले के डॉयलॉग उस दौर में भी आसानी से सुने जा सकते थे। शोले फिल्म का निर्माण 1973 में कर्नाटक में शुरू हुआ था और 15 अगस्त 1975 को यह फिल्म रिलीज हुई थी। एक संयोग है कि इस फिल्म के लेखक सलीम खान इंदौर से और सह लेखक जावेद अख्तर ग्वालियर से जुड़े हैं। शोले ▸▸ शेष पेज 6 पर

इस फिल्म के लेखक सलीम खान इंदौर से और सह लेखक जावेद अख्तर ग्वालियर से जुड़े हैं




एक रुपए साठ पैसे का बालकनी का टिकट 10 रुपए तक ब्लैक में बिकता था

### पलासिया में लिखी गई पटकथा

फिल्म के पटकथा लेखक और अभिनेता सलमान खान के पिता सलीम खान इंदौर के पलासिया में रहते थे। वे अक्सर कटिंग बनवाने के लिए हरिराम आमेरिया की पलासिया स्थित सैलून में जाते थे। जब उन्होंने शोले की पटकथा लिखी तो उन्होंने हरिराम नाम ▸▸ शेष पेज 6 पर

### टॉकीज में दरी बिछाकर देखते थे शोले

शोले देखने के लिए टॉकीजों में इतनी भीड़ रहती थी कि लोग दरी बिछा कर फिल्म देखते थे। प्रसिद्ध फिल्म लेखक सलीम खान के स्कूल के खास मित्र थे जयसिंह और वीरेंद्र। उन्हें सलीम खान जय और वीरू नाम से संबोधित करते थे। जब उन्होंने शोले फिल्म की पटकथा लिखी तो उसमें उन्होंने जय और वीरू नाम का उपयोग किया।

## खबर संक्षेप

### शासकीय आयुर्वेद कॉलेज में बहाल हुई पीजी सीटें

**भोपाल।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय ग्वालियर की घटाई गई यूजी और पीजी सीटें पुनः बहाल हो गई हैं। भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) ने कॉलेज में बीएएमएस की 75 सीटें तथा शरीर क्रिया विज्ञान विषय में 5 पीजी सीटों की अनुमति प्रदान की है। नीमा विद्यार्थी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि फैकल्टी की कमी के कारण पूर्व में बीएएमएस की 11 व पीजी की 1 सीट घटा दी गई थी। प्राचार्य डॉ. महेश कुमार शर्मा ने आयुष विभाग के आयुक्त से विशेष अनुरोध किया था। आश्वासन के आधार पर फैकल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई और सीट वृद्धि को मंजूरी मिली। डॉ. भदौरिया ने कहा कि यह सराहनीय पहल है।

### प्रेमदास करेंगे सनातन जन कल्याण को लेकर चर्चा

**भोपाल।** अखिल भारतीय श्री पंच तेरह भाई त्यागी खाक चौक अयोध्या (दिगम्बर अखाड़ा) के महंत प्रेम दास महाराज ने देश धर्म कार्य के लिए बड़ा संकल्प लिया है। इसकी शुरुआत उनके संगठन-संस्था सनातन जन कल्याण संघ के तत्वावधान में मध्य प्रदेश से की जा रही है। इस विषय को लेकर सोमवार को श्री महाकाली ज्योति मंदिर मालवीय नगर में महंत पत्रकारों से चर्चा करेंगे।

### स्कूलों में आज से बनेंगे विद्यार्थियों के आधार कार्ड

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिए स्कूल में ही विशेष अभियान 18 अगस्त 2025 से चलाया जायेगा। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य शिक्षा केन्द्र ने भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के साथ समन्वय किया है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। इस अभियान का नाम होगा विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार'। यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि, 18 अगस्त से प्रारंभ होने वाला अभियान का पहला चरण, मध्यप्रदेश के 40 जिलों में एक साथ शुरू होगा और एक से दो महीने तक चलेगा। स्थानीय जिला प्रशासन को अपने-अपने जिलों में आधार शिविर योजना का व्यापक प्रचार करने के लिए कहा गया है। अभिभावकों में प्रचार-प्रसार होने से विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार" अभियान को सफलता मिलेगी और अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकेंगे।

### मैनिटः रैगिंग विरोधी सप्ताह का आज अंतिम दिन

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र संस्थान से रैगिंग को समाप्त करने और अनुकूल शिक्षण वातावरण बनाने 12 से 18 अगस्त तक रैगिंग विरोधी सप्ताह का आयोजन कर रहे हैं। इस सप्ताह का सोमवार को अंतिम दिन होगा। इससे पहले मैनिट परिसर में रैगिंग विरोधी दिवस मनाया गया था। इस बैठक में संकाय सदस्यों और 250 से अधिक छात्रों ने भाग लिया था।

---

राजधानी की अधिकांश झांकियों में दिखेंगी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की झलक

# गणेशोत्सव की तैयारीः 27 को विराजेंगी प्रतिमा कारीगर भावपूर्ण ढंग से कर रहे झांकियां तैयार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद अब राजधानी में गणेश उत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। गणेश उत्सव की शुरुआत 27 अगस्त से होगी। शहर में जहां 3 हजार से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक रूप से पंडाल सजाकर भगवान गणेश की स्थापना की जाएगी, वहीं 65 हजार से अधिक घरों में भी गणेश स्थापना कर दस दिनों तक श्रद्धालु पूजा अर्चना करेंगे। गणेश उत्सव को लेकर समितियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। गणेश उत्सव में शहर में अलग-अलग धार्मिक स्थलों के स्वरूप में झांकियां सजेगी।

इस दौरान कहीं खाटू श्याम मंदिर की प्रतिकृति बनाई जा रही है तो कहीं सिद्ध विनायक मंदिर की झांकी सजाई जा रही है।



तो वहीं इस पर अधिकांश झांकियों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की थीम रखी गई। कहीं मुंबई के लालबाग के राजा तो कहीं भोपाल के राजा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस बार अनेक झांकियों पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जाएगा।



### न्यू मार्केट में ईको फ्रेंडली थीम पर गणेशोत्सव

गणेश चतुर्थी के लिए न्यू मार्केट गणेश उत्सव समिति की ओर से एक विशेष झांकी की तैयारी की गई है। इस बार, समिति की ओर से मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर पर आधारित एक झांकी सजाने की तैयारी जोरों-शोरों से की जा रही हैं। इस झांकी में, भगवान गणेश अपनी पत्नियों, रिद्धि और सिद्धि के साथ विराजेंगे। झांकी का अनुमानित बजट लगभग 5 लाख है।

### लालबाग के राजा की तर्ज पर 16 फीट की प्रतिमा होगी स्थापित

करोंद में इस बार भी भगवान गणेश की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। यहां लालबाग के राजा की तर्ज पर 16 फीट के करोद के राजा की स्थापना की जाएगी। करोद के राजा गणेश उत्सव समिति के दीपक जाट ने बताया कि रंगारंग आतिशबाजी, लेजर शो, लाइटिंग के साथ 27 अगस्त को आगमन होगा। गणेश उत्सव के दौरान यहां अनेक रंगारंग कार्यक्रम होंगे।

### पीपल चौक में विराजेंगे भोपाल के राजा

*पीपल चौक में भी गणेश उत्सव पर भोपाल के राजा की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। यहां भगवान गणेश रिद्धि सिद्धि के साथ अपने पूरे परिवार के साथ विराजमान होंगे। यह भोपाल के प्रथम गणेश है। यहीं से शहर में गणेश उत्सव मनाने की परम्परा शुरू हुई थी। गणेश उत्सव के दौरान यहां अनेक आयोजन किए जाएंगे। यहां डोल ग्यारस तक गणेशोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान अनेक उत्सव भी होंगे। नित्य आरती, श्रृंगार का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।*

### खाटू श्याम मंदिर में ऑपरेशन सिंदूर की झलक

बीमा कुंज कोलार रोड पर लालबाग के राजा श्रीउत्सव समिति की ओर से इस बार राजस्थान के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर की झांकी सजाई जाएगी। यह झांकी लगभग चार हजार वर्गफीट में 15 लाख रुपए की लागत से तैयार होगी। इसमें 16 फीट ऊंची लालबाग के राजा की प्रतिमा रहेगी। समिति के अनुसार इस बार ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भी झांकी में दर्शाया जाएगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण आधारित झांकी होगी।

---

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर

# मंदिरों में नंद महोत्सव, नामकरण संस्कार तो कहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता की रही धूम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन रविवार को शहर के कृष्ण मंदिरों में नंद महोत्सव, नामकरण संस्कार, तो वहीं कई जगहों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता आदि आयोजन किए गए तलैया चौबदारपुरा स्थित श्री बांके बिहारी लालजी मार्कण्डेय मंदिर में नामकरण व जन्म कुंडली संस्कार के तहत भगवान का नाम वीरभद्र यदुवंशी रखा गया।

जन्म कुंडली के तहत उनकी राशि वृषभ, नक्षत्र रोहिणी तृतीय चरण, लग्न वृषभ निकला। नामकरण संस्कार में यहां ग्वाल चमेली, दही दत्तखाना, छोटे-छोटे बच्चों द्वारा माखन माटी तोड़ी गई और गेहूं, चना, मूंगफली, लाई, चिरोंजी व नमकीन खारे की प्रसादी भोग बाद भक्तों को बांटी गई।

### राम जानकी चित्रगुप्त में मना जन्मोत्सव

*श्री राम जानकी चित्रगुप्त मंदिर कोटरा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण की विशेष आरती की गई। संस्था के ओपी श्रीवास्तव प्रबंध न्यासी और डॉक्टर शैलेंद्र निगम ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर छोटे बच्चों को बाल गोपाल और राधा के रूप बनकर आए। इस मौके पर सभी बच्चों को मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई। भजन-कीर्तन का दौर देर रात तक चला।*





### इस्कॉन मंदिर में नंदोत्सव की धूमः पाद पूजन, अभिषेक व आरती के साथ मनाया

*कोलार स्थित इस्कॉन मंदिर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन रविवार को नंदोत्सव की धूम रही। इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद का जन्मोत्सव भी इस अवसर पर उनके पाद पूजन, अभिषेक एवं आरती के साथ मनाया गया। इस मौके पर भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद समर्पित किया गया। तो वहीं प्रभुपाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।*

### मनमोहक झांकी




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवा केंद्र पर रविवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर बहुत ही सुंदर मनमोहक झांकी सजाई गई।

### चांदी के झूले में विराजे श्रीजी, लकड़ी के खिलौनों से खेला

लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में शुक्रवार को नंद महोत्सव मनाया गया। यहां सुबह 4 बजे मुखिया ने प्रभु की छठी पूजन की। ब्रज में जब बालक का जन्म होता है तो उसके बाद छठी की पूजन की जाती है। यशोदा जी के भाव से यह पूजन किया जाता है। फिर 10 बजे प्रभु के पालने के दर्शन किए। प्रभु ने अपने 80 वर्ष पुराने चांदी के पालने में विराजमान होकर दर्शन दिए। प्रभु को चांदी लकड़ी के खिलौनों से खिलाया गया फिर शंकर लीला हुई। सभी वैष्णव जनों पर दूध दही का छिड़काव किया गया। सभी ने दही हांडी लेकर नृत्य किया और यह कीर्तन गाया 'ले लो ले लो यशोदा के लाल दहिया मेरा ले लो। प्रभु को पालने में विराजमान कर आरती की गई।

### कृष्ण जन्माष्टमी पर हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता

*मां दुर्गा मंदिर गायत्री चेतना केन्द्र में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों और बड़ों के लिए मटकी फोड़ और चेयर रेस प्रतियोगिता हुई। विजेता प्रतिभागियों को राजेंद्र पुरोहित ने पुरस्कृत किया। सभी ने जन्माष्टमी पर्व का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुड्डू भदौरिया, नागरिकों और समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। पं. राम कुमार तिवारी ने पूजा संपन्न करवाई। कार्यक्रम में मंजू मलिक और सुमन पुरोहित का विशेष सहयोग रहा। यह आयोजन सांस्कृतिक सौहार्द और सामुदायिक भागीदारी का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।*



---

## जन-जन तक पहुंचाएंगे 'मन की बात'



# प्रधानमंत्री का संदेश ही महिला सशक्तिकरण की प्रेरणाः माया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात को घर-घर और जन जन तक पहुंचाने के लिए अनोखी पहल की है। जिसकी शुरुआत रविवार को महिला मोर्चा तात्या टोपे मंडल से की गई है, ताकि जब प्रधानमंत्री मन की बात करें तो न सिर्फ कार्यकर्ता बल्कि आम जनता भी इसे सुन सके और उससे प्रेरणा ले सके। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद और महिला मोर्चे की प्रदेशाध्यक्ष माया नारोलिया, विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय और मंडल अध्यक्ष कविता जैन अनुरागी ने बूथ अध्यक्षों को स्पीकर और माइक सौंपे। कविता जैन अनुरागी द्वारा आयोजित सखी समागम कार्यक्रम में की गई यह पहल केंद्र में रही। सांसद माया नारोलिया ने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश ही महिला सशक्तिकरण की प्रेरणा है।

**तात्या टोपे मंडल महिला मोर्चा ने हर बूथ को सौंपे स्पीकर्स**

### महिला मोर्चे की पहल अनुकरणीयः भगवानदास सबनानी

विधायक भगवान दास सबनानी ने महिला मोर्चे द्वारा की गई पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात, जन जन तक बिना किसी व्यवधान के पहुंचे ओर बिना किसी रुकावट के मन की बात का कार्यक्रम सुन सके इसके लिए तात्या टोपे मंडल की अध्यक्ष द्वारा मंडल के सभी 51 बूथ अध्यक्षों को स्पीकर और माइक देने की यह सराहनीय पहल की है। सबनानी ने कहा कि मेरी विधानसभा में सर्वाधिक शक्तिशाली महिला मोर्चा है।

समाज में सकारात्मक बदलाव कार्यक्रम की आयोजनकर्ता और भाजपा महिला मोर्चा तात्या टोपे मंडल की अध्यक्ष कविता जैन अनुरागी ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की प्रगति की बात करते हैं।

---

गाली-गलौच करते हुए की थी अड़ीबाजी

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

कोलार पुलिस ने युवक पर चाकू और चेन सहित डंडे से जानलेवा हमला करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से चाकू और चेन सहित डंडा जब्त किया है।

पुलिस ने बताया कि दुर्गेश मेहर पिता सुरेश मेहरा (20) न्यू शिव जी मंदिर के आगे दामखेड़ा ए-सेक्टर कोलार में रहता है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि भरत डामौर, गोविंद मालवीय, शुभम सरदार और गजनी ने गालीगलौज करते हुए



अड़ीबाजी की थी। आरोपियों का विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू, चेन स्पॉकेट की चेन और डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने दुर्गेश की शिकायत पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

---

वाहन चालकों का आरोप लिपिक ने नहीं मनाने दिया आजादी का उत्सव

# वन चालकों की चेतावनीः लिपिक पर नहीं की कार्रवाई तो 21 से करेंगे आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

वन विभाग में पदस्थ वाहन चालकों ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन के भीतर वन विभाग के लिपिक सुधीर नेमा पर कार्रवाई नहीं की तो 21 अगस्त से वाहन चालक कामबंद आंदोलन करेंगे। यह निर्णय रविवार को वन विभाग वाहन चालक समिति की बैठक में लिया गया। मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वाहन चालक घनश्याम कटारे के साथ 14 अगस्त को वन विभाग के लिपिक सुधीर नेमा द्वारा मारपीट कर अभद्र व्यवहार करने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना का बैनर वन भवन की बाउंड्री में लगाने से भी रोक दिया। आजादी का उत्सव नहीं मनाने से आक्रोशित वाहन चाकलों ने नेमा की शिकायत वन बल प्रमुख और थाना टीटी नगर में की गई है



लेकिन अभी तक करवाई नहीं की गई है। पांडे ने बताया कि सोमवार को वन विभाग प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर वाहन चालक कटारे के साथ मारपीट करने वाले लिपिक सुधीर नेमा को निलंबित कर उच्च स्त्ररीय जांच की जाए। यदि तीन दिन के अंदर कार्रवाई नहीं की तो 21 अगस्त को कामबंद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### सीएम की तिरंगा यात्रा का कर रहे थे विरोध

लिपिक सुधीर नेमा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि वाहन चालक घनश्याम कटारे के आरोप निराधार है। यह वाहन चालक आउटसोर्स पर पदस्थ है। 15 अगस्त को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तिरंगा यात्रा का वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी स्वागत के लिए वन मुख्यालय पर एकत्रित हुए थे। वहां आउटसोर्स वाहन चालक आए और तिरंगा यात्रा का स्वागत करने का विरोध करने लगे।

---

*दिग्विजय सिंह और जीतू पटवारी भी होंगे शामिल*

# पत्रकारों से मारपीट के मामले में पुलिस की गुंडागर्दी के खिलाफ होगा आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

भिंड जिले की पत्रकारों के साथ मारपीट कर प्रताड़ति करने को लेकर कांग्रेस आक्रामक है। कांग्रेस ने इसे अभिव्यक्ति की स्वतन्त्रता, निष्पक्ष पत्रकारिता पर हमला और लोकतंत्र के चौथे खम्बे पर आघात बताते हुए 11 सितम्बर को विशाल प्रदर्शन और सभा करने की घोषणा की है।

विगत दिनों पत्रकार शशिकांत गोयल और अमरकांत चौहान के साथ पुलिस द्वारा मारपीट की गई। गोयल एक समाचार पोर्टल के लिए काम करते हैं, जबकि चौहान भिंड में एक न्यूज चैनल में कार्यरत है। कांग्रेस का आरोप है कि भिंड पुलिस चंबल नदी में रेत माफिया द्वारा स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से किए जा रहे अवैध रेत खनन की लगातार रिपोर्टिंग से नाखुश थी और पत्रकारों को सबक सिखाना चाहती थी, जिन्होंने पहले दी गई चेतावनी के बावजूद ऐसा करने से इनकार कर दिया था। गोयल और चौहान के अलावा, एक दर्जन से ज्यादा पत्रकार भी एसपी के कक्ष में मौजूद थे, जिनके कपड़े उतारकर उन पर शारीरिक हमला किया गया। इसके बाद एक बार फिर पुलिस ने एक वीडियो बयान दर्ज करने के लिए उन पर दबाव डाला और मजबूर किया। इसमें कहा गया था कि उनके और पुलिस के बीच सभी मामले सुलझ गए हैं।

---

## मूल्य आधारित जीवन का पुनर्निर्माण करना कुटुंब प्रबोधन अभियान का उद्देश्य

अवधपुरी स्थित विद्यासागर कॉलेज में आयोजित हुआ संघ का कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का चरित्र ही समाज में उसका विश्वास हैः मुनिश्री 108 प्रमाण सागर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भोपाल विभाग द्वारा विद्यासागर कॉलेज, अवधपुरी में आयोजित कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम में जैन मुनिश्री 108 प्रमाण सागर महाराज ने स्वयंसेवकों एवं उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा कि शुद्ध जीवन ही शक्तिशाली समाज और अखंड राष्ट्र की नींव है। मुनिश्री ने संघ की कार्यपद्धति की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा चरित्र, अनुशासन और समाज जीवन में नैतिकता पर बल दिया है। शताब्दी वर्ष में संघ द्वारा चलाए जा रहे कुटुंब प्रबोधन अभियान का उद्देश्य हर घर में विश्वास, पारदर्शिता और मूल्य आधारित जीवन का पुनर्निर्माण करना है।





### समाज की नींव व्यक्ति है और व्यक्ति की नींव जीवन

*परिवार और समाज में शुद्धता के महत्व पर मुनिश्री ने कहा कि "समाज की नींव व्यक्ति है और व्यक्ति की नींव जीवन है। यदि जीवन शुद्ध है तो व्यक्ति सशक्त होगा। यदि व्यक्ति सशक्त होगा तो समाज सशक्त होगा। अतः शुद्ध जीवन ही शक्तिशाली समाज का आधार है।" उन्होंने चेताया कि आज परिवार टूट रहे हैं क्योंकि रिश्तों में विश्वास और पारदर्शिता घट रही है। आज परिवार टूट रहे हैं, क्योंकि लोग एक-दूसरे को विश्वास की दृष्टि से नहीं देखते। आपसी संदेह बढ़ने से पति-पत्नी के संबंध भी महज औपचारिक होते जा रहे हैं, क्योंकि रिश्तों में पारदर्शिता और शुद्धता का अभाव है।*

### शुद्ध जीवन ही पंच परिवर्तन का आधार

*राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में सामाजिक जीवन के पुनर्निर्माण पर बल देते हुए मुनि श्री ने कहा कि शुद्ध जीवन ही पंच परिवर्तन का आधार है। साथ ही स्पष्ट किया कि संघ द्वारा चलाया जा रहा पंच परिवर्तन अभियान व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र जीवन में नैतिकता, अनुशासन और करुणा जैसे मूल्यों को स्थापित करने का मार्ग है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का चरित्र ही उसके विश्वास का आधार है।*

### भारत ने हमेशा 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश दिया

*मुनिश्री ने कहा कि भारत ने हमेशा "वसुधैव कुटुम्बकम" का संदेश दिया है। लेकिन आज परिवार विखंडित हो रहे हैं और पश्चिमी जीवनशैली बढ़ रही है। इस स्थिति से समाज और राष्ट्र दोनों कमजोर होते हैं। उन्होंने आह्वान किया कि हर भारतीय को संस्कृति, भाषा और भोजन पद्धति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।*

अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम

# तेज बारिश से पहले बढ़ा पारा, आज शहर में गरज चमक के साथ बौछारें



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में रविवार को दिन के तापमान में बढ़त रही। पारा 1.2 डिग्री बढ़कर 31.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.2 डिग्री अधिक है। इससे उमस परेशान करती रही। सोमवार को भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें अथवा हल्की बारिश की उम्मीद है।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार रविवार को बंगाल की खाड़ी और अरब सागर दोनों में लो प्रेशर एरिया बन चुका है। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। इससे दो से तीन दिन बाद प्रदेशभर में बारिश जोर पकड़ेगी। भोपाल में भी बारिश के आंकड़े तेजी से बढ़ेंगे। इससे पहले सोमवार से बुधवार के बीच तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

भोपाल बैरागढ़ में 15 और शहर में 9 मिमी से अधिक बारिश हुई। रविवार को सुबह से बादल रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई।

मिसरोद स्थित सलैया की घटना, महिला और उसकी बहन ने दिखाई हिम्मत

# स्पीड ब्रेकर पर बैग छीनकर भागा बदमाश, महिला ने किया पीछा तो सड़क खत्म होने पर बाइक छोड़ भागा

चोरी की बाइक से बाइक सवार बदमाश ने दिया था वारदात को अंजाम

पर्स में चार-पांच हजार रुपए और एटीएम सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित खजांची चौराहा सलैया में बाइक सवार बदमाश ने एक्टिवा सवार सीआरपीएफ जवान की पत्नी से पर्स झपटकर भागने का मामला सामने आया है।

आरोपी झपटमार ने स्पीड ब्रेकर पर एक्टिवा की रफ्तार कम करने पर वारदात को अंजाम दिया। फरियादी ने उसका पीछा किया तो वह ग्रीन सिटी कॉलोनी के पीछे की तरफ बाइक लेकर भागा और सड़क खत्म होने पर बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है। बाइक हबीबगंज इलाके से चुराई गई। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### बहन के साथ एक्टिवा से प्लॉट और मकान देखने के लिए जा रही थी महिला



*पुलिस के अनुसार मनीषा राजकुमार डोबारे पति राजकुमार डोबारे (35) अंशुल कॉलोनी, बैरागढ़ चीचली कोलार में रहती हैं और गृहणी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह अपनी बहन के साथ एक्टिवा से सलैया में प्लॉट और मकान देखने के लिए जा रही थी। एक्टिवा उनकी बहन चला रही थी और वह पीछे बैठी हुई थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे के आसपास दोनों बहनें एक्टिवा से खजांची चौराहा पहुंची। जतिन होटल के सामने स्पीड ब्रेकर पर उन्होंने एक्टिवा की रफ्तार कम की थी, तभी पीछे से आए बाइक सवार बदमाश ने मनीषा के हाथ से पर्स झपट लिया। पर्स में चार-पांच हजार रुपए की नगदी, एटीएम सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।*

### महिला ने एक्टिवा से किया पीछा

हाथ से बैग झपटते ही मनीषा ने शोर मचाकर बहन को बताया। इसके बाद एक्टिवा से आरोपी का पीछा किया गया। आरोपी ग्रीन सिटी कॉलोनी के पीछे की तरफ बाइक लेकर भागने लगा। सड़क खत्म होने पर उसने बाइक छोड़ी और पैदल ही भाग निकला। पुलिस ने बाइक जब्त कर ली है। बाइक का नंबर सर्च करने पर पता चला कि 11 अगस्त को उक्त बाइक हबीबगंज इलाके से चोरी की गई थी। बाइक के मालिक ने चोरी की एफआईआर भी दर्ज की है। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाश की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# 2.51 लाख रुपए का इनाम पाने देर रात तक 15 से ज्यादा टीमें करतीं रहीं जोर-आजमाइश

## *भोजपाल महोत्सव मेला समिति ने किया दही हांडी का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदा आला रे आला, जरा मटकी संभाल बृजवाला, एक, दो, तीन, चार संग पांच, छ, सात हैं ग्वाला जैसी सुमधुर प्रस्तुति से इंडियन आइडल फेम-15 चैतन्य देवड़े ने मटकी फोड़ने आए गोविंदाओं की टोलियों और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। चैतन्य देवड़े भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा आयोजित प्रदेश की सबसे बड़ी ईनामी राशि वाली मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रस्तुति देने पहुंचे थे।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन भोजपाल महोत्सव मेला समिति द्वारा आयोजित मटकी फोड़ प्रतियोगिता में 15 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया। इसमें एकता स्पोर्टस म्लब दमुआ हिंदवाड़ा, डीजे ब्यास बैतूल आमला, मुक्तेश्वर महादेव मटकी फोड़ टीम, गौरागांव भोपाल, श्रीधाम टीम भवानी चौक भोपाल सहित अन्य टीमें शामिल हुईं और 60 फीट ऊंची मटकी को फोड़ने की कोशिश की। देर रात तक टीमों ने मटकी फोड़ कर 2.51 लाख रुपए की ईनामी राशि जीतने की कोशिशि करती रही। कार्यक्रम का आयोजन अवधपुरी चौराहा स्थित विवेकानंद स्कूल के सामने हेलीपैड पर शाम 7 बजे से किया गया।

मुख्य अतिथि हेमंत खंडेलवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रहे। विशिष्ठ अतिथि आलोक शर्मा, समिति के संरक्षक व सांसद भोपाल, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री कृष्णा गौर, महापौर मालती राय, रविंद्र यति भाजपा जिला अध्यक्ष, किशन सूर्यवंशी अध्यक्ष नगर निगम, विकास वीरानी भाजपा नेता, समिति के संयोजक, अध्यक्ष सुनील यादव आदि मौजूद रहे।








### कई जिलों की टीमों ने दर्शकों का बढ़ाया उत्साह

*समिति के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि 2.51 लाख रुपए इनामी मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलो से 15 से ज्यादा गोविंदा की टोलियां शामिल हुई। प्रतियोगिता में विद्युत साज सज्जा, भव्य अतिशबाजी के साथ इंडियन आइडल फेम-15 चैतन्य देवड़े ने अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर गोंविंदा की टोलियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मेला टीम के महामंत्री हरीश कुमार राम, उपाध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी, सुनील शाह, महेंद्र नामदेव, मधु भवनानी, विनय सिंह, देवेंद्र चौकसे, अखिलेश नागर, दीपक बैरागी, जाहिद खान, दीपक शर्मा, गोपाल, केश कुमार शाह, चंदन वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।*

## राजधानी की व्यस्ततम और अहम 12 सड़कों पर संचालन पर लगाई है रोक

# प्रतिबंध स्थानों पर दौड़ रहे 75 ई-रिक्शों पर पहली बार मोटर व्हीक्ल एक्ट के तहत लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिला प्रशासन के आदेश के बावजूद ई-रिक्शा चालक कर रहे थे उल्लंघन, पिछले 20 दिनों से लगातार प्रतिबंध क्षेत्रों में आने वाले ई-रिक्शा संचालकों को दी जा रही थी समझाइश

जिला प्रशासन की ओर से राजधानी की व्यस्ततम और अहम 12 सड़कों पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाई थी। इन आदेश के बाद भी यह रिक्शा दौड़ रहे थे।

रविवार को पहली बार यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए, 75 से अधिक ई-रिक्शों पर कार्रवाई की। यातायात पुलिस अधिकारियों के अनुसार पिछले 20 दिनों से लगातार प्रतिबंध क्षेत्रों में आने वाले ई-रिक्शा संचालकों को समझाइश दी जा रही थी। इसके बाद भी वह मानने को तैयार नहीं थे। इसके चलते अब ऐसे रिक्शा संचालकों पर कार्रवाई शुरू की गई। अभी 75 ई-रिक्शा संचालकों पर मोटर व्हीक्ल एक्ट कार्रवाई की गई है।

*रविवार को कार्रवाई करने सड़क पर उतरी पुलिस*

*आने वाले दिनों में ओर सख्त कार्रवाई की जाएगी*

### बोट क्लब व हमीदिया रोड पर हुई कार्रवाई



*यातायात पुलिस अधिकारियों के अनुसार अभी बोट क्लब व हमीदिया रूट पर दौड़ रहे ई-रिक्शा संचालकों पर सबसे अधिक कार्रवाई की गई। आने वाले दिनों में ओर सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

### शहर में ई-रिक्शों से लग रहा है ट्रैफिक जाम

*जानकारी के अनुसार राजधानी में लगातार ई-रिक्शों की संख्या बढ़ने से जाम की स्थिति बन रही है। इस वजह से राजधानी के करीब 12 रूटों पर इन पर प्रतिबंध लगाया गया।*

इन रूटों पर लगा है प्रतिबंध

### इन स्थानों पर ई-रिक्शा चलाने, पार्किंग पर बैन

- राजभवन से पॉलिटेक्निक चौराहा
- पॉलिटेक्निक चौराहा से स्टेट हैंगर
- बोट क्लब
- हमीदिया रोड-अल्पना से भोपाल टॉकीज
- अपेक्स बैंक से रोशनपुरा
- लिंक रोड-1 बोर्ड ऑफिस चौराहा से अपेक्स बैंक तक
- काटजू अस्पताल तिराहा से रंगमहल तिराहा तक
- वन्दे मातरम से 10 नंबर स्टॉप तक
- 10 नंबर से नेशनल अस्पताल तक
- 10 नंबर से साढ़े 10 नंबर तक
- सेंटर प्वाइंट से रोशनपुरा तक
- जीजी फ्लाईओवर

19 से लेकर 23 अगस्त तक होंगे प्रवेश

# आज होगा एमबीबीएस की चार हजार 775 सीटों का अलॉटमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नीट यूजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में एमबीबीएस और बीडीएस सीटों का आवंटन सोमवार को होगा। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय मप्र द्वारा जारी काउंसलिंग शेड्यूल के मुताबिक 18 अगस्त को सीट आवंटन होगा। उसके बाद अभ्यर्थी 19 अगस्त से कॉलेज स्तर पर अपने दाखिले की प्रक्रिया को आगे बढ़ा सकेंगे। 19 से लेकर 23 अगस्त तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। इसी दौरान स्क्रूटनी होगी। जबकि 24 अगस्त तक प्रवेश निरस्तीकरण किया जा सकेगा। संचालनालय के अधिकारियों ने बताया कि मप्र में कुल 29 मेडिकल कॉलेज हैं। इनमें 12 निजी और 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं। सभी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 4775 सीटें हैं।

इन सीटों के लिए 15,897 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। स्टेट मैरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। मैरिट के आधार पर ही अभ्यर्थियों के बीच सीटों का आवंटन किया जाएगा।

### सभी उम्मीदवारों को करना होगा बांड साइन

*सीट आवंटन से पहले डीएमई ने काउंसलिंग में हिस्सा ले रहे सभी उम्मीदवारों के लिए एक निर्देश जारी किया है। इसके मुताबिक सीट आवंटन के बाद प्रवेश लेने वाले सभी उम्मीदवारों को अनिवार्य ग्रामीण सेवा का बांड साइन करना होगा। जो एक शपथ पत्र के साथ भरना होगा। इस बांड के मुताबिक अभ्यर्थी को एक साल तक ग्रामीण क्षेत्र के अस्पताल में काम करना होगा। यदि अभ्यर्थी बांड की शर्त का उल्लंघन करता है तो उसे जुर्माने के तौर पर 10 लाख रुपए देना होंगे।*

# वंदे भारत एक्स. में लगाई नई डिवाइस का ट्रायल सफल, अब 160 की स्पीड में नहीं लगेंगे झटके

## *पमरे जोन ने बनाई अधुनिक डिवाइस का तीन माह किया ट्रायल*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अब आरकेएमपी-नई दिल्ली व आरकेएमपी-रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को 160 की स्पीड से ट्रेन के संचालन में झटके नहीं लग सकेंगे। दरअसल पमरे जोन मुख्यालय की ओर से एक खास तरह की आधुनिक डिवाइस तैयार की थी।

जिसका करीब तीन माह से ट्रायल की जा रहा था, जो पूरी तरह से सफल रहा है। रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस का सफर और सुविधाजनक बनाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस में कंपन नापने के लिए एक विशेष डिवाइस तैयार कर लगाई थी। जो एक लिमिट से ज्यादा कंपन होने पर वंदे भारत का सस्पेंशन ठीक कर देती है। इस डिवाइस की सहायता से वंदे भारत ट्रेन के पटरियों पर फर्राटा भरने लगी है। अब इस इस डिवाइस को अन्य जोन व मंडलों में चल रही वंदे भारत एक्सप्रेस व शताब्दी श्रेणी की ट्रेनों में लगाया जा सकेगा।



### ट्रेन में कंपन मापने के लिए कोई यंत्र नहीं था

इसके पहले रेलवे के पास चलती ट्रेन में कंपन मापने के लिए कोई यंत्र नहीं था। इस उपकरण के बनने से वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच के पहियों और सस्पेंशन सिस्टम की स्थिति का पता लगाने में सहायता मिल रही है।

### बेहतर सुविधा मिल सकेगी

रेलवे सुरक्षित सफर और बेहतर सुविधा मिल सके, इसका हमेशा ध्यान रखता है। इसके तहत रेलवे की ओर से वंदेभारत एक्सप्रेस में आधुनिक डिवाइस लगाई है।

हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ पमरे जोन

### जीएम से यात्रियों ने की थी शिकायत

रेलवे सूत्रों के अनुसार करीब एक साल पहले जबलपुर से भोपाल आते समय पमरे जोन की जीएम ने वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्रियों से अनुभव पूछे थे। इस दौरान यात्रियों ने ट्रेन की अधिक स्पीड होने पर झटके लगने की शिकायत थी। इसके बाद अधिकारियों ने सफर कर ट्रेन में लगने वाले झटके महसूस किया। जिससे इसकी समस्या दूर करने का उपाय खोजा।

चंदनपुरा इलाके में अचानक बाघ का मूवमेंट

# चंदनपुरा में दोपहर ढाई बजे सड़क पर घूमता मिला बाघ

बाघ करीब पांच मिनट तक सड़क पर मौजूद रहा, राहगीर ने बनाया टाइगर का वीडियो

झाड़ियों से निकलकर अचानक कार के सामने आया, सुरक्षा के लिए वन विभाग ने बढ़ाई सतर्कता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के चंदनपुरा क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब ढाई बजे सड़क पर बाघ घूमता हुआ देखा गया। बाघ करीब पांच मिनट तक सड़क पर मौजूद रहा, जिससे आसपास के लोग और राहगीर डर के मारे सहम गए।

राहगीर ने बताया कि वह संस्कार वैली स्कूल के पास कार का ट्रायल ले रहे थे, तभी झाड़ियों से अचानक बाघ सड़क पर आ गया। बाघ करीब पांच मिनट तक सड़क पर टहलता रहा और उसके बाद वापस झाड़ियों में चला गया।



### पानी पीने के लिए अक्सर आते हैं बाघ

मौके पर मौजूद लोगों ने बाघ का वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह क्षेत्र बाघों का प्राकृतिक आवास है और यहां के 13 शटर के आसपास बाघ पानी पीने के लिए आते हैं। घटना के बाद वन विभाग ने अपने अमले को तैनात कर दिया है और क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से अपील की है कि अकेले बाहर न निकलें और बच्चों को भी सावधानी से रखें।

आटा बेचने वाला दुकानदार भी हुआ बीमार

# जन्माष्टमी पर मोरधन का आटा खाने से दर्जनभर से अधिक लोग बीमार, उल्टी और घबराहट की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

बैरागढ़ में जन्माष्टमी के दिन मोरधन का आटा खाने से एक दर्जन से अधिक लोगों की तबियत बिगड़ी गई वे अलग-अलग निजी हॉस्पिटल में इलाज कराने पहुंचे। हालांकि सभी की हालत सामान्य हो गई। सामान्य इलाज के बाद हम उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना की रिपोर्ट अभी तक नहीं की गई है।

जन्माष्टमी के दिन लोगों ने बाजार से मोरधन का आटा ख़रीदा और खाने के कुछ देर बाद उनकी तबियत बिगड़ने लगी। महिलाओं, पुरुषों व बच्चों को चक्कर आने, उल्टी, घबराहट होने की शिकायत आने लगी। आश्चर्य की बात यह है कि जिस दुकानदार ने ऑटा बेचा उस दुकानदार की तबियत भी बिगड़ी और उन्हें निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

कृष्णानी हास्पिटल के डायरेक्टर डॉ. लाल कृष्णानी ने बताया कि उनके यहां एक ही परिवार के चार लोग मोरधन का आटा खाने से बीमारी के बाद भर्ती हुए थे उनका उपचार करने के बाद उन्हें कुछ ही घंटों बाद छुट्टी दे दी गई। थाना प्रभारी अशोक गौतम ने बताया कि मोरधन का आटा खाने से कुछ लोगों के बीमार होने की जानकारी तो मिली है लेकिन रिपोर्ट अभी तक किसी ने भी नहीं दर्ज कराई है।



# औबेदुल्लागंज में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, निकाला भव्य चल समारोह, विधायक पटवा ने की भगवान की पूजा, उमड़े श्रद्धालु

## क्षेत्रीय यादव समाज समिति ने 29वां श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में जन्माष्टमी पर्व शनिवार देर रात उत्साह और उल्लासा के साथ मनाया गया। इस मौके पर चल समारोह भी निकला, जिसमें मनमोहक झांकियों ने लोगों को आकर्षित किया। क्षेत्रीय यादव समाज समिति ने 29वां श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर भव्य शोभा यात्रा खेड़ापति मंदिर विशन खेड़ा से प्रारंभ की। शोभा यात्रा में बरसात का भी आनंद लेते हुए भक्तगण नाचते गाते चलते रहे। शोभा यात्रा में बजरंग अखाड़े के पहलवान ने अपना हुनर दिखाया। शोभायात्रा में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी को देखने भीड़ उमड़ी। शोभा यात्रा राधा कृष्ण मंदिर खिल्लीखेड़ा पहुंचने पर ग्राम वासियों ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद रात को 12 बजे सभी लोगों ने हाथी घोड़ा पालकी



जय कन्हैया लाल की के जयकारे लगाए। इसके बाद विशेष पूजा कर प्रसाद का वितरण किया।

श्रीकृष्ण जन्म अष्टमी पर औबेदुल्लागंज में चल समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जनपद कार्यालय के सामने आमिर ममनून, दुर्गेश यादव, अनिल अरोरा, पार्षद सना ममनून, राधा कुशवाहा खिल्लीखेड़ा ने झांकियों





की आरती कर प्रसाद वितरण किया। हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, विक्रम धाड़ी, सोनू अग्रवाल, संतोष गुप्ता, सुधीर कमल, बंटी जोशी, विनोद इरपाचे, कमल नरेश मालवीय, पेंशनर समिति अध्यक्ष नवल मालवीय, उत्तम यादव, संजय खटीक, कमलेश लोधी सहित अन्य सदस्यों मौजूद थे। समिति अध्यक्ष संजय





यादव, उपाध्यक्ष विवेक यादव ने सम्मान किया। चल समारोह में सब ब्राह्मण संघ ने श्री कृष्ण भगवान की आरती उतारी एवं प्रसाद वितरण किया। अध्यक्ष राकेश तिवारी, भाजपा के उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, गल्ला व्यापारी संघ के सुदामा तिवारी, राकेश दुबे, पूर्व नपा अध्यक्ष हरप्रीत कौर, बिट्टू एवं त्रिलोचन सिंह बिट्टू ने शोभा यात्रा का स्वागत कर पुष्प वर्षा की। भाजपा मंडल ने कृष्ण भगवान की झांकी की आरती की।

वहीं औबेदुल्लागंज मुख्य चौराहे पर स्व. विजय कोठारी की स्मृति में फलाहारी खिचड़ी का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक सुरेंद्र पटवा, कन्हैया नंदवंशी, प्रकाश पटेल, डॉ. भूपेंद्र नागर, गजेंद्र नागर, कांता पटेल भी मौजूद रहे। विधायक पटवा ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा की और चल समारोह में करीब एक घंटे से ज्यादा साथ चले। मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मनोज चौरसिया, पार्षद हेमलता माया राय, भारती सेठी, जीतू नंदवंशी, नीरज चावला आदि ने प्रसाद वितरण कराया। वहीं समिति अध्यक्ष संजय यादव, उपाध्यक्ष विवेक यादव, उपाध्यक्ष राहुल यादव, प्रियांश यादव, उत्सव यादव, ओम नंदवंशी का विधायक पटवा ने सम्मान किया। व्यापार महासंघ ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर्व पर प्रसाद का वितरण किया एवं समिति के सदस्यों



का स्वागत किया। व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, अशोक मित्तल, प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित, कैलाश डब्बू नागर, बल्लु अरोरा, राजू भाई पटेल, विवेक मित्तल, अमित राय, दिनेश सेन, रतन मेघानी, दिलीप मित्तल, श्याम मालवीय, अशोक जायसवाल आदि ने प्रसाद वितरण कराया।

## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता वचन लोधी ने किया भव्य स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश सांस्कृतिक विभाग केन्द्रीत विशाल भजन संध्या का कार्यक्रम शिव मंदिर अर्जुन नगर में आयोजित हुआ। भाजपा कार्यकर्ता वचन लोधी मित्र मंडल ने कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में भजन संध्या में पधारे गायक कलाकारों का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, आरती यादव, धर्मेंद्र चौरसिया, बाला चौधरी, विनोद नामदेव, इंग्लिश यादव, मोहन योगी, अरूण भवसार आदि लोग मौजूद रहे।

### उम्र का बंधन हटने से 90 हजार बच्चों को राहत

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 9वीं में प्रवेश के लिए उम्र का बंधन हटने के बाद प्रदेश के करीब 90 हजार विद्यार्थियों को राहत मिली है। विभाग के इस निर्णय से इन विद्यार्थियों को आसानी से नवमीं कक्षा में प्रवेश मिल सकेगा। पूर्व में विद्यार्थी की उम्र 13 साल से कम होने पर 9वीं में प्रवेश रोक दिया जाता था। 13 की उम्र पूरी करने के बाद प्रवेश मिल पाता था। स्कूल शिक्षा विभाग के उप सचिव ओएल मंडलोई ने उम्र का बंधन हटाने के आदेश जारी कर दिए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने पहली कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम आयु सीमा पांच वर्ष कर दी है।

### पूर्व मंत्री पटेल युवा कांग्रेस महासचिव मदान के घर पहुंचे, जानी कुशलक्षेम

**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल और रायसेन जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अदील सिद्दीकी ने युवा कांग्रेस महासचिव विशाल मदान के अस्वस्थ्य होने की जानकारी मिलने पर उनके निवास पर पहुंचकर कुशलक्षेम जानी। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। उनके साथ दीपेश मीणा, परेश नागर, राजू मेहरा आदि मोजूद रहे।

### 'आप' की जिला कार्यकारिणी की बैठक कई मुद्दों पर की चर्चा



**औबेदुल्लागंज।** आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने रविवार को संगठन विस्तार के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की। पार्टी के उद्देश्य जनहित के मुद्दे को उठाते हुए, लोगों के दिलों में जगह बनाना और पार्टी के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने पर भी चर्चा की। आम आदमी पार्टी की जिला कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेश संयुक्त सचिव एसपी सिंह, रायसेन जिला अध्यक्ष ओमदेव पटेल, रायसेन जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राजपूत, रायसेन जिला उपाध्यक्ष सुबेग सिंह शीतल, लीगल विंग के अध्यक्ष दीपक दुबे, सुरेंद्र रैकवार, गब्बर नागर आदि उपस्थित रहे।

## निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित रुसल्ली मोड़ करोंद में हुआ हादसा

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर पिछले टायर में दबने से बुजुर्ग की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित रुसल्ली मोड़ करोंद पर में शनिवार देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह वड़क पर गिर गए और ट्रक का पिछला पहिया उन पर से चढ़ गया। हादसे के समय वह कुछ दूरी तक ट्रक के पहिए में फंसकर घिसटते चले गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद लोग इकट्ठा हो गए और ट्रक में पथराव कर आग लगाने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस और कुछ लोगों की समझाइश के बाद वहां मौजूद लोगों का गुस्सा शांत हो सका। पुलिस के अनुसार रुसल्ली करोंद निवासी हरिनारायण यादव (50) प्राइवेट प्रॉपर्टी का काम करते हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि इस्लाम नगर टॉवर के पास ईंटखेड़ी में रहने वाले उनके चचेरे भाई रामस्वरूप यादव (60) मिस्त्री का काम करते थे।

शनिवार 16 अगस्त को वह अपने छोटे भाई राजेश यादव के घर रुसल्ली इमली के पास करोंद में जन्माष्टमी मनाने गए थे। रात करीब साढ़े 11 बजे वह रुसल्ली से बाइक लेकर घर जाने के लिए निकले। इस बीच रुसल्ली मोड़ पर सड़क पार करते समय जेल रोड करोंद की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए रामस्वरूप की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह बाइक समेत नीचे गिर गए। सड़क पर गिरे रामस्वरूप ट्रक के पिछले पहिए में फंस गए और पहिए में फंसकर कुछ दूरी तक घिसटते चले गए। हादसा इतना भीषण था कि घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। आरोपी चालक ट्रक छोडकर वहां से भाग निकला।

**छोटे भाई के घर से जन्माष्टमी पर्व मनाकर अपने घर लौट रहे थे**

परिजन और भीड़ ने पथराव कर ट्रक में आग लगाने का किया प्रयास



### बड़ी संख्या में लोगों ने किया हंगामा

हादसे की जानकारी लगते ही मृतक के परिजन व रिश्तेदार और आसपास के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए और हंगामा कर दिया। उत्तेजित लोग आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस बीच कुछ लोगों ने ट्रक पर पथराव कर तोडफोड़ कर दी और आग लगाने का प्रयास भी किया। लेकिन इससे पहले कि लोग ट्रक को आग के हवाले करते पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर मामला शांत किया। ट्रक में पत्थर भरे हुए थे।

### कमला नगर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर में शुक्रवार रात एक युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि मोहन अहिरवार (39) राजीव नगर झुग्गी, कमला नगर में रहता था और मजदूरी करता था। उसकी शादी के एक साल बाद ही उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। वह मां के साथ यहां अकेला रहता था। मां घरों में काम करने जाती है। मोहन ने शनिवार रात झुग्गी के अंदर वाले कमरे में नायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मोहन का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मां ने बताया कि बेटा मोहन शराब पीने का आदी था। एक दो दिन काम करने पर जो पैसा मिलता था उसकी शराब पी जाता था। जब शराब और गुटखा खाने पैसे नहीं होते तो उनसे मारपीट भी करता था।

### रेडियो शाखा के हेड कांस्टेबल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित रेडियो कॉलोनी भद्भदा में रहने वाले प्रधान आरक्षक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वे रात में परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह उनकी नींद नहीं खुली तो परिजन उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार भानू सिंह पिता धर्म सिंह (48) रेडियो कॉलोनी भद्भदा में रहते थे और पुलिस की रेडियो शाखा में प्रधान आरक्षक थे। परिजन ने बताया कि शुक्रवार रात वह खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोए थे। सुबह साढ़े 10 बज गए, लेकिन उनकी नींद नहीं खुली। परिजन ने उन्हें नींद से जगाने का प्रयास किया, लेकिन शरीर में हलचल नहीं हुई। परिजन उन्हें बेसुध अस्पताल में अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## घर से गुस्से में भागा नाबालिग

# स्टेशन पर घूमते बालक को आरपीएफ ने पकड़ा, पूछताछ कर परिजनों को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल रेलवे स्टेशन पर 15 अगस्त को यात्रियों की भीड़ के बीच रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों को एक नाबालिग बालक संदिग्ध हालत में घूमता हुआ नजर आया। जवानों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए उसे अपने संरक्षण में लिया और पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम, पिता का नाम बताया। उसने कहा कि वह घर से नाराज होकर भाग आया था। इस दौरान बालक ने अपने परिजनों का मोबाइल नंबर भी बताया। नंबर पर संपर्क साधकर आरपीएफ ने उसके पिता को सूचना दी। पिता ने बताया कि उनका बेटा 14 अगस्त की शाम करीब 4 बजे से लापता था और इस संबंध में थाना कोलार, भोपाल में अपहरण का मामला धारा 137(2) बीएनएस के तहत दर्ज कराया गया था।

### आरपीएफ कमांडेंट ने यात्रियों से की अपील

परिवार को बेटे के मिलने की जानकारी मिलते ही पिता थाना कोलार पुलिस के उपनिरीक्षक के साथ आरपीएफ पोस्ट पहुंचे। इसके बाद बालक को परिजनों को सौंप दिया गया। भोपाल रेल मंडल आरपीएफ कमांडेंट डॉ. अभिषेक ने नागरिकों और यात्रियों से अपील की है कि स्टेशन या ट्रेनों में किसी भी व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखें तो तत्काल इसकी सूचना आरपीएफ या रेलवे अधिकारियों को दें।

### 28 से शुरू होगी हाई और हायर सेकंडरी की त्रैमासिक परीक्षा

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं 28 अगस्त से शुरू हो रही है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किये है। परीक्षाएं हाई-हायर सेकंडरी स्कूल की 28 अगस्त से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 9 सितंबर तक संपन्न हो जाएगी।

## ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में इन्वेस्टर सेरेमनी

# अगर हौसला और मेहनत साथ हो तो हम शिखर जीत सकते हैं : पर्वतारोही ज्योति रात्रे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में प्रेरणा का शिखर माउंट एवरेस्ट फतह करना आसान नहीं। कड़ाके की ठंड, कम ऑक्सीजन और खतरनाक रास्तों से लड़कर ही शिखर छुआ जा सकता है। ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के लिए उत्साह का क्षण रहा जब उन्होंने 55 वर्ष की आयु में एवरेस्ट चढ़ने वाली देश की सबसे उम्रदराज़ महिला पर्वतारोही ज्योति रात्रे से मुलाकात की। वे विद्यालय में आयोजित इन्वेस्टर सेरेमनी की मुख्य अतिथि रहीं।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने पर्वतारोहण के अनुभव साझा किए और जीवन के





हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उनकी यात्रा ने यह सिखाया कि कोई भी पर्वत ऊंचा नहीं, यदि हौसला और मेहनत साथ हो। हम सबके जीवन में भी अपना-अपना एवरेस्ट है, जैसे पढ़ाई, चुनौतियां, कठिनाइयां। यदि हम आत्मविश्वास, परिश्रम और लगन से आगे बढ़ें, तो हर शिखर जीत सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर, प्रिंसिपल, एडवाइजरी बोर्ड के सदस्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# गौहरगंज सब जेल में धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जन्माष्टमी के पावन पर्व पर जेल मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सब जेल गौहरगंज में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का आयोजन हर्षोल्लास के किया गया।

भगवान श्री कृष्ण की बाल रूप मनोरम झांकी लगाई गई। सभी कर्मचारी और बंदी भाइयों ने झांकी के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आरती, भजन एवं संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पण्डित रवि चतुर्वेदी गौहरगंज द्वारा जन्माष्टमी का महत्व बताया एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया गया। सहायक जेल अधीक्षक यशवंत शिल्पकार ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी की सभी कर्मचारी और बंदियों को शुभकामनाएं दी।

# निगम अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की समय-सीमा बढ़ाना लोकतंत्र विरोधी

## राजधानी में जुटे प्रदेश भर के पार्षद, मप्र पार्षद संघ का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को राजधानी भोपाल में मध्य प्रदेश के सभी जिलों के पार्षदों द्वारा 'संवैधानिक अधिकार रक्षा सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से मप्र पार्षद संघ का गठन किया गया। संगठन के पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक खरे, प्रदेश महामंत्री संदीप जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन सूर्यवंशी और रूपेश मानेराव को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया।

सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया कि सरकार द्वारा नगर पालिका, नगर परिषद, नगर निगम अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने की समय-सीमा को तीन वर्ष से बढ़ाकर चार वर्ष 6 माह करना लोकतंत्र विरोधी है। पार्षदों का कहना है कि यदि यह निर्णय लागू किया गया तो अध्यक्ष तानाशाही



रवैया अपनाएंगे, जिसमें पार्षदों के संवैधानिक अधिकार प्रभावित होंगे और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न होने के साथ भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

सभी पार्षदों ने एकमत होकर संकल्प लिया कि इस प्रस्ताव का हर स्तर पर विरोध किया जाएगा और पार्टी फोरम में भी इस मुद्दे को मजबूती से रखा जाएगा। साथ ही आग्रह पत्र सौंपा जाएगा। यदि सरकार ने यह निर्णय लिया तो पूरे प्रदेश के पार्षद सामूहिक रूप से इस्तीफा देंगे।

## प्रभात साहित्य परिषद की भारत भारती विषय पर काव्य गोष्ठी

# ये मेरा भारत मेरा वतन है, हर बाशिंदा करता नमन है...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रभात साहित्य परिषद ने भारत,भारती विषय पर काव्य गोष्ठी का आयोजन हिन्दी भवन के नरेश मेहता कक्ष में महेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ गीतकार राजेन्द्र शर्मा अक्षर के मुख्य आतिथ्य में तथा डॉ. प्रतिभा द्विवेदी के विशेष आतिथ्य एवं कमल सिंह कमल के संचालन में किया गया।

इस अवसर पर पिछली काव्य गोष्ठी की सर्वश्रेष्ठ चुनी गई रचना के लिए अदिति पारवानी को सरस्वती प्रभा सम्मान से अलंकृत किया गया। गोष्ठी के आरंभ में डॉ. नीता खरे ने उन्मुक्त गगन भारती मेरा, स्वाधीन देश भारती मेरा जय भारती वहीं



हरिओम सोनी ने ये मेरा भारत मेरा वतन है, हर बाशिंदा करता नमन है, संजय सोनटक्के ने मुझमें तुममें हम में सब में साझा एक विरासत है, धर्म अलग है भेष अलग है पर दिल में बसता भारत है, रचना का पाठ किया। अशोक धर्मेनिया, महेंद्र बाथम, रमेश नन्द, मदन तन्हाई, कमल सिंह कमल, अशोक निर्मल, उमेश तिवारी आरोही, सुरेश नारायण शर्मा, मोती सागर, उमेश गर्ग, कृष्ण देव चतुर्वेदी, वीके श्रीवास्तव, प्रदीप कश्यप, हीरालाल पारस, विद्या श्रीवास्तव, डॉ. अनीता तिवारी, नंदनी पटेल आदि ने भी रचना पाठ किया।

## विश्व संवाद केंद में अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की राष्ट्र वंदना गोष्ठी

**भोपाल।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् भोपाल इकाई ने रविवार को दोपहर 2:30 बजे विश्व संवाद केंद्र, शिवाजीनगर में राष्ट्र वंदना गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह गोष्ठी देशभक्ति की रचनाओं के प्रस्तुतिकरण के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और समर्पण की भावना को समर्पित रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिषद् की अध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत



मेहदी ने कहा कि राष्ट्रप्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि जीवन और कृतियों में प्रकट होना चाहिए। उन्होंने साहित्य और कविताओं के माध्यम से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि, वरिष्ठ ओज कवि मदनमोहन समर ने कहा कि कविता और साहित्य समाज को नैतिक दिशा देने का सर्वोत्तम साधन हैं। उन्होंने युवा कवियों से आग्रह किया कि वे अपने रचनात्मक प्रयासों में राष्ट्र और संस्कृति की गरिमा बनाए रखें।

### परिषद् के संरक्षक रमेश ने कहा- समाज और राष्ट्र के प्रति चेतना

विशिष्ट अतिथि एवं परिषद् के संरक्षक रमेश व्यास शास्त्री ने कहा कि साहित्य का मूल उद्देश्य केवल सौंदर्यबोध नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति चेतना और जिम्मेदारी भी है। अपनी रचना में उन्होंने कहा जीवन नाम है मृत्यु से उलझ जाने का। परिषद् की महामंत्री सुनीता यादव ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए उपस्थित साहित्यकारों का अभिनंदन किया और हिंदी साहित्य के मूर्धन्य कवि गिरिजाकुमार माथुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। संचालन गीतकार ललित व्यास पांडेय ने किया। सरस्वती वंदना श्रद्धा यादव ने प्रस्तुत की तथा परिषद गीत मांडवी सिंह ने गाया।

### आर्मीमैन की कार का कांच तोड़कर स्पीकर चुराने वाला गिरफ्तार

**भोपाल।** कोहेफिजा पुलिस ने मनुआभावन टेकरी पर आर्मीमैन की कार का कांच तोड़कर 15 हजार का स्पीकर चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से चोरी के अन्य दो वाहन भी जब्त किए गए है। आरोपी की पहचान योगेश दांगी पिता लक्ष्मी नारायण दांगी (26) सिंगारचोली एयरपोर्ट रोड कोहेफिजा के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को सौरभ चौधरी निवासी थ्री ईएमई सेंटर बैरागढ़ ने शिकायत कर बताया था वह आर्मी में नौकरी करते हैं। गत 28 जुलाई को पत्नी के साथ मनुआभावन टेकरी कार से घूमने गए थे। वहां से घूमकर आए तो कार का कांच टूटा हुआ था। अंदर रखी 7 हजार रुपए की नगदी और जेबीएल कंपनी का स्पीकर नहीं है।

# जर्मनी की पांच अग्रणी कंपनियां आज से मप्र के 3 शहरों में पांच दिवसीय दौरे पर

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेशी निवेश आकर्षित करने के प्रयासों के परिणाम आना शुरू हो गए हैं। विदेशी निवेश संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री के यूरोप दौरे के फलस्वरूप अब जर्मन की कंपनियों ने मध्यप्रदेश का रूख किया है। मध्यप्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत 18 से 22 अगस्त तक पांच अग्रणी जर्मन टेक कंपनियों का दौरा शुरू हो रहा है। इससे मप्र और जर्मनी के बीच व्यापार एवं नवाचार को मजबूती मिलेगी। मप्र के उद्यमों और जर्मन कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ेंगी। साथ ही तकनीकी आदान-प्रदान और निवेश अवसरों में वृद्धि होगी।

मध्य प्रदेश ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना, एआई, डेटा एनालिटिक्स और आईटी उद्योग में श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, नवाचारी प्रयासों का आदान-प्रदान करना है। प्रतिनिधि मंडल 18 से 20 तक इंदौर, उज्जैन और 21 से 22 अगस्त तक भोपाल में रहेगा।

## प्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पहल केवल तकनीकी सहयोग का आरंभ नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की नींव है। ग्लोबल नॉलेज एक्सचेंज और कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से विकसित होने वाली ट्रांस्फॉर्मेटिव साझेदारियां प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में सहायक होंगी। जर्मन कंपनियों का यह दौरा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं का सेतु बनेगा। इससे प्रदेश में अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा को नई ऊर्जा मिलेगी।

## इंदौर, उज्जैन, भोपाल में होंगी कार्यशालाएं और बैठकें

जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल में टाइलर्स के स्टीवन रैनविक, टैलोनिक के निकोलस, स्टेएक्स के एलेक्सजेन्ड्रा के मिकीटयूक, क्यू-नेक्ट-एजी के मटियास प्रोग्चा और क्लाउड-स्क्विड के फिलिप रेजमूश शामिल हैं। ये कंपनियां वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा इंटीग्रेशन, वर्कफ्लो ऑटोमेशन, आईओटी और कनेक्टिविटी सॉल्युशंस, एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर तथा डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग एआई तकनीक के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं। प्रतिनिधिमंडल इंदौर प्रवास के दौरान तकनीकी कार्यशालाओं और रणनीतिक चर्चाओं में शामिल रहेगा। आईआईटी इंदौर में इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण करेगा और स्थानीय स्टार्ट-अप्स से संवाद स्थापित करेगा। इसके बाद भोपाल प्रवास के दौरान उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें होंगी।

### निवेश और नई साझेदारियों के खुलेंगे द्वार

▶▶ प्रतिनिधि मंडल के बी2बी व्यावसायिक बैठकें और कई तकनीकी साझेदारी के समझौते होंगे। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय निवेश और नई साझेदारियों के द्वार खुलेंगे। इस पहल से प्रदेश के उच्च कौशल वाले हजारों युवाओं के लिए रोजगार सृजित होंगे। इससे प्रदेश के युवा वैश्विक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। साथ ही राज्य में नए 'अनुसंधान और विकास' केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इस दौरे से वैश्विक नॉलेज और कटिंग एज टेक्नोलॉजी से ट्रांस्फोर्मेटिव साझेदारी विकसित होगी, जो प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इस पहल से नवाचार हब के रूप में मध्यप्रदेश की स्थिति और सुदृढ़ होगी और आने वाले वर्षों में राज्य को भारत का टेक्नोलॉजी पॉवर हाउस बनाने की दिशा में निर्णायक गति मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### प्रमोद शर्मा बने कावेरी सोसाइटी के अध्यक्ष

**भोपाल।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर कोलार स्थित कावेरी हाउसिंग रहवासी वेलफेयर सोसाइटी के चुनाव रविवार को संपन्न हुए। निर्वाचन अधिकारी एमएल खरे की उपस्थिति में सोसाइटी के सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रमोद शर्मा को अध्यक्ष चुना गया। अजय श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष और रामकुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष पीएस यादव, राम गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव सहित सदस्यों ने शर्मा को अध्यक्ष बनाने जाने पर बधाई देकर फूल मालाओं से स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद शर्मा ने सदस्यों के साथ बैठक कर सोसाइटी की समस्याओं के निराकरण को लेकर चर्चा की।

### नियुक्ति पत्र के साथ राष्ट्रीय ध्वज देकर किया सम्मानित



**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ के प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुंढीर ने माता मंदिर स्थित प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रणव खरे ने जिला भोपाल शाखा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को प्रांताध्यक्ष शीलप्रताप सिंह पुंढीर द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित कर उन्हें राष्ट्रीय ध्वज भेंट कर सम्मानित किया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने रतलाम के कुंडाल गांव में 246 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

दुग्ध उत्पादन के जरिए बढ़ेगी पशुपालकों की आय

# मध्य प्रदेश बनेगा मिल्क कैपिटल गाय का दूध भी खरीदेगी सरकार



1 किसान खेती के साथ पशुपालन कर बढ़ाए अपनी आमदनी, दुग्ध उत्पादन को राज्य सरकार दे रही है बढ़ावा

2 मोरकुंडवा सिंचाई योजना भी की मंजूर रतलाम से खाचरोद तक परीक्षण कर बनाई जाएगी फोर लेन रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आज प्रदेश का हर कोना विकास कार्यों से सज-संवर रहा है। प्रदेश के किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर हम वर्ष 2028 तक मप्र को मिल्क कैपिटल बनाएंगे। सिर्फ भैंस का नहीं, हमारी सरकार अब गाय का दूध भी खरीदेगी। गाय के दूध की खरीदी की कीमत भी ज्यादा देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कुंडाल गांव में आयोजित विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर करीब 246 करोड़ रुपए की लागत वाले विभिन्न 57 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें 158.64 करोड़ के 37 कार्यों का लोकार्पण और 87.27 करोड़ लागत के कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है।

### 10 लाख रुपए प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के जरिए हमने तय किया कि 25 गाय और 42 लाख रुपए तक की गौशाला यूनिट स्थापित करने पर दूध और अन्य उत्पाद तो पशुपालक के होंगे। सरकार पशुपालक को 10 लाख रुपए प्रोत्साहन अनुदान के रूप में देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी गौशालाओं के निर्माण पर सरकार निवेश लागत की 25 प्रतिशत तक की निवेश राशि अनुदान के रुप में माफ करेगी। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर क्षेत्र के धार्मिक स्थल कोटेश्वर एवं विरुपाक्ष महादेव में विकास कराने की बात कही।



### सीएम डॉ. यादव ने कहा, हमारी सरकार बहुत सारी सौगातें लेकर आई है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के लिए हमारी सरकार बहुत सारी सौगातें लेकर आई है। पार्वती-काली सिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना से हम रतलाम जिले के एक-एक गांव और खेत तक पानी पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को सोलर पॉवर पंप देंगे। इससे किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए खुद बिजली पैदा करेंगे। सोलर पंप के जरिए हम किसानों को बिजली बिल से हमेशा के लिए मुक्ति दिला देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गरीब से गरीब व्यक्ति को बड़े शहर में इलाज के लिए ले जाने के लिए हमारी सरकार एयर एम्बुलेंस और हेलीकॉप्टर सेवा मुफ्त में उपलब्ध करा रही है।

### 5 साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर होगी भर्ती

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार अगले 5 साल में 2.5 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेगी। अगले तीन साल में पुलिस विभाग के सभी रिक्त पद भर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सबको पक्का मकान बनाकर देंगे। कोई भी पक्के मकान से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम को रतलाम-झाबुआ लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान एवं रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामोर ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री का जनजातीय परंपरा की पहचान पगड़ी, बंडी, चांदी का कड़ा पहनाकर और तीर-कमान देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, पूर्व सांसद गुमान सिंह डामोर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम बहुत जल्द 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा योजना' के जरिए प्रदेश में फिर से सार्वजनिक बस परिवहन सेवा शुरू कर रहे हैं। इसकी शुरुआत भी मालवा अंचल से होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जावरा से उज्जैन तक बेहतरीन ग्रीन कॉरीडोर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'एक तरफ तमाम-एक तरफ रतलाम' यही इस जिलेवासियों की पुरानी पहचान है। यहां के सोने आभूषण, नमकीन और तेल वाली कचौड़ी ने रतलाम को पूरे विश्व में एक अलग पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द रतलाम के समीप धार जिले में बदनावर के निकट पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन होने वाला है। इस पार्क से करीब एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

## कहीं इस्तीफों का दौर, कहीं विरोध प्रदर्शन

# कांग्रेस में जिला अध्यक्षों की सूची को लेकर घमासान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस की रविवार को जैसे ही 71 जिलों के कांग्रेस अध्यक्षों की लिस्ट जारी हुई, पार्टी नेताओं में घमासान मच गया। कई जिलों में लिस्ट जारी होने के बाद अपने नेताओं को मौका नहीं मिले पाने के कारण गुस्साए कार्यकर्ताओं ने खुलकर बगावत कर दी। यहां तक की जीतू पटवारी का पुतला तक फूंका गया। सबसे ज्यादा विरोध तो राघोगढ़ में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह को गुना का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर हो रहा है।

उनके समर्थकों ने इसे जयवर्धन का अपमान करार दिया है। समर्थकों ने प्रदेश अध्यक्ष पटवारी का पुतला तो फूंका ही, वहीं सोशल मीडिया पर भी अपना गुस्सा जाहिर किया। भोपाल से लेकर उज्जैन, इंदौर और बुरहानपुर समेत कई शहरों में कई वर्तमान और पूर्व कांग्रेस नेताओं की नाराजगी चर्चा में है। भोपाल में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना को रिपीट करने को लेकर पूर्व जिला अध्यक्ष मोनू सक्सेना ने विरोध जताया है। उन्होंने भी जिला अध्यक्ष को लेकर दावेदारी पेश की थी, लेकिन लिस्ट उनका नाम नदारद रहा। इस कारण उन्होंने सोशल मीडिया पर खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की।

### इधर जयवर्धन ने कहा पार्टी ने सोच-समझकर ही जिम्मेदारी दी होगी

दिग्विजय सिंह के बेटे पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह के समर्थकों ने एमपी कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी का पुतला फूंका है। वहीं आलाकमान से मांग की है कि उनके मामले में फिर से विचार किया जाए। इधर जयवर्धन ने सफाई देते हुए कहा कि पार्टी ने कुछ सोच समझकर जिम्मेदारी दी होगी। राहुल गांधी ने कहा था कि जिले का सबसे मजबूत नेता जिला अध्यक्ष बने उसी के अनुरूप मुझे जिम्मेदारी दी गई है।

### देवास में कांग्रेस नेता ने दिया इस्तीफा

इधर देवास ग्रामीण के जिला अध्यक्ष पद के दावेदार रहे कांग्रेस नेता गौतम बंटू गुर्जर ने पार्टी के संगठनात्मक फैसले से नाराज होकर कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इतना ही नहीं उन्होंने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वे पार्टी को मजबूत करने नहीं बल्कि विसर्जन करने आए है। हालांकि गौतम बंटू गुर्जर को पटवारी का करीबी माना जाता है, लेकिन जब सूची से उनका नाम गायब मिला तो खुलकर आला नेताओं के विरोध में आ गए।

### अब डैमेट कंट्रोल का दौर भी शुरू

हालांकि लिस्ट को लेकर मचे घमासान को लेकर कांग्रेस में डेमेज कंट्रोल की शुरुआत भी हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर कहा है कि जिला अध्यक्ष नहीं बनने वाले नेताओं को संगठन में एडजस्ट किया जाएगा। इधर, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि पूरी प्रक्रिया राहुल गांधी के संगठन सृजन अभियान के तहत की गई है। गुजरात में संगठन सृजन का पहला प्रयोग हुआ था अब मध्यप्रदेश में भी इसी मॉडल को लागू किया जा रहा है। कांग्रेस के आला नेता बगावत करने वालों को साधने में जुट गए है।

## सियासतनामा



### दौड़ से बाहर हो गए प्रदेश अध्यक्ष पद के ये दावेदार

राजनीति में कब क्या हो जाए, कोई नहीं जानता। ऐसा ही कुछ हुआ कांग्रेस द्वारा घोषित जिलाध्यक्षों की सूची में। इसमें उन वरिष्ठ नेताओं को भी जिलाध्यक्ष की जवाबदारी सौंप दी गई जो पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनने के प्रबल दावेदार हैं। इनमें एक हैं दिग्विजय सिंह के बेटे पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह और दूसरे युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे पूर्व मंत्री ओमकार सिंह मरकाम। दिग्विजय की कोशिश जयवर्धन को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाने की है, लेकिन गुना के जिलाध्यक्ष पद की जवाबदारी दे दी गई। ओमकार सिंह कांग्रेस का आदिवासी चेहरा हैं। उनका नाम दोनों पदों मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के लिए चल चुका है। वे युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं लेकिन उन्हें भी डिंडोरी जिले का अध्यक्ष बना दिया गया। हालांकि, पीसीसी चीफ का पद जल्दी खाली होने की संभावना नहीं है क्योंकि जीतू पटवारी राहुल गांधी कैंप के हैं।

### ये 'सृजन' की बजाए कांग्रेस के 'विसर्जन' पर आमादा

राहुल गांधी की सोच के मुताबिक कांग्रेस ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से 'सृजन' अभियान चलाया था। कहा जा रहा है कि इस अभियान के तहत ही कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षकों ने जिलाध्यक्ष पद के लिए 71 हीरे खोज कर निकाले हैं। पर नामों की घोषणा होते ही बवाल मच गया। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खास देवास जिले के गौतम बंटू गुर्जर ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देते हुए पार्टी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी पर आरोप लगाया कि वे पंजाब में कांग्रेस का विसर्जन करके आए हैं, अब मप्र में भी यही करने वाले हैं। बंटू देवास जिलाध्यक्ष पद के दावेदार थे। पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े आगर मालवा में सक्रिय हैं। यहां से ही विधायक रहे हैं लेकिन इन्हें इंदौर ग्रामीण का जिलाध्यक्ष बना दिया गया। इन्होंने दावेदारी भी प्रस्तुत नहीं की थी। विधायकों को जिलाध्यक्ष बनाने का खास विरोध है। सतना में सिद्धार्थ कुशवाहा और उज्जैन में महेश परमार के खिलाफ बगावत जैसे हालात हैं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि ये विधानसभा का टिकट लेकर विधायक बनेंगे और संगठन में भी इनका ही कब्जा रहेगा तो अन्य नेता क्या करेंगे?

### जिला अध्यक्ष पद को 'पावरफुल' बनाने की कोशिश

राहुल गांधी कई अवसरों पर कह चुके हैं कि वे कांग्रेस में जिलाध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष के पद को सबसे पॉवरफुल बनाना चाहते हैं। संगठन में उनकी सहमति और मर्जी के बिना कोई निर्णय नहीं होगा। इसके लिए उन्होंने संगठन सृजन अभियान शुरू किया और इसकी शुरुआत गुजरात से की। इसके बाद इसे प्रदेश में लागू किया गया। घोषित सूची को देख कर लगता है कि वरिष्ठ नेताओं को जिलाध्यक्ष पद की जवाबदारी देकर इसे पावरफुल बनाने की कोशिश की गई। एक दर्जन से ज्यादा विधायक और पूर्व विधायकों के नाम सूची में हैं, जबकि अब तक विधायक अपनी मर्जी का जिलाध्यक्ष बनाने की कोशिश करते थे।

### सम्मान लेने की बजाए आइना दिखा गए ये मीसाबंदी

दमोह में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में तब असहज स्थिति बन गई जब एक मीसाबंदी संतोश भारती ने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के हाथों सम्मान लेने से इंकार कर दिया और समारोह छोड़कर चले गए। भारती ने कहा कि मैंने 40 साल पहले हाउसिंग बोर्ड से जमीन खरीदी थी। रजिस्ट्री कराने गया तो अफसर ने 5 हजार की रिश्वत मांगी। रिश्वत नहीं दी तो रजिस्ट्री नहीं हुई। मैंने हाईकोर्ट से केस जीता। इसके बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो रही। पहले कांग्रेस का शासन था तो लोग कहते थे कि भाजपा शासन में रजिस्ट्री हो जाएगी। अब 25 साल से भाजपा की सरकार है, लेकिन आज भी न्याय नहीं मिल रहा है। भारती ने दावा किया कि मैं देश का इकलौता ऐसा व्यक्ति हूं जो तीन बार मीसाबंदी में जेल गया। हमारे आंचल में रोजगार, शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य की व्यवस्थाएं होनी चाहिए, वर्ना यह सम्मान पाखंड है।

### बदजुबानी-हरकतों से बाज नहीं आ रहे ये माननीय

भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों में कुछ विधायकों की न जुबान पर लगाम हैं और न ही आचरण सुधर रहा है। इनमें एक हैं रीवा जिले के सेमरिया सीट से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा। उन्होंने रीवा के एसपी को अर्द्धनारीश्वर कह दिया। इसके अलावा भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। भाजपा के रतलाम से विधायक मथुरालाल डामर का आचरण देखिए। उन्होंने अपनी विधायक निधि से महाविद्यालय को 10 लाख का फर्नीचर दिलाया तो इसमें अपने फोटो और नाम लिखवा दिए। भाजपा के एक माननीय ने आजादी को ही कटी-फटी कह दिया।

-दिनेश निगम 'त्यागी'

कहा, सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित कराएं

# राज्यपाल पटेल ने संकल्प संस्थान के चयनित सिविल सेवकों का किया सम्मान

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिविल सेवा में चयनित लोकसेवक केन्द्र और राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को सफल बनाएं। गरीब, वंचित और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहें और उनकी मदद आगे बढ़कर करें।

विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं। पटेल रविवार को नर्मदा क्लब के सभागार में संकल्प संस्थान से चयनित सिविल सेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने संकल्प संस्थान के गुरूजन, मार्गदर्शक और सफल प्रतिभागियों को मंच से सम्मानित किया।



### शिक्षा की उपयोगिता अशिक्षितों को शिक्षित बनाने में

*राज्यपाल पटेल ने कहा कि शिक्षा की उपयोगिता अशिक्षितों को भी शिक्षित बनाने में है। शिक्षा ही वह माध्यम है, जो परिवार और समाज में बदलाव लाती है। राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को बंधन मुक्त शिक्षा का अवसर देकर, नए भारत के निर्माण का संकल्प दिया है। विश्वगुरू भारत और नए विश्व के निर्माण के लिए जरूरी है कि युवा हमेशा नए सपने देंखे और बड़े सपने देंखे।*

### अनुभव और नेतृत्व से लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा : अग्रवाल

**भोपाल।** एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सीपी राधाकृष्णन को नामित करने पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कहा कि एनडीए ने अपने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सीपी राधाकृष्णन को नामित किया है। वर्तमान में वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। राष्ट्रसेवा, संगठनात्मक कौशल और जनकल्याण के प्रति उनके समर्पण को यह दायित्व एक नई ऊंचाई देगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने किया रायसेन स्थित खेत का औचक निरीक्षण

# एचपीएम कंपनी के नकली कीटनाशक से जल गई पूरी फसल, अब कंपनी के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को रायसेन जिले के छीरखेड़ा गांव में सोयाबीन के खेतों का औचक निरीक्षण किया। उन्हें शिकायत मिली थी कि एचपीएम कंपनी के खरपतवारनाशक दवा डालने से किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है।

केंद्रीय मंत्री अचानक खेतों में पहुंचे और सैकड़ों किसानों और कृषि विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय मंत्री ने पाया कि खेतों में सोयाबीन की जगह खरपतवार खड़े हैं और पूरी फसल जल चुकी है।

नकली खाद-बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ पूरे देश में चलेगा व्यापक अभियान



### आरोपः कंपनी की दवा डालने से हुआ नुकसान

किसानों ने आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री चौहान को बताया कि यह नुकसान एचपीएम कंपनी की दवा डालने से हुआ है। उन्होंने कहा कि यह समस्या सिर्फ एक खेत तक सीमित नहीं है, बल्कि कई किसानों ने ऐसी शिकायतें की हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि इस मामले में की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय वैज्ञानिकों का दल प्रभावित खेतों का निरीक्षण करेगा और जांच कर दोषी कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### खेतों की जांच के लिए जांच समिति गठित

केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से तत्काल जांच समिति गठित कर दी गई है। इस समिति में आईसीएआर के खरपतवार अनुसंधान निदेशालय (डीडब्ल्यूआर), जबलपुर के निदेशक डॉ. जेएस मिश्रा को चेयरमैन बनाया गया है। साथ ही अटारी जोन 9 के निदेशक डॉ. एसआरके सिंह, रायसेन- विदिशा जिले के कृषि उप संचालक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख को सदस्य बनाया गया है। यह समिति कल 18 अगस्त को मौके पर जाएगी।

### किसानों को राहत जरूर मिलेगी: चौहान

*केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि किसान की फसल चली गई तो उसकी जिंदगी ही चली गई। किसानों को राहत जरूर मिलेगी और इसकी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। चौहान ने ये भी साफ किया कि केवीके रायसेन के वैज्ञानिक की ओर से दिया गया प्रतिवेदन सही नहीं है, इसलिए इस मामले की जांच यह नई टीम करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों को पूरा न्याय मिलेगा और नकली कीटनाशक, खाद-बीज बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ पूरे देश में व्यापक अभियान चलाया जाएगा जो नकली और खतरनाक दवाइयां बेचकर किसानों के साथ धोखा करती हैं।*

## पेज एक का शेष...

### सीपी राधाकृष्णन होंगे....

लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। जेपी नड्डा ने कहा कि भाजपा के संसदीय बोर्ड की बैठक उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम फाइनल करने के लिए ही बुलाई गई थी। नड्डा ने कहा कि उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में विपक्ष से भी बातचीत की जाएगी, ताकि सर्वसम्मति से उम्मीदवार का चयन हो सके। नड्डा ने कहा कि जैसा कि हमने पहले भी कहा था, हम उनसे लगातार संपर्क में रहे हैं। हमारे वरिष्ठ नेता पहले भी उनसे मिले थे और आगे भी संपर्क में रहेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है और सभी सहयोगी दलों ने इस फैसले को समर्थन दिया है।

**चंद्रबाबू नायडू ने किया समर्थन:** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में सीपी राधाकृष्णन के नाम की घोषणा पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन एक वरिष्ठ और प्रतिष्ठित नेता हैं, जिन्होंने देश सेवा में लंबे समय तक उल्लेखनीय योगदान दिया है। टीडीपी इस नामांकन को गर्मजोशी से स्वागत करती है और पूर्ण समर्थन देने का वचन देती है।

### कौन हैं सीपी ...

और मार्च से अगस्त 2024 तक पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त कार्यभार भी संभाला। 31 जुलाई 2024 से वे महाराष्ट्र के राज्यपाल पद पर आसीन हैं।

### ऐलान से पहले ....

मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की और राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

### ढोल-नगाड़ों व भारत...

की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, इसरो के वैज्ञानिक, छात्रों का समूह और बड़ी संख्या में लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। शुभांशु के साथ उनकी पत्नी कामना शुक्ला और बेटा भी मौजूद रहे। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने भारत माता के जयकारे लगाए और तालियां बजाई। लोग हाथों में तिरंगा लेकर शुभांशु का ग्रैंड वेलकम किया। शुभांशु आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मिलेंगे और अपने होमटाउन लखनऊ जाएंगे। 22-23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में वह हिस्सा लेंगे।

### शुभांशु की भारत...

के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की महत्वपूर्ण भूमिका' विषय पर विशेष चर्चा का प्रस्ताव रखा।

### न तो चुनाव ....

रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि देश में जितने भी राजनीतिक दल हैं, सभी का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण से होता है। ऐसे में चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के साथ भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए सभी राजनीतिक दल समान हैं। चाहे कोई भी किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग के लिए समान है। चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

**तीन लाख लोगों के एपिक नंबर एक जैसे थे, उनको ठीक किया:** दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि मार्च 2025 के आसपास जब ये सवाल आया तो हमने इस पर चर्चा की और हमने देशभर में इसका समाधान किया। लगभग तीन लाख ऐसे लोग मिले, जिनके एपिक नंबर एक जैसे थे, इसलिए उनके नंबर बदल दिए गए। दूसरे तरह का डुप्लिकेशन तब आता है, जब एक ही व्यक्ति का नाम एक से ज्यादा जगहों पर वोटर लिस्ट में होता है और उसका एपिक नंबर अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले अगर आपको पुरानी जगह से अपना नाम हटवाना होता था, तो चुनाव आयोग की कोई वेबसाइट नहीं थी, जिसमें सारा डेटा एक ही जगह पर होता था। चूंकि 2003 से पहले तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, तो बहुत से ऐसे लोग जो अलग-अलग जगहों पर चले गए, उनके नाम कई जगहों पर जोड़ दिए गए। फिर सवाल उठा कि आज वेबसाइट है, अगर आप कंप्यूटर पर हैं, तो आप उसे चुनकर हटा सकते हैं। चुनाव आयोग मतदाताओं के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। इसलिए अगर यह जल्दबाजी में किया गया तो किसी भी मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया जा सकता है। आपकी जगह किसी और का नाम हटा दिया जाएगा। चुनाव आयुक्त ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व कानून के तहत अगर आप किसी विधानसभा या लोकसभा क्षेत्र के निर्वाचक हैं तो समय रहते शिकायत करने का मौका है। फॉर्म 6,7,8 भर सकते हैं। अगर आप उस क्षेत्र के निर्वाचक नहीं हैं और अपनी शिकायत को आगे बढ़ाना चाहते हैं तो एकमात्र रूल संख्या 20 (3) (बी) है। आप एक विटनेस के तौर पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

### मतदाता सूची को ...

सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी।

### भाजपा की साजिश .....

करेगी। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा हर चुनाव कैसे जीत जाती है? उन्होंने कहा कि एसआइआर के माध्यम से जो वोट चोरी की जा रही है, उसे हम पूरे बिहार की जनता को दिखाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों के वोट की चोरी नहीं होने देंगे। पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव चुराए जा रहे हैं। भाजपा की ताजा साजिश बिहार में सर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है।

### भाजपा ने कहा- यह ...

हैं। इसके अलावा बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यात्रा को पंक्चर टायर कहा।

### सिर पर संविधान...

कैसे दगा देते थे, मैं वो सच्चाई आपको बताने जा रहा हूं। दिल्ली में मेरे सफाईकर्मी भाई-बहन काम करते हैं, उनके लिए यहां एक खतरनाक कानून था। दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन एक्ट में एक बात लिखी थी कि यदि को सफाई मित्र बिना बताए काम पर नहीं आता, तो उसे एक महीने के लिए जेल में डाला जा सकता था। आज जो सामाजिक न्याय की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, उन्होंने ऐसे कई नियम कानून देश में बना रखे थे। ये मोदी है, जो ऐसे गलत कानूनों को खोज-खोजकर खत्म कर रहा है और ये अभियान लगातार जारी है।

### देशवासियों को डबल...

मिलने वाला है। हमारा प्रयास जीएसटी को और आसान बनाने और टैक्स दरों को रिवाइज करने का है। इसका फायदा हर परिवार को होगा, गरीब और मीडिल क्लास को होगा, छोटे बड़े हर उधमी को होगा, हर व्यापारी-कारोबारी को होगा।

### बिहार में छिपाया 14...

से 1 लाख 83, 000 रुपया नगद, एक कट्टा ,चार कारतूस दो मोटरसाइकिल, चार मोबाइल व कुछ अन्य सामग्रियां जब्त की गई हैं। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमें लगाई गई हैं। पुलिस ने बताया कि इनमें से एक आरोपी रहीस सिंह ने सारा गोल्ड बिहार के रहने वाले साथियों के पास छिपा दिया था। डेढ़ लाख अपने पास रखे थे। इनका प्लान था कि सोना लेकर कुछ लोग बिहार में छिपे रहेंगे। मौका पाकर बिहार जाएंगे और वहां बंटवारा कर लेंगे। एएसपी सूर्यकांत शर्मा ने लुटेरों की गिरफ्तारी का खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि सीसीटीवी से पता चला है कि सभी आरोपी इंद्राना कस्बे में एक किराए का मकान लेकर एक सप्ताह से रह रहे थे।

### 7 किमी लंबा...

शामिल रहेंगे। मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल द्वारा भगवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मार्ग पर मोबाइल डिटेक्शन टीम भी तैनात रहेगी और सेल्फी लेने पर रोक रहेगी। रामघाट पर पूजन-अर्चन और आरती के बाद सवारी रामानुजकोट, बंबई वाले की धर्मशाला, गणगौर दरवाजा, सत्यनारायण मंदिर, कमरी मार्ग, टंकी चौराहा, तेलीवाड़ा, कंठाल, सतीमाता मंदिर, छत्री चौक और गोपाल मंदिर होते हुए रात 10 बजे मंदिर में समाप्त होगी।

### कमरे में मिला...

लिखा है कि वे कुछ बनने जा रही हैं और बनने के बाद ही वापस लौटेंगी। छात्रावास की सहायिका ने इस पूरे मामले पर अपनी सफाई पेश की है। उन्होंने बताया कि बीती रात जन्माष्टमी का कार्यक्रम था, जिसमें सभी छात्राएं मौजूद थीं। कार्यक्रम के बाद सबने खाना खाया और लगभग रात 11 बजे तक सभी अपने-अपने कमरों में चली गईं। सुबह रोज की तरह 8 बजे नाश्ते का अलार्म बजा, तो अधिकांश छात्राएं मेज पर पहुंच गईं, लेकिन 5 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। पाली थाना प्रभारी राजेशचंद्र मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ छात्रावास पहुंचकर जांच शुरू की।

### किश्तवाड़ के बाद....

अधिकारियों के साथ बचाव और राहत अभियान की निगरानी के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए। अधिकारियों ने बताया कि बादल फटने से प्रभावित जोध घाटी में जहां पांच लोगों की जान चली गई, वहां गांव तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया और कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं जंगलोट इलाके में बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो लोगों की जान चली गई। उन्होंने बताया कि जोध घाटी से पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पुलिस, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा संयुक्त बचाव अभियान जारी है। कठुआ थाना इलाके के बागड़ और चांगडा गांवों और लखनपुर थाना क्षेत्र के दिलवान-हुतली में भी भूस्खलन हुआ। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण अधिकांश जलाशयों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है और उझ नदी खतरे के निशान के पास बह रही है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया और प्रशासन को लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत, बचाव और निकासी के उपाय करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कठुआ के कई हिस्सों, जिनमें जोध खड्ड और जुथाना भी शामिल हैं, में भूस्खलन से हुई दुखद जनहानि और क्षति पर दुख व्यक्त किया है। गौर हो कि पहाड़ इस वक्त बादल फटने व भू-स्खलन की घटनाओं से जूझ रहे हैं। पिछले दिनों किश्तवाड़ में बादल फटने से 58 लोगों की मौत हो गई थी।

### लव जिहाद घटना के...

के पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि आरोपी पर सख्त कार्रवाई होने तक नगर बंद का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। जानकारी के अनुसार आरोपी मोहसिन खान उर्फ बाबा ने खुद को राहुल बताकर नगर की युवती से दोस्ती की। उसने पीड़िता से शारीरिक संबंध बनाए और बाद में धर्म परिवर्तन करने का दवाब बनाने लगा। पीड़िता की शिकायत पर सीहोर कोतवाली पुलिस ने पिछले दिनों आरोपी मोहसिन पिता सईद बाबा निवासी इछावर के खिलाफ दुष्कर्म और धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### सीहोर में धर्मांतरण ....

शामिल थे और वहां बाइबिल भी बरामद हुई। पूछताछ में यह सामने आया कि वे ईसाई धर्म और प्रभु यीशु मसीह के मार्ग का समर्थन करते हैं। पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए कोतवाली थाने ले जाकर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हरिराम नाई का...

फिल्म आरंभ में मुंबई के मिनर्वा सिनेमा में प्रदर्शित हुई थी। एक संयोग है कि दो हफ्ते तक यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास सफलता हासिल नहीं कर पाई थी। बाद में इसने परदे पर धूम मचा दी थी। यह फिल्म 30 अक्टूबर 1975 को इंदौर के स्मृति और मधुमिलन सिनेमा में एक साथ प्रदर्शित की गई थी। एक रुपए साठ पैसे का बालकनी का टिकट 10 रुपए तक ब्लैक में बिकते थे। शोले फिल्म की एडवांस बुकिंग एक घंटा पूर्व ही होती थी और फिल्म की सफलता को देखते हुए फ्री पास 10 सप्ताह तक बंद कर दिए गए थे।

### पलासिया में लिखी ...


का भी उल्लेख फिल्म डायलॉग में किया। हरिराम आमेरिया के बड़े बेटे प्रेम आमेरिया बताते हैं कि सलीम खान ने पिता से पूछा था कि फिल्म में काम करोगे, लेकिन पिताजी ने मना कर दिया तो उन्होंने फिल्म के एक किरदार का नाम ही हरिराम रख दिया। आज भी यह सैलून पलासिया में है और फिल्म में हरिराम नाम का पात्र भी काफी चर्चित है।

# निधि: 300 लड़कियों को हराकर किया डेब्यू

रश्मिका मंदाना, श्रीलीला, उर्वशी रौतेला समेत कई ऐसी यंग एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने अपनी डबल उम्र के सुपरस्टार संग बड़े पर्दे पर काम किया है। यहां हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने 22 साल बड़े एक्टर संग रोमांस किया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड डेब्यू के लिए इस एक्ट्रेस ने 300 लड़कियों को हराकार रोल हासिल किया। श्रीलीला 'पुष्पा 2' से लाइमलाइट में आई। रश्मिका मंदाना ने सलमान खान संग सिकंदर में काम किया।उर्वशी रौतेला ने नंदमुरी बालाकृष्ण और सनी देओल संग काम किया। इन सभी जोड़ियों में काफी एज गैप था। इंडस्ट्री में एक और ऐसी एक्ट्रेस जिसने 22 साल बड़े सुपरस्टार संग रोमांस किया। अब तक एक भी ब्लॉकबस्टर नहीं दे पाई है, लेकिन बॉलीवुड से लेकर साउथ तक इसका जलवा है। इसकी कई पैन इंडिया फिल्म रिलीज हुईं हैं। प्रभास के अपॉजिट भी दिखाई देंगी। इस एक्ट्रेस का नाम निधि अग्रवाल है। निधि का सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक इंस्पिरेशन से भरा है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'मुन्ना माइकल' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था. निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था। निधि अग्रवाल की बचपन से ही डांस में रुचि थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।



# कभी कुश्ती करते थे सुरेश वाडेकर प्रतियोगिता जीतकर बने गायक

**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत जगत में कुछ आवाजें ऐसी होती हैं जो सीधे दिल को छू जाती हैं। सुरेश वाडेकर की आवाज उन्हीं में से एक है। एक ऐसा नाम, जो शास्त्रीय गायकी की गहराई से लेकर फिल्मी संगीत के हर रंग में निखरकर सामने आया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सुरेश वाडेकर पहले पहलवान बनना चाहते थे? कुश्ती के दांव-पेंच से लेकर माइक के सामने सुर साधने का उनका सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है।

**प्रारंभिक जीवन :** सुरेश ईश्वर वाडेकर का जन्म 7 अगस्त 1955 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता ईश्वर वाडेकर मुंबई के लावर पड़ेरेल के गिरगांव इलाके में स्थित कपड़ा मिल में वर्कर थे, वहीं उनकी माता जी मजदूरों के लिए खाना बनाती थीं। परिवार जल्द ही गिरगांव में बस गया, जहां सुरेश का बचपन बीता।



### कुश्ती की प्रतियोगिताओं में लेते थे हिस्सा

बचपन से ही उनका रुझान शारीरिक खेलों की तरफ था। खासकर कुश्ती में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। स्कूल और कॉलेज में वो अक्सर प्रतियोगिताओं में भाग लेते और अव्वल आते। उनका सपना था कि वो एक दिन पहलवान बनें, लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा था। सुरेश को खेलों के रुचि के साथ-साथ छोटी उम्र से ही भजन और संगीत सुनने का भी शौक था। पिता भी भजन गाया करते थे, जिससे घर में संगीत के संस्कार पनपने लगे। कम उम्र में ही उनके पिता ने उनकी गायकी में प्रतिभा देख ली और प्रारंभिक संगीत शिक्षा शुरू कर दी।

### पहलवान से कैसे बन गए गायक?

8 वर्ष की उम्र में सुरेश वाडेकर की संगीत प्रतिभा परंपरागत गुरु अचायरी जियालाल वसंत ने पहचानी और उन्हें ट्रेन करना शुरू किया। उन्होंने गुरुकुल पद्धति में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी एवं गुरु के संरक्षण में स्कूली पढ़ाई भी की। बाद में प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से उन्होंने साल 1968 में प्रभाकर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इसके बाद वो मुंबई के आर्य विद्या मंदिर में संगीत शिक्षक के रूप में जुड़े और पेशेवर रूप में शिक्षा देना शुरू किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया और वहीं से उनके जीवन की दिशा बदल गई। जिस प्रतियोगिता में उन्होंने भाग लिया था, वो प्रतिष्ठित 'संगीत नाटक अकादमी' द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद उन्हें संगीत को कॅरियर बनाने की प्रेरणा मिली।

## बेहद खूबसूरत हीरोइन, सिर्फ 5 फिल्मों में किया था काम, शादी के बाद छोड़ा कॅरियर

**मुंबई।** बॉलीवुड की दुनिया फिल्मी के साथ-साथ चकाचौंध से भरी हुई है। यहां कई कलाकारों ने कॅरियर के पीक पर आकर रिस्क लिया। कुछ के लिए ये फायदेमंद साबित हुआ और कुछ की नैया डूब गई। आज हम आपको एक ऐसी ही अदाकारा के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने एक्ट्रेस तब्बू के साथ डेब्यू किया था। फिर ए-लिस्टर एक्टर के साथ शादी की और पीक पर करियर छोड़ दिया। मगर रिश्ता ज्यादा दिन चला नहीं और इनका तलाक हो गया। पति को भी जेल हो गई। और मौत भी ठीक वैसे हुई, जैसे इनकी सास ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। आइए जानते हैं कि ये कौन हैं।



### ऋचा शर्मा की डेब्यू मूवी

ऋचा शर्मा का जन्म 1964 में दिल्ली में हुआ था। लेकिन, बाद में वह फैमिली के साथ न्यूयॉर्क चली गई थीं। वह देव आनंद की बहुत बड़ी फैन थीं। अमेरिका में उनसे मिलीं तो हीरोइन बनने की इच्छा जता दी। हालांकि, वह 13-14 साल की थीं। जिस कारण देव आनंद फिल्मों में लेने से उन्हें कतरा रहे थे। मगर बाद में उन्होंने 1985 में आई मूवी में कास्ट कर लिया।

आवश्यकता है
खरीदना है
बेचना है
व्यापार
चिकित्सा
ज्योतिष
डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल



फायनेन्स
फाइनेंस- आधारकार्ड पे लोन लेबर कार्ड, मार्कशीट, पैन कार्ड, पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, कृषि आदि लोन 50000/- से 500000/- तक 2% ब्याज 50% छूट संपर्कः- 9310481187.
R-18,20,22-08-2025

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष:** परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला:** किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर:** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 5961



**बाएँ से दाए**
1. असह्य,नागवार-5
4. कली-3
6. पराया,पंख-2
7. समुद्र-3
8. पिता की बहन-2
10. चौकसी,सुरक्षा-3
11. कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14. छल,धोखा-3
16. पक्षी,उड़ने वाला-4
17. उम्मीद-2
18. दौरा,पहरेदारी-2
19. धारण करना-4
21. आफत,मुसीबत-3
22. विदिर्ण-2,2
24. प्रकाशित-3
25. बल,जान-2
27. रसदार-3
28. जगत,दुनिया-2
29. नग,मूल्यवान पत्थर-3
30. तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**
1. जबरन उठा ले जाना-5
2. महोदय (अंग्रेजी-2)
3. नीलिमा-4
4. कुंती पुत्र,राधेय-3
5. वश,अधीन-2
7. संपूर्ण,पूर्ण-2
9. शिकार-3
12. असली,शुद्ध-3
13. हठ करना,रोना -4
15. हारा हुआ,पराजित-3
16. मशवरा,सलाह-4
17. विश्राम-3
18. अभिमान-3
20. भयभीत होना-2,3
21. संभवतः-3
22. टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23. तरना,स्वीमिंग-3
24. इसे मकड़ी बुनती है-2
26. जी,चित-2
28. संपत्ति-2

### शब्द पहेली - 5960 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | ह | म | क | ■ | जा | य | दा | द | ■ |
| ल | ■ | क | म | र | ■ | न | म | न | ■ | अ |
| व | स | ■ | ता | त | ■ | का | ज | ■ | हा | र |
| कु | ली | न | ■ | ल | ह | र | ■ | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | ■ | म | ■ | आ | स | मा | न |
| ■ | ■ | ■ | सा | फ | स | फा | ई | ■ | ■ | ■ |
| अ | च | र | ज | ■ | फ | ■ | ना | ला | य | क |
| व | म | न | ■ | ह | र | म | ■ | ल | की | र |
| ता | न | ■ | स | जा | ■ | हा | र | ■ | न | त |
| र | ■ | क | र | म | ■ | व | ज | न | ■ | ब |
| ■ | ग | फ | ल | त | ■ | त | क | दी | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5971

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 2 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5970 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

पतंजलि की कार्डियोग्रिट गोल्ड

# हृदय रोग का आयुर्वेदिक इलाज अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में छपा शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि ने दावा किया है कि आयुर्वेद और आधुनिक विज्ञान के मेल से बड़े से बड़े रोग का इलाज संभव है। पतंजलि ने बताया है कि कंपनी के वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया कि कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कीमोथेरेपी की दवा डॉक्सोरूबिसिन से होने वाले हृदय रोग (कार्डियोटॉक्सिसिटी) को कार्डियोग्रिट गोल्ड नाम की आयुर्वेदिक दवा से ठीक किया जा सकता है। यह शोध दुनिया के सामने आयुर्वेद की ताकत को और मजबूती से पेश करता है।

## आयुर्वेद की वैज्ञानिकता साबित करता है यह शोधः आचार्य



पतंजलि आयुर्वेद के सीईओ आचार्य बालकृष्ण ने कहाकि यह शोध न सिर्फ आयुर्वेद की वैज्ञानिकता को साबित करता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि अगर प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को वैज्ञानिक तरीके से परखा जाए तो आधुनिक चिकित्सा की जटिल समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। कार्डियोग्रिट गोल्ड में योगेंद्र रस, अर्जुन, मोती पिष्टी, अकीक पिष्टी जैसी जड़ी-बूटियां और भस्म शामिल हैं, जो प्राचीन आयुर्वेदिक ग्रंथों में हृदय रोगों के लिए प्रभावी बताई गई हैं।

**परंपरा और विज्ञान का अनमोल तोहफा**

उन्होंने आगे कहाकि यह शोध पतंजलि के वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है और यह आयुर्वेद को फिर से स्थापित करने का एक बड़ा कदम है। जब पूरी दुनिया आयुर्वेद को अपनाने के लिए उत्सुक है, यह शोध लोगों को आयुर्वेद पर भरोसा करने का एक मजबूत कारण देता है।

## जर्नल ऑफ टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित हुआ शोध

*पतंजलि ने दावा किया है, परिणामों से पता चला कि कार्डियोग्रिट गोल्ड ने इन जीवों की खाना खाने की क्षमता बढ़ाई, हृदय जैसी मांसपेशियों की स्थिति में सुधार किया और हानिकारक तत्वों के स्तर को कम किया। साथ ही इन जीवों की लंबाई और प्रजनन क्षमता में भी बढ़ोतरी हुई। इस दवा ने डॉक्सोरूबिसिन के स्तर को भी कम किया, जो साबित करता है कि यह हृदय रोगों को कम करने में कारगर है। यह शोध दुनिया के प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल जर्नल ऑफ टॉक्सिकोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।*

आयुक्त से मिला क्रेडाई, समाधान का मिला आश्वासन

# अवैध कालोनियों पर सख्ती और निवेश अनुकूलता के लिए नगर निगम तैयारः क्रेडाई



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

क्रेडाई भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण से मुलाकात कर उन्हें राजधानी को स्वच्छता सर्वेक्षण में अद्वितीय स्थान प्राप्त होने पर बधाई दी और लंबित मुद्दों के संबंध में ज्ञापन सौंपा। क्रेडाई के प्रतिनिधिमंडल ने लंबे समय से लंबित विभिन्न नगरीय विसंगतियों और विकास से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए विस्तृत चर्चा की।

बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि नगर निगम और शासन स्तर पर सभी लंबित बिंदुओं का ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रोत्साहन देने की दिशा में शीघ्र निराकरण किया जाएगा। क्रेडाई ने भवन अनुमति, शुल्क और अधोसंरचना अनुमोदन से जुड़ी प्रक्रियाओं में त्वरित निपटान की मांग की, अप्रासंगिक शुल्कों को हटाकर, दरों का यथोचित पुनर्निर्धारण करने और उद्योग-अनुकूल नीति लाने की आवश्यकता पर बल देने की मांग की। नल-जल, सीवेज और सड़क कार्यों के समन्वय को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने पर जोर दिया। इसके अलावा पुराने लंबित प्रकरणों में पारदर्शी और एकमुश्त समाधान की नीति लागू करने को कहा। साथ ही डिजिटल प्रणाली से अनुमतियों की प्रक्रिया में पारदर्शिता और समयबद्धता बढ़ाने को कहा।

## एफकॉम ने हासिल की 11,889 लाख रुपए की आय

**चेन्नई।** एफकॉम होल्डिंग्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 11,889.0 लाख, सालाना वृद्धि 198.1 फीसदी, एबिटडा 3,664.7 लाख, सालाना वृद्धि 2,401.8 फीसदी, शुद्ध लाभ 2,707.0 लाख, सालाना वृद्धि 4,255.5 फीसदी रहीं। एफकॉम होल्डिंग्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, कैप्टन दीपक परसुरामन ने कहाकि हमारे निवेशक समुदाय को अधिक बार अपडेट की मांग और हमारी पारदर्शिता की प्रतिबद्धता के अनुरूप निर्णय है।


**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी सामान्य वनमण्डल औबेदुल्लागंज**

फोन नंबर 07480-224062 ईमेल आईडी - dfotogunj@mp.gov.in

वनमण्डल औबेदुल्लागंज के अन्तर्गत पद्म श्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर, टाइगर रिजर्व रातापानी में जंगल सफारी के लिये निजी व्यवसायिक वाहनों के पंजीयन हेतु विज्ञप्ति का प्रकाशन

| क्र. | विवरण | अनुमानित वाहनों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वनमण्डल औबेदुल्लागंज के अन्तर्गत पद्म श्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर, टाइगर रिजर्व रातापानी में जंगल सफारी (अवधि 01 अक्टूबर 25 से 30 जून 2026) के लिये निजी व्यवसायिक वाहनों के पंजीयन हेतु आवेदन पत्र। | 20 |

वाहन की पंजीयन की अर्हतायें :

1. वाहन का प्रकार-हल्के चार पहिया मोटर वाहन होंगे।
2. वाहन का ईंधन डीजल / पेट्रोल/इलेक्ट्रिक चलित होना चाहिये।
3. वाहन का जीवित पंजीयन परिवहन विभाग में व्यवसायिक होना चाहिये।
4. वाहन 4 Wheel Drive (4WD) होना चाहिये।
5. वाहन की सीटें सामने की ओर देखने वाली होनी चाहिये।
6. वाहन दस वर्ष से कम पुराना अर्थात वाहन का निर्माण वर्ष 2015 या उसके पश्चात का होना चाहिये।
7. "पहले आओ पहले पाओ" के सिद्धान्त पर वाहन पंजीयन को प्राथमिकता दी जावेगी।
8. जंगल सफारी हेतु उपयोग किये गये पंजीकृत वाहन हेतु किराया शुल्क का निर्धारण वनमण्डल स्तर पर गठित समिति द्वारा निर्धारित किया जावेगा, जो सभी को मान्य होगा। पर्यटको द्वारा वाहन किराया वाहन मालिक को देय होगा।
9. वाहन पंजीयन हेतु विज्ञप्ति आवेदन प्रपत्र को मूल्य राशि रु. 500/- जमा कर किसी भी कार्यालयीन दिवस में वनमण्डल कार्यालय औबेदुल्लागंज से प्राप्त किया जा सकता है।
10. विज्ञप्ति आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का रु. 2000/- का बैंक ड्रॉफ्ट जो वनमण्डलाधिकारी औबेदुल्लागंज के पक्ष में औबेदुल्लागंज पर देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त दिनांक 31 मार्च 2026 तक अन्य कोई शुल्क देय नहीं होगा, जब तक की शासन द्वारा निर्धारित विहित नियमों का उल्लंघन न किया गया हो।
12. जंगल सफारी हेतु वाहन पंजीयन की अंतिम तिथि दिनांक 20 अक्टूबर 2025 रहेगी।

टीपः- विज्ञापन से संबंधित शेष जानकारी वनमण्डल कार्यालय औबेदुल्लागंज में नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई हैं। इच्छुक व्यक्ति उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं अथवा इन मोबाईल नंबरों पर सम्पर्क किया जा सकता हैं-मो. 8839467164 श्री सुनील भारद्वाज अधीक्षक रातापानी, एवं मो. 9179792686 श्री दिनेश शर्मा लेखा शाखा प्रभारी वनमण्डल औबेदुल्लागंज।

G-17349/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल औ.गंज


## हुरुन लिस्ट 2025 में मप्र में शीर्ष स्थान पर शक्ति पंप्स का पाटीदार परिवार



**भोपाल।** हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेस लिस्ट 2025 में दिनेश पाटीदार परिवार का नाम 11,400 करोड़ की नेटवर्थ के साथ मध्य प्रदेश के सबसे अमीर और देश में 130 वें स्थान पर शामिल हुआ है। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक दिनेश पाटीदार ने अपने विजन और नेतृत्व से कंपनी को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के साथ प्रदेश और देश का नाम भी रोशन किया है। दिनेश पाटीदार का जीवन एक प्रेरणादायक यात्रा है। वर्ष 1986 में अपने पिता से शक्ति पंप्स की जिम्मेदारी संभाली, तब भारतीय बाजार में स्टेनलेस स्टील पंप की कल्पना भी मुश्किल थी, लेकिन पाटीदार ने जोखिम उठाते हुए इसे सफलतापूर्वक पेश किया। इसी साहसिक निर्णय ने कंपनी को भारत की पहली बीईई 5-स्टार रेटेड पंप निर्माता बना दिया। आज शक्ति पंप्स दुनिया की कुछ चुनिंदा कंपनियों में है जो 100 प्रतिशत स्टेनलेस स्टील पंप और पूजा दक्ष मोटर्स का निर्माण करती हैं। इसके बाद जब सोलर की बारी आई, तब भी उन्होंने अपनी रिसर्च टीम के साथ बेहतरीन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए सोलर पम्पस और मोटर्स का निर्माण किया।

## आईबीएम का नया इंडिया क्लाइंट एक्सपीरियंस सेंटर शुरू

**मुंबई।** आईबीएम ने अपने नए इंडिया क्लाइंट एक्सपीरियंस सेंटर शुरू करने की घोषणा की। इस सेंटर का उद्देश्य भारतीय कंपनियों को एआई, हाइब्रिड क्लाउड और क्वांटम कंप्यूटिंग के उपयोग में मदद करना है। इसी के तहत कंपनी ने महाराष्ट्र सरकार के साथ एक लेटर ऑफ इंटेंट पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके जरिए राज्य की क्वांटम पहल में सहयोग के अवसर तलाशे जाएंगे। इस एलओआई में ऐसे क्षेत्रों पर विचार किया गया है, क्वांटम पहल बनाने में मदद के लिए सलाह, विशेषज्ञता देना और वर्कशॉप व अन्य स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों के जरिए राज्य का क्वांटम इकोसिस्टम मजबूत करना शामिल है।

उम्मीदः मौजूदा 5 टैक्स स्लैब में से 12 फीसदी स्लैब को हटाकर दो हिस्सों में बांटा जाएगा

# जीएसटी काउंसिल की अगली मीटिंग सितंबर माह में होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



जीएटी काउंसिल की दो दिवसीय बैठक सितंबर में होने की संभावना है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बैठक में मौजूदा 5 टैक्स स्लैब (0 परसेंट, 5 परसेंट, 12 परसेंट, 18 परसेंट, 28 परसेंट) में से 12 परसेंट स्लैब को हटाकर स्लैब को स्टैंडर्ड और मेरिट दो हिस्सों में बांट दिया जाएगा, इससे जीएसटी को लेकर जटिलताएं कम हो जाएंगी। मौजूदा समय में जीएसटी की संरचना को चार मुख्य प्रकारों में बांटा गया है। 5 परसेंट स्लैब- चाय, चीनी, कॉफी और एडिबल ऑयल जैसी जरूरी चीजें। 12 परसेंट स्लैब- मक्खन, घी, प्रोसेस्ड फूड, बादाम, मोबाइल, फलों का रस, सब्जियों, फलों, मेवे वगैरह शामिल हैं। 18 परसेंट स्लैब- हेयर ऑयल, टूथपेस्ट, आइसक्रीम और पास्ता जैसी रोजमर्रा की चीजें। 28 परसेंट स्लैब- कार, महंगे कपड़े-जूते, एयर कंडीशनर जैसी लग्जरी वस्तुएं, और टोबैको उत्पाद इस स्लैब में शामिल हैं।

## जीएसटी में सुधार से उपभोक्ताओं व एमएसएमई को होंगे फायदे

*केंद्र ने जीएसटी दरों के 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के मौजूदा स्लैब को खत्म करने और केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत जीएसटी दरें रखने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत 12 प्रतिशत स्लैब में से 99 प्रतिशत को 5 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही 28 प्रतिशत स्लैब में से 90 प्रतिशत वस्तुओं को 18 प्रतिशत स्लैब में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। इसके अलावा हानिकारक व लक्जरी वस्तुओं पर 40 फीसदी स्लैब बनाए जाने की संभावना है। सुधार से उपभोक्ताओं की जेब में अधिक पैसा आएगा लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ भोपाल के अध्यक्ष बलदेव खेमानी ने कहा कि यह प्रतिबद्ध था कि जीएसटी से आम जनता पर कर नहीं बढ़ेगा।*

## आम जनता को टैक्स के बोझ से राहत

विश्व बैंक की 2018 की एक रिपोर्ट में भारत में वस्तु एवं सेवा करप्रणाली को दुनिया की सबसे जटिल और दूसरा सबसे महंगा टैक्स सिस्टम करार दिया गया है। दुनिया के 49 देशों में सिंगल स्लैब और 28 देशों में दो स्लैब हैं। केवल पांच ही ऐसे देश हैं, जहां चार या उससे अधिक टैक्स स्लैब हैं। लगभग 21 परसेंट वस्तुएं 5 परसेंट की श्रेणी में, 19 परसेंट वस्तुएं 12 परसेंट श्रेणी में तथा 44 परसेंट वस्तुएं 18 परसेंट स्लैब में आती हैं।

## सेंट्रल बैंक ने बच्चों को किया सम्मानित



**भोपाल।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने स्वतंत्रता दिवस का समारोह आंचलिक कार्यालय परिसर, 9 अरेरा हिल्स, भोपाल में बड़ उत्साह एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया। इस अवसर पर भोपाल अंचल प्रमुख, धीरज गोयल ने ध्वजारोहण किया और सभी उपस्थित स्टाफ सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। उन्होंने सर्वप्रथम 79 वीं स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें न केवल देश के गौरवशाली इतिहास की याद दिलाता है बल्कि हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सजग एवं प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा भी देता है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि बैंकिंग सेवाओं को आम जनता तक सरलता एवं ईमानदारी से पहुंचाने का संकल्प लें।

## बिजनेस न्यूज

### अपोलो डेंटल डेनेशिया का इंद्रपुरी में उद्घाटन



**भोपाल।** राजधानी के एमआईजी -1 इंद्रपुरी में अपोलो डेंटल डेनेशिया का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों रामबाबू शर्मा, जीत राजपूत, पौत्रि त्रिपाठी एवं विजयलक्ष्मी त्रिपाठी उपस्थित हुए। इसके अलावा उद्घाटन अवसर पर गिरीश शर्मा एवं ममता विश्वकर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर डॉ.प्रशांत त्रिपाठी और डॉ.पूजा त्रिपाठी ने बताया कि अपोलो डेंटल डेनेशिया की स्थापना भोपालवासियों को विश्वस्तरीय दंत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। यह केंद्र अत्याधुनिक तकनीक, आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम से सुसज्जित है, जो नियमित एवं उन्नत दोनों प्रकार की दंत चिकित्सा सेवाएं एक ही छत के नीचे प्रदान करेगा।

### एलएनसीटी समूह में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



**भोपाल।** राजधानी के रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी समूह में ध्वजारोहण पूनम श्री चौकसे, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एलएनसीटी समूह ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि अपने कार्य क्षेत्र में पूरी ईमानदारी, लगन, मेहनत से कार्य करें यह हम सभी का आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान होगा साथ ही वोकल फॉर लोकल के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया और स्वदेशी को अपनाने एवं विकसित भारत के निर्माण में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। डॉ. वीरेन्द्र बरतरिया, प्रिंसिपल एलएनसीटी एंड एस ने सभी से अपने कर्तव्य और जिम्मेदारी निर्वहन का आह्वान किया। डॉ. अशोक कुमार राय, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन ने सभी से राष्ट्रीय पर्व में जोश और उत्साहपूर्वक सम्मिलित होने की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

### पीपुल्स विवि 'इकोनॉमिक्स टाईम्स इंस्पायरिंग वुमन' अवॉर्ड से सम्मानित



**भोपाल।** पीपुल्स विश्वविद्यालय पीपुल्स विश्वविद्यालय के चांसलर सुरेश एन विजयवर्गीय ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर वाईस चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर पीपुल्स ग्रुप रोहित पंडित, डायरेक्टर पीपुल्स ग्रुप अखिल शर्मा, वाईस चांसलर डॉ.हरीश राव एवं अन्य गणमान्य अधिकारी गण उपस्थित थे। पीपुल्स ग्रुप के वाईस चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित पंडित ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा पीपुल्स ग्रुप आप सभी के सहयोग से रोज नए आयाम स्थापित कर रहा है। डॉ.हरीश राव ने उपलब्धियां बताते हुए कहा वाइस चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित पंडित की उपलब्धियों को फोर्ब्स मैगजीन द्वारा प्रकाशित किया।

### ओरिएंटल इंस्टिट्यूट में स्वतंत्रता दिवस पर हुए कई आयोजन



**भोपाल।** ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में 79वां स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण, राष्ट्रगान और एनसीसी कैडेट्स व संस्थान की टुकडियों द्वारा एक जोशीली परेड निकाली। जिसके बाद एनएसएस कैडेट्स द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया गया। समारोह में एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक विशेष अंक का विमोचन हुआ। विशिष्ट अतिथिशांक गर्ग और कर्नल केपी सिंह ने अपने शब्दों से छात्रों को प्रेरित करते हुए सभा को संबोधित किया।

### एचडीएफसी बैंक के बचत खाते में किसी भी प्रकार के बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने बचत खाते में किसी भी प्रकार के खाते के लिए औसत मासिक शेष राशि (एएमबी) की आवश्यकता में कोई बदलाव नहीं किया गया है। एचडीएफसी बैंक ग्राहकों की प्रोफाइल के अनुसार कई प्रकार के बचत खाते प्रदान करता है। प्रत्येक प्रकार में प्रदान की जाने वाली मूल्यवर्धित सेवाओं के आधार पर औसत मासिक शेष राशि की अलग-अलग आवश्यकताएं होती हैं। नियमित सेविंग्स खाते के लिए एएमबी 10,000 रुपए और सेविंग्स मैक्स खाते के लिए एएमबी 25,000 रुपए ही रहेगा।

### सीईओ प्रीतेश जोशी ने किया संघ हितैषी बेहतर सुझाव देने वालों को सम्मानित



**भोपाल।** राजधानी के हबीबगंज स्थित भोपाल सहकारी सांची दुग्ध संघ के परिसर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने ध्वजोत्तोलन दिवस 15 अगस्त पर ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर संघ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद हैं सीईओ प्रीतेश जोशी इस मौके पर भोपाल दुग्ध संघ / सांची दुग्ध संघ परिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सपने के अनुसार हर घर तिरंगा की अपील करते हुए शुद्धता, स्वच्छता, सुदृढ़ता, कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इसके साथ ही सीईओ जोशी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से नवाचार सुझाव की अपील करते हुए भोपाल दुग्ध संघ हितैषी सुझाव देने वालों को सांची कप प्रदान कर सम्मानित किया।

### मानसरोवर ग्रुप में ऑपरेशन सिंदूर की दिखी झलक




**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान मानसरोवर समूह के सभी संस्थानों में ध्वजारोहण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। मानसरोवर पब्लिक स्कूल में हुए आयोजन में विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर की झलक प्रस्तुत कर सैनिकों की ताकत को बताया। वहीं दूसरी ओर देशभक्ति नृत्य और संगीत की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देशभक्ति की भावना से भर दिया। मानसरोवर पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि डॉ. अरुण कुमार पाण्डेय सहित मानसरोवर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सोजन जॉसफ, मानसरोवर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनामिका श्रीवास्तव और डीन लॉ डॉ. ताई चैरसिया ने ध्वजारोहण कर झण्डे को सलामी दी।

### भाभा विवि में महापर्व पर हुए कई कार्यक्रम



**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय परिसर में बड़ी धूम धाम से आजादी का महापर्व कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। ध्वजारोहण विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ दिलीप कुमार डे द्वारा किया गया। कुलगुरु डॉक्टर एन के अग्रवाल ने कहा कि हम आज जिस खुले आसमान में सांस ले रहे हैं, उसके पीछे अनगिनत शहीदों का लहू, माताओं के आंसू, और करोड़ों भारतीयों की तपस्या है। सीईओ प्रसाद पिल्लई ने कहा कि हम देश भक्ति को केवल शब्दों में नहीं बल्कि अपने आचरण और कर्मों में भी उतारें। अब हमारे पास ताकत है, तकनीक है, और दुनिया में हमारी एक पहचान है। डॉ.श्याम पाठक ,कुल सचिव ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां जिसमें परीक्षा परिणाम, प्लेसमेंट और स्टूडेंट का कहां-कहां उनका चयन हुआ है और फैकल्टी की उपलब्धियां किसको कितने अवार्ड मिले हैं और उनके पेटेंट उनकी बुक्स और विश्वविद्यालय की भविष्य में होने वाली गतिविधियों के बारे में प्रकाश डाला।

### मंडी बोर्ड मुख्यालय में शान से लहराया तिरंगा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड मुख्यालय में आयुक्त सह प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने तिरंगा झंडा वंदन किया गया। स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सारे किसान भाईयो हम्माल तुलावटी भाइयों तथा व्यापारी भाइयों सहित मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सभी अधिकारी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अपर संचालक आरआर अहिरवार ,आंचलिक कार्यालय भोपाल की संयुक्त संचालक सविता झारिया,अधीक्षण यंत्री भारत भूषण सिंह चौधरी, संयुक्त संचालक संगीता ढोके, श्रीमती रश्मि कश्यप, पूजा सिंह, अतुल सिंघाने, संजीव अग्निहोत्री, संदीप चौबे, सहायक संचालक योगेश नागले तथा मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां



**भोपाल।** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हुजूर विधानसभा रामेश्वर शर्मा थे। विशेष अतिथियों में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, कुलसचिव डॉ. सितेश कुमार सिन्हा, स्थानीय पार्षद वीरेंद्र राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष तेजसिंह पटेल और स्कोप पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ. प्रकृति चतुर्वेदी शामिल रहीं। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ, जिसे विधायक रामेश्वर शर्मा, कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी और कुलसचिव डॉ. सितेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से किया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने स्वतंत्रता के महत्व और राष्ट्रसेवा की जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने छात्रों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता का उत्सव मनाना आज के दौर में और भी अधिक महत्वपूर्ण है। स्कोप पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ. प्रकृति चतुर्वेदी ने आभार प्रदर्शन किया। संस्थान के संरक्षक संतोष चौबे ने विश्वविद्यालय परिवार को स्वतंत्रता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

### सेंट पॉल को-एड स्कूल, भोपाल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह



**भोपाल।** सेंट पॉल को-एड स्कूल, में 79वें स्वतंत्रता दिवस को बड़ी देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत बैंड रिसेप्शन के साथ हुई, जिसके उपरांत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान हुआ। मुख्य अतिथि डी.के. कोरबू, पूर्व आईपीएस, का शाला प्रबंधक फादर सेबेस्टियन तथा प्राचार्य डॉ.फादर थॉमस के द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने अंग्रेजी, संस्कृत और हिंदी में देशभक्ति ओतप्रोत भाषण प्रस्तुत किए और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रतिष्ठित बिशप क्लेमेंस अवॉर्ड कक्षा 10वीं, 12वीं और कक्षा 8वीं हिंदी माध्यम के मेधावी छात्रों को प्रदान किया गया।

### टाटा नमक की आयोडीन जागरुकता मुहिम



**नई दिल्ली।** 'देश का नमक' के नाम से प्रसिद्ध टाटा नमक, देश के हर कोने से जुड़ने के लिए अपने ऑडियो अभियान 'नमक हो टाटा का... टाटा नमक' का विस्तार कर रहा है। टाटा नमक विशेष रूप से मानसिक विकास में आयोडीन की भूमिका पर संवाद को गांव-गांव तक पहुंचा कर अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम आगे बढ़ा रहा है। 'देश का नमक' अभियान डिजिटल और टेलीविजन प्लेटफॉर्म पर पेश होने के बाद, अब प्रमुख परिवहन केंद्रों में ऑडियो एक्टिवेशन के जरिए ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है।

### अमेजन की वर्ल्ड फोटोग्राफी डे सेल में बेहतर डील्स

**बेंगलुरु।** फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए अमेजन इंडिया इस वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर शानदार ऑफर लेकर आया है। त्यौहारी सीजन में बेहतरीन तस्वीरें क्लिक करने के लिए कैमरों और एक्सेसरीज पर रोमांचक ऑफर के साथ अपने उपकरणों को अपग्रेड करने का शानदार मौका दे रहा है। फोटोग्राफी के शौकीन प्रमुख ब्रांड्स के डीएसएलआर और अत्याधुनिक मिररलेस कैमरों से लेकर हाई-परफॉर्मेंस लेंस और जरूरी एक्सेसरीज तक उपकरणों की विस्तृत रेंज पर अविश्वसनीय ऑफर के साथ अपनी रचनात्मक यात्रा को और भी बेहतर बना सकते हैं।

### एलजीटी बिजनेस का आईपीओ कल खुलेगा

**मुंबई।** एलजीटी बिजनेस कनेक्शंस लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश 19 अगस्त को खोलने का प्रस्ताव रखती है, जिसका उद्देश्य 28.09 करोड़ जुटाना है। इश्यू का आकार 26,25,600 इक्विटी शेयर है, जिनका अंकित मूल्य प्रत्येक 10 रु. है और आईपीओ की कीमत प्रति शेयर 107 है। यह इश्यू मंगलवार 19 अगस्त 2025 को खुलेगा और गुरुवार, 21 अगस्त 2025 को बंद होगा।


**आंचलिक कार्यालयः भोपाल अंचल**
फोन : 0755-2555169, 2556770

**बैंक ऑफ़ इंडिया**

**आधिपत्य सूचना**
(अचल संपत्ति) नियम-8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।

ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए बैंक ऑफ इंडिया की कोलार रोड शाखा, भोपाल के निमित्त प्रभार के अध्याधीन होगा।

| ऋणी एवं संपत्ति मालिक जमानतदार का नाम | मांग नोटिस दिनांक कब्जा दिनांक नोटिस के अनुसार राशि | बंधक रखी संपत्ति के विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम |
|---|---|---|
| कोलार रोड शाखा : भोपाल | | |
| ऋणीः श्री संजय गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मी चंद गुप्ता पताः 41, गोमती कॉलोनी, करुणाधाम आश्रम के पास, नेहरू नगर, भोपाल (म.प्र.) | 05.06.2025 12.08.2025 + दिनांक 21/05/2025 को ₹ 26,35,567/- + ब्याज एवं अन्य खर्च | संपत्ति का समस्त भू भाग बंधक संपत्ति स्थित MIG फ्लैट नं. 3/8, प्रथम तल, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, 'संजय कॉम्पलेक्स' खसरा संख्या 101, 102, 110, 120, 126, 127 और 181 का भाग, माता मंदिर के पास, वार्ड संख्या 28, तहसील जिला भोपाल (म.प्र.) कुल निर्मित क्षेत्रफल 810 वर्गफुट या 75.28 वर्गमीटर, संपत्ति मालिक- श्री संजय गुप्ता पुत्र श्री लक्ष्मी चंद्र गुप्ता चर्तुसीमाएंः पूर्व – MIG फ्लैट नं. 3/5, पश्चिम – खुला, उत्तर – खुला, दक्षिण – MIG फ्लैट नं. 3/7 |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 12-08-2025 प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया



**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

Email-cmoharda@mpurban.gov.in
https://nagarpalikaharda.org
conn. 07577222238
Toll free No 18002331353

क्रमांक 5179/लो.नि./2025 हरदा दिनांक 14/08/2025

(नियम 91 (1) (क) (11)
ई नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका का नाम - नगर पालिका परिषद हरदा
एन.आई.टी संख्या संख्या 4882-4886/ ई-टेंडरिंग

निम्नलिखित निर्माण/आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मापदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित है।

| क्र. सं. / पैकेज | निर्माण कार्य / आपूर्तियों / सेवाएं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_444602_1 | वार्ड क्र. 17 पाठक कॉलोनी भेरूबाबा मंदिर से राम बिल्लौरे के मकान तक आँगनबाडी के सामने सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | हरदा | 7,47,953 | 02 माह |
| 2025_UAD_444629_1 | वार्ड क्र 17 पाठक कॉलोनी चीकू के मकान से प्रवीण राजपूत के घर तक सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य । | हरदा | 4,30,913 | 02 माह |
| 2025_UAD_444650_1 | वार्ड क्र. 17 पाठक कॉलोनी एस.पी. गौर के मकान से नालंदा स्कूल के पीछे सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य । | हरदा | 4,28,933 | 02 माह |
| 2025_UAD_444657_1 | वार्ड क्र.13 नितिन भदरेले के घर से दिपेन्द्र गौर तक सी.सी. रोड़ निर्माण। | हरदा | 4,71,599 | 02 माह |
| 2025_UAD_444661_1 | वार्ड क्र. 21 में स्थित नाले के उपर स्लैब डालकर सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य । | हरदा | 2,48,831 | 02 माह |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
2. निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोडकर टेण्डर क्र. 1. 2025 _UAD_ 444602_1, 2. 2025_ UAD_ 444629_1, 3. 2025_ UAD_ 444650_1, 4. 2025_UAD_444657_1, 5. 2025_ UAD_444667_1 दिनांक 18/8/25 से 01/9/25 समय 5:30 बजे तक
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विवेक दुबे उपयंत्री मोबाईल नं. 9425044254 पर संपर्क करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद हरदा
अंशुल आलोक गोयल, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा
भारती राजू कमेडिया, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद हरदा

## चिंतन

# परवान नहीं चढ़ रहीं रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की कोशिशें

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बड़बोलापन अमेरिका को ही भारी पड़ रहा है। टैरिफ वार की सनक के चलते जहां अमेरिका की वैश्विक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है, वहीं अमेरिकियों को महंगाई की आंच सहन करनी पड़ रही है। ब्याज के मुद्दे पर ट्रंप की अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व से ठनी हुई है, तो रूस व यूक्रेन के बीच जारी जंग को खत्म कराने के उनके वादे खोखले साबित हो रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप की रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात पर दुनिया की नजरें थीं, लेकिन इस मुलाकात से कुछ निकला नहीं। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध विराम को लेकर कोई समझौता नहीं हो सका। बैठक से पहले ट्रंप अपने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल अकाउंट पर बड़े दावे कर रहे थे कि वह यूक्रेन में युद्धविराम देखना चाहते हैं और यदि इस पर सहमति नहीं बनी तो वह खुश नहीं होंगे, लेकिन मंझे हुए नेता पुतिन के साथ उनकी दाल नहीं गली। यूक्रेन का भूगोल बदलने की रूसी मंशा किसी भी नतीजे पर पहुंचने की राह में सबसे बड़ी बाधा है। इस बैठक को लेकर यूक्रेन पहले से सशंकित था और चाहता था कि उनकी उपस्थिति के बिना रूस के साथ कोई निर्णायक बात न हो और ट्रंप कुछ भी एकतरफा वादा न करें। ऐसे में ट्रंप व पुतिन की अलास्का वार्ता के बेनतीजा रहने से यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने राहत की सांस ली होगी। इस वार्ता से पहले जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन की भागीदारी के बिना रूस के साथ कोई भी वार्ता नहीं होनी चाहिए व जमीन अदला-बदली को यूक्रेन नहीं मानेगा। यूरोपीय संघ भी यूक्रेन के साथ है और वह भी चाहता था कि वार्ता सभी संबंधित पक्ष की मौजूदगी में हो। आज सोमवार को राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बैठक करेंगे, इसमें युद्ध विराम के लिए रूपरेखा पर बात होगी। ट्रंप पुतिन की मंशा को केंद्र में रखकर अगर यूक्रेन व ईयू से बात करेंगे, तो इसमें भी कुछ नतीजा की उम्मीद नहीं है। रूस यूक्रेन के चार सीमाई क्षेत्र पर कब्जे को लेकर अडिग है, यूक्रेन किसी भी स्थिति में अपना क्षेत्र गंवाना नहीं चाहता है। यूक्रेन को ईयू का शह भी प्राप्त है। अमेरिका के पास भी रूस व यूक्रेन दोनों को मान्य कोई योजना नहीं है, यह अब तक साफ हो चुका है। ट्रंप दबाव डाल कर युद्ध विराम चाहते हैं, पर यह कोई कूटनीतिक तरीका नहीं है। ट्रंप का रूस पर दबाव बनाने के लिए टैरिफ दांव भी काम करता नहीं दिख रहा है, इसलिए यूक्रेन व ईयू के साथ ट्रंप की बैठक में किसी बिंदु पर सहमति बनने की संभावना कम प्रतीत हो रही है। हालांकि इस बैठक के बाद ट्रंप पुतिन के साथ मास्को में बैठक कर सकते हैं, लेकिन यह इस वार्ता पर निर्भर करेगा। बेशक ट्रंप चाहते हैं कि यूक्रेन व रूस के बीच जारी जंग खत्म हो जाए, पर इसके लिए वार्ता ही काफी नहीं है। अमेरिका व ईयू का जब तक रणनीतिक रवैया नहीं बदलेगा, तब तक सुलह की उम्मीद नहीं कर सकते। सबसे पहले अमेरिका और ईयू यूक्रेन को सामरिक व आर्थिक मदद देना बंद करें, यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने का भूत छोड़ दें और यूक्रेन के कंधे से रूस के विनाश का स्वप्न देखना छोड़ दें। यूक्रेन सोवियत संघ से अलग हुआ देश है, इसलिए उसकी आत्मा कभी भी यूएस व ईयू के साथ घुलमिल नहीं सकेगी। यह बात यूक्रेन को भी समझनी चाहिए और यूएस-ईयू को भी। भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है और यूक्रेन व रूस के बीच वार्ता के जरिये जंग खत्म करने की चाहत प्रकट की है। पीएम नरेन्द्र मोदी अभी पुतिन से मिले हैं और जेलेंस्की से फोन पर बात की है। इन प्रयासों से जंग खत्म होने का रास्ता निकलना चाहिए।



एनसीईआरटी
प्रमोद भार्गव

# भारत के विभाजन के दोषी कौन

**एनसीईआरटी द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था, जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया।**

भारत में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर जारी एक विशेष पाठ में भारत के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और तत्कालीन ब्रिटिश वायसराय लार्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। पाठ में यह भी उल्लेख है कि विभाजन के बाद कश्मीर नई समस्या के रूप में पेश आया। भारत में यह समस्या पहले कभी मौजूद नहीं थी। इसने देश की विदेश नीति के लिए चुनौती बनाए रखी। नतीजतन कुछ देश पाकिस्तान को सहायता देते रहते हैं और कश्मीर मुद्दे के नाम पर भारत पर दबाव बनाते रहते हैं। वस्तुतः 'भारत का विभाजन गलत विचारों के कारण हुआ। भारतीय मुसलमानों की पार्टी मुस्लिम लीग ने 1940 में लाहौर में एक सम्मेलन आयोजित किया। इसमें जिन्ना ने कहा कि हिंदू और मुसलमान दो अलग-अलग धार्मिक दर्शन, सामाजिक रीति-रिवाज से संबंधित हैं। अतएव एक साथ नहीं रह सकते।' एनसीईआरटी के विशेष पाठ में 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक वाले खंड में कहा है कि 'अंततः 15 अगस्त 1947 को भारत का बंटवारा हुआ। किंतु यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं था। इसके लिए तीन कारण जिम्मेदार थे, एक जिन्ना, जिन्होंने बंटवारे की मांग की। दूसरे कांग्रेस, जिसने बंटवारे को स्वीकार किया और तीसरे माउंटबेटन जिन्होंने इस पर अमल किया। माउंटबेटन एक बड़ी भूल के दोषी साबित हुए।'

एनसीईआरटी ने उक्त दो पार्ट छापे हैं। इनमें छठी कक्षा से आठवीं के लिए और नौवीं कक्षा से बारहवीं के लिए एक-एक पाठ हैं। ये अंग्रेजी और हिंदी में पूरक पाठ हैं, नियमित पाठ्य पुस्तकों में नहीं हैं। इसलिए इनका प्रयोग परियोजनाओं, पोस्टरों और वाद-विवादों के माध्यम से किया जाना है। ये दोनों पाठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में दिए गए संदेश के साथ शुरू होते हैं, जिसमें विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। साफ है, ये पाठ पूरे देश में वाद-विवाद का ऐसा हिस्सा बनें, जिससे लोग जान सकें कि वास्तव में विभाजन के अपराधी कौन हैं। केंद्र सरकार इस उद्देश्य की पूर्ति में सफल होती दिख रही है। दरअसल स्वतंत्रता संघर्ष के बीच महात्मा गांधी ने आत्मविश्वास से कहा था कि 'अगर कांग्रेस बंटवारे को स्वीकार करना चाहती है तो उसे मेरी लाश के ऊपर से गुजरना होगा। जब तक मैं जीता हूं, मैं कभी भी हिन्दुस्तान का बंटवारा स्वीकार नहीं करूंगा और जहां तक मेरा वश चलेगा, कांग्रेस को भी स्वीकार नहीं करने दूंगा।' अलबत्ता ऐसा एकाएक क्या हुआ कि जवाहरलाल नेहरू और सरदार वल्लभ भाई पटेल को बंटवारे के समर्थन में खड़े होना पड़ गया। लार्ड माउंटबेटन से पहली मुलाकात में ही गांधी उनके वाग्जाल की गिरफ्त में ऐसे आए कि उनकी प्राण जाए, पर वचन न जाए, की वचनबद्धता भंग हो गई। कांग्रेस मुस्लिम अलगाववाद के आगे घुटने टेकती चली गई। नतीजतन भारत और पाकिस्तान स्वतंत्रता अधिनियम पर ब्रिटिश संसद में मोहर लगा दी गई। ब्रितानी हुकूमत में औपनिवेशिक दासता झेल रहे अखंड भारत को विभाजित कर दो स्वतंत्र देश बनाकर पृथक-पृथक सत्ता का हस्तांतरण करने का निर्णय ले लिया। संपूर्ण सत्ता सौंपने का दिन 14 अगस्त 1947 निश्चित किया। यह दिन भी एक तरह से दोनों देशों के स्वतंत्रता सेनानियों को चिढ़ाने की दृष्टि से मुकर्रर किया



गया, क्योंकि इसी दिनांक को जापान मित्र देशों के समक्ष आत्मसमर्पण करने को मजबूर हुआ था। अंग्रेजों द्वारा अपनी सत्ता कायम रखने की दृष्टि से बंगाल विभाजन एक ऐसा षड्यंत्रकारी घटनाक्रम रहा जो भारत विभाजन की नींव डाल गया। इस बंटवारे के फलस्वरूप अंग्रेजों के विरुद्ध ऐसी उग्र जनभावना फूटी की बंग-भंग विरोध में एक बड़ा आंदोलन खड़ा हो गया।

दरअसल जब गोरी पलटन ने समूचे भारत को अपनी अधीनता में ले लिया, तब क्रांतिकारी संगठनों और विद्रोहियों के साथ कठोरता बरतने के लिए 30 सितंबर 1898 को भारत की धरती पर वाइसराय लॉर्ड कर्जन के पैर पड़े। कर्जन को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरणा ले रहे क्रांतिकारियों के दमन के लिए भेजा गया था। इस संग्राम पर नियंत्रण के बाद फिरंगी इस बात को लेकर चिंतित व सर्तक थे कि कहीं इसकी राख में दबी चिंगारी फिर न सुलग पड़े। क्योंकि अंग्रेज भली भांति जान गए थे कि 1857 का सिलसिला टूटा नहीं है। अंग्रेजों को यह भी शंका थी कि कांग्रेस इस असंतोष को पनपने के लिए खाद-पानी देने का काम कर रही है। कर्जन ने अंग्रेजी सत्ता के संरक्षक बने मुखबिरों से ज्ञात कर लिया कि इस असंतोष को सुलगाए रखने का काम बंगाल से हो रहा है। वाकई स्वतंत्रता की यह चेतना बंगाल के जनमानस में एक बेचैनी बनकर तैर रही थी। यह बेचैनी 1857 के संग्राम जैसे रूप में फूटे, इससे पहले कर्जन ने कुटिल क्रूरता के साथ 1905 में बंगाल के दो टुकड़े कर दिए। जबकि इस बंग-भंग का विरोध हिंदू और मुसलमानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर किया था। इस बंटवारे का मुस्लिम बहुल क्षेत्र को पूर्वी बंगाल और हिंदू बहुल इलाके को बंगाल कहा गया। अर्थात जिस भूखंड पर हिंदू-मुस्लिम संयुक्त भारतीय नागरिक के रूप में रहते चले आ रहे थे, उनका मानसिक रूप से सांप्रदायिक विभाजन कर दिया। इस विभाजन से सांप्रदायिक भावना की एक तरह से बुनियाद डाल दी गई, वहीं दूसरा इसका सकारात्मक परिणाम यह निकला कि पूरे भारत में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष तेज हो गया। लेकिन कर्जन ने इसे कुटिल चतुराई से मुस्लिम लीग की स्थापना में बदल दिया। यही नहीं, कर्जन ने अपने वाकचातुर्य से ढाका के नवाब सलीमुल्ला को बंगाल विभाजन का समर्थन और अचानक उदय हुए स्वदेशी आंदोलन का बहिष्कार करने के लिए राजी कर लिया। सलीमुल्ला कर्जन से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने सक्रिय होकर कुछ नवाबों को बरगलाकर दिसबंर 1906 में मुस्लिम लीग संगठन खड़ा कर दिया। स्वदेशी आंदोलन को विफल करने के लिए अंग्रेज अधिकारियों ने सलीमुल्ला के साथ मिलकर हिंदू-मुस्लिमों के बीच संप्रदाय के आधार पर दंगे भड़काने का काम भी शुरू कर दिया। यहीं से हिंदुओं की हत्या करने और उनकी संपत्ति लूटने व हड़पने का सिलसिला शुरू हो गया। नतीजतन मुस्लिम नेता पूरी ताकत से बंटवारे के समर्थन में आ खड़े हुए। लॉर्ड माउंटबेटन इतना चतुर निकला कि उसने विभाजन के लिए जिन्ना, नेहरू, पटेल और यहां तक की गांधी को भी मना लिया। भारत को दो स्वतंत्र राष्ट्रों में भारत और पाकिस्तान में विभाजित कर दिया गया। यही नहीं पंजाब और बंगाल को भी कपड़े की तरह दो टुकड़ों में चीर दिया गया,जिससे भारत हमेशा गृह कलह की आंच से सुलगता रहे। ब्रिटिश अधिकारियों ने जानबूझ कर 652 भारतीय रियासतों की प्रभुसत्ता उन्हें वापस सौंप दी। उन्हें भारत या पाकिस्तान मिल जाने की छूट तो थी ही, स्वतंत्र राष्ट्र बने रहने की छूट भी दे दी गई थी। अर्थात भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ विभाजन तो आधा सच है, पूरा सच तो देश के 652 टुकड़े कर देने का बन गया था। जिसे पटेल ने संभाला और रियासतों का विलय भारतीय गणतंत्र में हो पाया। यह ऐतिहासिक सत्य है, जो स्वतंत्रता आंदोलन की इतिहास पुस्तकों में पूर्व से ही दर्ज है।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
सतीश सिंह



# मजबूत होती बैंकिंग इंडस्ट्री

वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 15 अगस्त को भारत के 10 बैंकों की रेटिंग का उन्नयन किया, जिनमें भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और इंडियन बैंक शामिल हैं। इसके अलावा, बजाज फाइनेंस, टाटा कैपिटल और एलएंडटी फाइनेंस की रेटिंग का भी उन्नयन किया गया। रेटिंग उन्नयन यह दर्शाता है कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों कीवित्तीयस्थितिबेहतरहुईहैऔरवे बेहतरी के सभी पैमानों पर बेहतर कार्य कर रहे हैं। इससे बैंकों के ब्रांड इमेज में भी बेहतरी आयेगी, जिसका फायदा लंबी अवधि में बैंकों और वित्तीय संस्थानों को मिलेगा। गौरतलब है कि 14 अगस्त को वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में 18 सालों के बाद उन्नयन किया था। नई रेटिंग "बीबीबी"दर्शाता है कि देश के पास अपने कर्ज दायित्वों को आसानी से पूरा करने की क्षमता में सुधार हुआ है। अब भारत की रेटिंग मैक्सिको, इंडोनेशिया और ग्रीस के समान स्तर पर आ गई है। एजेंसी ने भारत की आर्थिक मजबूती, बेहतर राजकोषीय नीतियों और सार्वजनिक खर्च की गुणवत्ता में सुधार को इस उन्नयन का आधार बताया है।वैसे,भारत की मजबूत मौद्रिक नीतियां और नियंत्रित मुद्रास्फीति ने भी इस उन्नयन में अहम भूमिका निभाई है। कुछ दिनों पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय उत्पादों पर 27 अगस्त से 50 प्रतिशत टैरिफ आरोपित करने की घोषणा की थी साथ ही साथ भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्राय कहा था। बहरहाल, रेटिंग में उन्नयन से ट्रंप के बयान को करारा जबाव मिला है। पुनश्चः एजेंसी के अनुसार, ट्रंप के बयान से भारतीय अर्थव्यवस्था को महज अल्प अवधि के लिए नुकसान हो सकता है, वह भी आंशिक स्तर पर।लंबे समय में भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रहेगी। इतना ही नहीं,इस रेटिंग उन्नयन से देसी और अंतरराष्ट्रीय निवेशक दोनों भारत में निवेश करने के लिए प्रेरित होंगे का भी अनुमान है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था के लगातार मजबूत बने रहने से बैंकिंग इंडस्ट्री को लाभ हो रहा है।सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की समीचीन मौद्रिक नीति से महंगाई नियंत्रण में है और बैंकों के क्रेडिट ग्रोथ में इजाफा हो रहा है।साथ ही, इससे निवेश, खर्च और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आ रही है। गुलाबी अर्थव्यवस्था से भारतीय बैंकों को विदेश में अपने कारोबार को बढ़ाने में मदद मिल रही है।बैंकों के गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में कमी आ रही है और उनके कारोबार और मुनाफे में मुसलसल इजाफा हो रहा है। साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बने रहने में मदद मिल रही है।इसतरह,बैंक और अर्थव्यवस्था के बीच अन्योन्याश्रय संबंध है और दोनों के मजबूत रहने से देश के विकास को रफ़्तार मिल रही है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 1.78 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया था,जो वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 26 प्रतिशतअधिक है।इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में सभी 12 सरकारी बैंकों का कुल मुनाफा 1.41 लाख करोड़ रुपए रहा था।इसतरह, बैंकों के मुनाफे में विगत वित्त वर्ष में लगभग 37,100 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई.इस रिकॉर्ड लाभ में सबसे बड़ा योगदान देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक का रहा, जिसने अकेले 70,901 करोड़ रुपए का मुनाफा अर्जित किया, जो बीते वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत अधिक है और कुल सरकारी बैंकों के मुनाफे के 40 प्रतिशत से अधिक है।वहीं,प्रतिशत में सबसे अधिक लाभ पंजाब नेशनल बैंक ने अर्जित किया, जो 102 प्रतिशत है और यह राशि में 16,630 करोड़ रुपए है।इसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक के मुनाफे में 71 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो राशि में 1,016 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त,सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने 40 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर्ज की, जबकि बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन बैंक ने क्रमशः 36.1 प्रतिशत और 35.4 प्रतिशत की वृद्धि मुनाफे में दर्ज की।यह उपलब्धि इसलिएमहत्वपूर्ण है, क्योंकि वित्त वर्ष 2017-18 में सरकारी बैंकों को सामूहिक रूप से 85,390 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। सार्वजनिक बैंकों को मजबूत बनाने के लिए सरकार ने एनपीए की पहचान, समाधान, वसूली, बैंकों का पुनर्पूंजीकरण और वित्तीय पारिस्थितिकी में सुधार करने की रणनीति अपनाई थी, जिसके तहत वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक सरकारी बैंकों में 3.10 लाख करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया गया। सरकार ने बीते कुछ सालों में बुनियादी ढांचे और समावेशी विकास में बड़े निवेश के साथ-साथ राजकोषीय अनुशासन को संतुलित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये हैं।

*(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# गलत सोच का चश्मा जल्दी उतार देना चाहिए



संकलित
## दर्शन

जब सोच निषेधात्मक या गलत होती है, तब वह सुख को भी दुख में परिवर्तित कर देती है। गलत सोच का चश्मा जितनी जल्दी हो, उतार देना चाहिए। बुरे विचार जितना दूसरों का नुकसान करते हैं, उतना ही स्वयं का भी करते हैं। कारण अपनी ही सुरक्षा को लेकर डरा दिमाग ढंग से नहीं सोच पाता। हम स्वार्थी हो जाते हैं, केवल अपने बारे में ही सोचते हैं। कहा गया है कि आपके विचार वहां तक ले जाते हैं, जहां आप जाना चाहते हैं। पर कमजोर विचारों में दूर तक ले जाने की ताकत नहीं होती। हम जो हैं वह सब विचारों का फल है। जो हम सोचते हैं, वही बन जाते हैं। मनुष्य अपने कार्यों से दूसरों को नुकसान पहुंचाता है और अपने विचारों से स्वयं को। गलत सोच एवं अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को धनवान और प्रतिष्ठित होते देख आदमी में नकारात्मक चिंतन जागता है। अपनी ईमानदारी उसे मूर्खतापूर्ण लगती है। वह पुनर्चिंतन करता है-क्या मिला मुझे आदर्शों पर चलकर? यह नकारात्मक चिंतन उसे भी गलत सोच के दलदल में उतार देता है। समाज में भ्रष्ट और बेईमान लोगों की उत्पत्ति इसी तरह के गलत विचारों के संक्रमण से हुई। इस तरह का गलत सोच हमारी दुनिया को छोटा कर देता है। भीतर और बाहरी दोनों ही दुनिया सिमट जाती हैं। तब हमारी छोटी-सी सफलता अहंकार बढ़ाने लगती है। थोड़ा-सा दुख अवसाद का कारण बन जाता है। कुल मिलाकर सोच ही गड़बड़ हो जाता है। अपने ही बोले हुए को सुनते रहना ज्यादा सीखने नहीं देता। हमारा चिंतन गुणों की ओर केंद्रित रहना चाहिए।

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
## प्रेरणा

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहाः भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहाः नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोलाः महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोलाः कैसे? पहला यात्रीः कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्रीः मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोलाः तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्रीः मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहाँ से! ईश्वर नित नई खुशियाँ हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाख बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## सटाका




## आज की पाती

### साइबर क्राइम के बढ़ते कदम रोकने होंगे

जिस गति से साइबर क्राइम बढ़ रहा है, यह आम आदमी के लिए एक मुसीबत बन गई है और लुटेरों के लिए जैसे मनोरंजन और लॉटरी लगी है। हैरानी इस बात की है कि इस मर्ज की दवा किसी के पास नहीं। किसी को जब चाहें, अपराधी बंधक बना कर सब कुछ लूट लेते हैं और उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकते। देश में बड़ी संख्या में लोग इस क्राइम के शिकार हो रहे हैं। यह अत्यंत गंभीर समस्या है और इससे आंख नहीं फेरी जा सकती। जहां डिजिटलाइजेशन के अनेक लाभ हैं, इससे कई गुणा हानियां भी हैं। द्वंद्व यह है कि इसे अपनाएं या नहीं? इस पर सभी को गंभीरता एवं शीघ्रता से समाधान निकालना होगा। आज नहीं तो कल हर कोई इसका शिकार होगा। यह एक चुनौती भी है। सभी को सचेत रहना होगा।

*-प्रवीण वर्मा, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### राहत और बचाव कार्य जारी



कठुआ में बादल फटने की घटना के संबंध में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री से बात की। स्थानीय प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी हैं और एनडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। हम जम्मू-कश्मीर वासियों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मूल्यानुगत शिक्षा



जब हम आंतरिक शांति की बात करते हैं तो मूल्यानुगत शिक्षा को देखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की तनावभरी ज़िंदगी में मानवीय मूल्यों से जुड़ी शिक्षा का होना अत्यंत आवश्यक है।

**-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### वोट चोरी की साज़िश



ग़रीब की ताक़त है उसका वोट - यही उसका हक़, उसकी आवाज़, उसकी पहचान है। आज वही ताक़त छीनी जा रही है, एसआईआर के ज़रिए देश में वोट चोरी की साज़िश चल रही है। हम हर कीमत पर वोट चोरी रोकेंगे !

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### आमूलचूल परिवर्तन



चुनाव आयोग को सुधार हीं नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


# एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल से नहीं घटता वाहनों का माइलेज



पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण वाले ईंधन ''ई-20'' के इस्तेमाल से वाहनों का माइलेज घटने की चर्चाओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि ईंधन दक्षता में भारी गिरावट आने की आशंकाएं निराधार हैं और इस ईंधन से वाहन बेहतर प्रदर्शन भी देता है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि गन्ना या मक्का से निकाले गए 20 प्रतिशत एथेनॉल और 80 प्रतिशत पेट्रोल के मिश्रण का राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रदूषण कम करने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से है, जिसे कुछ लोग गलत सूचना फैलाकर पटरी से उतारने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहनों के बीमा की वैधता पर भी कोई असर नहीं पड़ता है और कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में इस संबंध में फैलाया गया डर बेबुनियाद है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में ई-20 ईंधन को लेकर गंभीर आशंकाएं जताई गई हैं। कुछ लोगों ने कहा है कि इसके इस्तेमाल से वाहन के माइलेज में करीब सात प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि कुछ लोगों ने इससे ई-10 वाहनों में रबर, धातु कलपुर्जों के जल्द खराब होने की आशंका जताई है। मंत्रालय ने कहा, यह कहना कि ई 20 ईंधन से वाहन की दक्षता में 'भारी' कमी आती है, गलत है।

## ऑफ बीट

# कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा



जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं, जो इंसानों के समान होते हैं। एक 'ब्रेन इमेजिंग' अध्ययन में, अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि कुत्तों के 'टेम्पोरल कॉर्टेक्स' में आवाज को समझने वाले क्षेत्र होते हैं, जो ध्वनियों के जवाब में सक्रिय हो जाते हैं। कुत्ते न केवल किसी भी ध्वनि पर, बल्कि आपकी आवाज के भावनात्मक स्वर पर भी प्रतिक्रिया देते हैं। कुत्तों के मस्तिष्क के अध्ययन से पता चलता है कि भावनात्मक ध्वनियां, मसलन हंसी, रोना, गुस्से से चीखना उनके श्रवण और भावनाओं को समझने से संबंधित मस्तिष्क के एक हिस्से को सक्रिय करती हैं।

## बिहार एसआईआर विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की खरी-खरी

# हमारे लिए सभी दल समान, विपक्ष कर रहा अपमान

### हम संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेंगे, पारदर्शिता रख रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष। सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा।

**मसौदा सूची में सभी दलों से हस्ताक्षर कर सत्यापित कराया**

**भेदभाव करने की बातें निर्मूल निराधार**



### 1.6 लाख बीएलए ने मसौदा सूची तैयार की, प्रक्रिया पारदर्शी

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है।एसआईआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बीएलए ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट, उम्मीदवारों के 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट काम करते हैं। इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में क्या कोई मतदाता वोट चुरा सकता है?

### त्रुटियों को सुधारने 15 दिन का समय बाकी

सीईसी ने कहा कि बिहार में मसौदा सूची जब से तैयार की जा रही थी, तभी से इसे सभी राजनीतिक दलों के बीएलए से हस्ताक्षर करा सत्यापित कराया गया। इसमें आने वाली त्रुटि को ठीक करने के लिए सभी राजनीतिक दल और मतदाता अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में त्रुटि हटाने के लिए अभी भी 15 दिन का समय बाकी है।

### विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाना पूरी तरह से गलत

ईसी ने कहा कि आयोग के दरवाजे सभी के लिए समान रूप से सदैव खुले हैं। सभी मतदाता, राजनीतिक दल और बूथ स्तरीय अधिकारी मिलकर पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। सत्यापन कर रहे हैं। हस्ताक्षर कर रहे हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है कि राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनकी ओर से नामित बीएलओ के सत्यापित दस्तावेज, प्रशंसापत्र या तो उनके अपने राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक नहीं पहुंच रहे हैं।

### मशीन-पठनीय सूची मतदाता की निजता का उल्लंघन

उन्होंने कहा कि जहां तक मशीन-पठनीय मतदाता सूची का सवाल है तो सुप्रीम कोर्ट 2019 में ही कह चुका है कि यह मतदाता की निजता का उल्लंघन हो सकता है।

**किसी बहू-बेटी की फुटेज जारी करनी चाहिए?**

## ईसी का राहुल गांधी को जवाब

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि न तो मेरे के लिए कोई पक्ष है, ना ही विपक्ष। मेरे लिए सभी एक समान है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ओर से लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया। साथ ही मां-बेटी की तस्वीरों पर भी सवाल उठाए और पूछा कि क्या ऐसा करना चाहिए?

### कांग्रेस ने कहा- मुझसे हलफनामा क्यों मांग रहे?

कांग्रेस के आधिकारिक एक्स अकाउंट के वीडियो कोलाज पोस्ट करते हुए लिखा गया कि आयोग ने फिर झूठ बोला। इसमें पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि हमारे लिए न तो कोई पक्ष है, न कोई विपक्ष है, सब समकक्ष है। इसके बाद राहुल का वीडियो प्ले होता है, जिसमें वो यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि कुछ दिनों पहले भाजपा के लोग प्रेस कॉफ्रेंस करते हैं, उनसे कोई एफिडेविट नहीं मांगा। उन्हीं का डेटा है।

---

## खबर संक्षेप

### कार-एसयूवी की टक्कर में आठ जिंदा जले



**सुरेंद्रनगर।** गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले में रविवार को एक राजमार्ग पर एक कार और एसयूवी के बीच टक्कर के बाद आग लगने से कार में सवार 8 लोगों की झुलसने से मौत हो गई। वधावन पुलिस थाने के निरीक्षक पीबी जडेजा ने बताया, डेडादरा गांव के निकट अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे घटना में कार सवार लोग जिंदा जल गए।

### मशहूर यूट्यूबर यादव के घर पर फायरिंग



**गुरुग्राम।** मशहूर यूट्यूबर एल्विश यादव के घर पर रविवार की सुबह बदमाशों ने करीब 24 राउंड फायरिंग की। ये फायरिंग एल्विश यादव के गुरुग्राम वाले घर पर की गई है। पुलिस ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। अब इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में बाइक सवार बदमाश फायरिंग करते दिख रहे हैं।

### छात्रावास में छात्र मृत मिला, जांच शुरू



**पणजी।** बिट्स पिलानी के गोवा परिसर में 20 वर्षीय एक छात्र अपने छात्रावास के कमरे में मृत पाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वर्ना पुलिस थाने ने मामला दर्ज कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जैन, वास्को स्थित 'बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस' में अर्थशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान के तृतीय वर्ष का छात्र था।

### 'द बंगाल फाइल्स' के निर्देशक पर एफआईआर



**कोलकाता।** फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' रिलीज से पहले ही विवादों में है। हाल ही में ट्रेलर रिलीज किया गया, जिसे लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। फिल्म की कहानी भारत-पाक बंटवारे की आग की लपटें लोगों को झुलसा रही थीं। शांतनु मुखर्जी ने डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री पर केस दज कराया है।

---

### प्रधानमंत्री ने दिल्ली में 11,000 करोड़ की 2 प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया

## द्वारका एक्सप्रेसवे यूईआर-2 का किया उद्घाटन

# पहले कागजों में ही होता था विकास और आज जमीन पर दिखाई दे रहा

*आज विकास की क्रांति की साक्षी बन रही दिल्ली, राजधानी और एनसीआर में लोगों का आवागमन होगा और आसान*



*सड़क परिवहन मंत्री गडकरी भी कार्यक्रम में शामिल रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली में 11,000 करोड़ रुपए की दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं का तोहफा दिया है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने दिल्ली के रोहिणी से यूईआर-2 (अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) के दिल्ली सेक्शन और द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कई अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने बक्करवाला गांव टोल प्लाजा इलाके में रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। गुप्ता और सैनी ने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार सड़क-2 (यूईआर-2) राजधानी को भीड़भाड़ से मुक्त करने की सरकार की व्यापक योजना के तहत विकसित की गई है। इसका उद्देश्य कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार, समय में कमी और आसपास के क्षेत्रों में यातायात में कमी लाना है। पीएम ने कहा कि पहले कागजों में काम होता था , आज धरातल पर दिखाई दे रहा है।

### मजदूरों से मिले मोदी, रोड शो किया

कार्यक्रम में पहुंचने से पहले पीएम मोदी द्वारका एक्सप्रेसवे पर पहुंचे। वहां उन्होंने मजदूरों से बात कर उनके अनुभव जाने। इसके बाद अधिकारियों से प्रोजेक्ट की जानकारी ली। इसके बाद रोहिणी से लेकर बक्करवाला तक रोड शो किया।

### 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा



पीएम ने कहा कि हाल ही में स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले से उन्होंने आत्मनिर्भर भारत और मजबूत अर्थव्यवस्था की बात की थी और आज दिल्ली उसी दिशा में तेजी से बढ़ते भारत की गवाह बन रही है। उन्होंने लोगों से 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाने को कहा। आज मेट्रो नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े नेटवर्क क्षेत्रों में से एक है। नमो भारत जैसी रैपिड रेल सेवा की शुरुआत हो चुकी है। इससे दिल्ली-एनसीआर में आना-जाना पहले की तुलना में काफी आसान हो गया है।

### दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी

पीएम मोदी ने कहा कि इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। नए एक्सप्रेसवे का सभी को लाभ मिलेगा। पूरे एनसीआर के लोगों को फायदा होगा। दिल्ली विकास की क्रांति की साक्षी बनी। आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सबकुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है।

### सैनी ने प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का दिन हरियाणा के साथ-साथ पूरे उत्तर भारत के लिए ऐतिहासिक और यादगार दिन है। यह दिन हरियाणा और विशेषकर एनसीआर के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा दिल्ली और हरियाणा में 11,000 करोड़ रुपए की लागत की 6 सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इन परियोजनाओं के लिए बहुत धन्यवाद करता हूं।

### कुछ लोग जनता के आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे

पीएम मोदी ने कहा कि ये संयोग भी पहली बार बना है कि दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में चारों तरफ भाजपा सरकार है। ये दिखाता है कि इस पूरे क्षेत्र का कितना आशीर्वाद भाजपा पर और हम सभी पर है। हालांकि, कुछ राजनीतिक दल हैं, जो जनता के इस आशीर्वाद को अभी भी पचा नहीं पा रहे हैं।

### सीएम रेखा ने पीएम को सच्चाई के धरातल पर विकास पुरुष बताया

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और देशहित में लिए गए फैसलों की सराहना की। गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा कि सिर्फ नारों और जयकारों में नहीं, आप सच्चाई के धरातल पर इस देश के विकास पुरुष हैं। आप एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने विपक्ष की घटिया राजनीति के बावजूद दिल्ली की जनता को कभी भी ओछी राजनीति का शिकार नहीं बनने दिया। आप ऐसे दूरदर्शी नेता हैं जिनकी सोच में भारत का हर नागरिक शामिल है, जिनकी नीतियों में हर राज्य की समान भागीदारी है, और जिनके संकल्प में हर व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस करता है। आपकी नीति में भारत का हर प्रदेश बराबरी का हिस्सेदार है। जिनके संकल्प में भारत का हर नागरिक अपने आप को सुरक्षित महसूस करता है। आप वह शक्ति हैं जिसने राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्र हित को सर्वोपरि रखा।

---

**प्रियांक ने आंबेडकर के बयान का दिया हवाला**

## जिन्ना से पहले सावरकर ने दिया था द्वि-राष्ट्र विचार



*आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक सरकार के मंत्री प्रियांक खरगे ने दावा किया है कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत की अवधारणा मोहम्मद अली जिन्ना और मुस्लिम लीग द्वारा दिए जाने से पहले विनायक दामोदर सावरकर द्वारा दी गई थी। एक्स पर साझा एक पोस्ट में, सूचना प्रौद्योगिकी और जैव प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि द्वि-राष्ट्र का विचार सबसे पहले वीर सावरकर ने रखा था और उनके टुकड़े-टुकड़े गिरोह ने इसका समर्थन किया था। खरगे ने सावरकर के लेखों और भाषणों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में बताया 'एसेंशियल्स ऑफ हिंदुत्व (1922 में लिखी गई) में, सावरकर हिंदुत्व को धर्म से नहीं, बल्कि मातृभूमि से परिभाषित करते हैं, भारत को 'पितृभूमि और पवित्रभूमि' दोनों के रूप में परिभाषित करते हैं। खरगे ने बताया कि 1937 में अहमदाबाद में हिंदू महासभा के 19वें अधिवेशन के दौरान, सावरकर ने कहा था, भारत में दो विरोधी राष्ट्र एक साथ रह रहे हैं। आज के भारत को एकात्मक और समरूप राष्ट्र नहीं माना जा सकता। बल्कि भारत में मुख्य तौर पर दो देश हैं, जिनमें हिंदू और मुसलमान हैं।

### आंबेडकर ने भी दिया था बयान

प्रियांक ने 1943 में सावरकर द्वारा नागपुर में की गई टिप्पणी का हवाला दिया। मुझे जिन्ना के द्वि-राष्ट्र सिद्धांत से कोई आपत्ति नहीं है। हम हिंदू, अपने आप में एक राष्ट्र हैं, और यह एक ऐतिहासिक तथ्य है कि हिंदू और मुसलमान दो राष्ट्र हैं। खरगे ने अपने दावे के समर्थन में संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर की टिप्पणी का हवाला भी दिया, जिसमें आंबेडकर ने कहा था कि यह अजीब लग सकता है, लेकिन सावरकर और जिन्ना एक राष्ट्र बनाम दो राष्ट्र के मुद्दे पर एक-दूसरे के विरोधी होने के बजाय, इस पर पूरी तरह सहमत हैं। दोनों न केवल सहमत हैं, बल्कि इस बात पर जोर देते हैं कि भारत में दो राष्ट्र हैं-एक मुस्लिम राष्ट्र और दूसरा हिंदू राष्ट्र। उनके बीच केवल उन शर्तों और नियमों को लेकर मतभेद है। प्रियांक की इस पोस्ट पर सोशल मीडिया यूजर्स जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

---

## बांकेबिहारी मंदिर में मंगला आरती



**महिला की बिगड़ी तबीयत, भीड़ में फंसीं**

**वृंदावन।** मथुरा के वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर में जन्माष्टमी के पर्व पर वर्ष में एक बार होने वाली मंगला आरती में इस बार कुछ अलग ही नजारा था। आरती में केवल 600 लोगों को अनुमति दी गई थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों की भीड़ रही। भीड़ में एडीजी आगरा जोन और उनके साथ आए लोग बमुश्किल निकल पाए। एक महिला श्रद्धालु की तबीयत अचानक बिगड़ गई। आरती के समय ऐसे हालात हो गए थे कि एडीजी आगरा जोन अनुपमा कुलश्रेष्ठ भी भीड़ में फंस गईं तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें निकाला।

## सीएम योगी से मिलीं पूजा पाल, सियासी हलचल बढ़ने लगी



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से निष्कासित होने के बाद यूपी की चायल सीट से विधायक पूजा पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इसके बाद प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। कयास लगाए जा रहे हैं कि वह जल्द ही भाजपा का दामन थाम सकती हैं। बीते कुछ समय से पूजा पाल लगातार योगी सरकार की जमकर तारीफ कर रही हैं।

*सीएम धामी की अध्यक्षता में कैबिनेट में फैसला*

## प्रदेश में होगा उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन, मदरसा बोर्ड होंगे निरस्त

### सभी धर्मों को समान सुविधा मिलेगी

एजेंसी ▶▶ देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय में उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 19 अगस्त से भराड़ीसैंण विधानसभा में आयोजित मानसून सत्र में पेश होने वाले विधेयक व अध्यादेश के प्रस्ताव रखे गए। बैठक में निर्णय लिया कि उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके लिए उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 2025 विधेयक लाया जाएगा। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों को लाभ मिलेगा।



### सिख-जैन धर्म के स्कूलों को मिलेगा अल्पसंख्यक होने का फायदा

धामी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में बड़े क्रांतिकारी बदलाव करने का फैसला किया है। कैबिनेट की एक विशेष बैठक में धामी सरकार ने कांग्रेस के सरकार के दौरान बनाए गए मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम को समाप्त करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके स्थान पर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान कानून बनाया जाएगा। इस अब तक केवल मुस्लिम समुदाय के मदरसों को मिल रहे अल्पसंख्यक संस्थान होने का लाभ सिख, जैन सहित अन्य धर्मों से जुड़े शिक्षण संस्थानों को मिलेगा।

---

*आईआईटी दिल्ली के छात्रों से मिले शिक्षा मंत्री प्रधान*

## संस्थान 'स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव, 2047 तक भारत बनेगा विकसित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को आईआईटी दिल्ली का दौरा किया, जहां उन्होंने छात्रों के साथ नाश्ता किया और उनसे संवाद किया और उनके विचारों को सराहा। इस दौरान उन्होंने भारत के भविष्य को लेकर गहरा विश्वास जताया। इस दौरान उन्होंने युवाओं के महत्व पर भी जोर दिया। प्रधान ने कहा कि इन छात्रों से मिलकर मुझे पूरा भरोसा हो गया है कि 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। आने वाले 20-25 वर्षों में मैं युवाओं के कंधों पर भारत का सुनहरा भविष्य बनता देख सकता हूं।

### युवाओं को भारत का भविष्य और महत्व भी बताया

#### स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव



उन्होंने आईआईटी को भारत के 'स्वदेशी और आत्मनिर्भर' भविष्य की नींव बताया। प्रधान ने कहा कि देश के प्रतिभाशाली युवा तकनीक, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि आईआईटी केवल अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र नहीं हैं, बल्कि भारत की नवाचार इकोसिस्टम के प्रमुख स्तंभ भी हैं। यहां आत्मनिर्भर भारत के शिल्पकार होंगे।

#### विकास व शिक्षा सरकार की प्राथमिकता

प्रधान ने संदेश दिया कि युवाओं द्वारा संचालित विकास और शिक्षा सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। समृद्ध भारत योजना में युवाओं को सक्षम बनाने का बड़ा लक्ष्य निहित है, ताकि भारत अपने दम पर खड़ा हो और विश्व में अपनी पहचान बनाए।

**महाराष्ट्र की राजनीति में नए गठजोड़ की आहट**

## शिवसेना यूबीटी और मनसे निश्चित तौर पर करेंगे गठबंधन

### सांसद राउत ने दी हवा पर मनसे ने नहीं दिया कुछ भी संकेत

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और मनसे महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए निश्चित तौर पर गठबंधन करेंगे। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला चुनाव के करीब आने पर हो सकता है। दोनों ही दलों के नेताओं का ऐसा मानना है।

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे इस संभावित गठबंधन के बारे में ज्यादा मुखर रहे हैं, जबकि उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे इस बारे में ज्यादा कुछ कहने से बचते नजर आए हैं।

### नगर निगम चुनाव में कुछ सीटों पर साथ लड़ेंगे



सांसद संजय राउत ने कहा कि उनकी पार्टी मुंबई, ठाणे, कल्याण-डोंबिवली, नासिक और छत्रपति संभाजीनगर में होने वाले नगर निगम चुनावों के लिए मनसे के साथ गठबंधन करेगी। हालांकि, मनसे की ओर से अभी तक इस बारे में कोई बयान नहीं आया।

#### राज ठाकरे करेंगे अंतिम फैसला

मनसे के एक पदाधिकारी ने बताया कि 5 जुलाई की रैली के बाद हम उस मुकाम पर पहुंच गए हैं, जहां जनता के भारी दबाव के कारण शिवसेना (यूबीटी) के साथ गठबंधन न करना एक मुश्किल काम होगा। अब राज इस पर अंतिम फैसला लेंगे।

**अपहरण की आरोपी महिला को जमानत**

## बच्ची को मां के स्नेह से वंचित नहीं किया जा सकता: कोर्ट

महाराष्ट्र की एक अदालत ने अपहरण जैसे गंभीर आरोप का सामना कर रही महिला को उसकी 7 वर्षीय बच्ची की देखभाल के लिए जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि किसी भी बच्चे को अपने प्राकृतिक अभिभावक के स्नेह से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। यह मामला 2013 में 7 साल की बच्ची के अपहरण से जुड़ा है। बच्ची लगभग एक दशक बाद मिली। 2022 में आरोपी महिला और उसके पति को गिरफ्तार किया गया. डिंडोशी के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एस एम ताकालिकर ने 5 अगस्त 2022 को महिला को जमानत दी थी।



## ट्रंप की नीतियों का अमेरिका में हो रहा जमकर विरोध, ट्रंप पर लग रहे चुनावी धांधलियों के आरोप, लोगों ने कहा हम लोकतंत्र चाहते हैं

# दुनिया को घेरने चले ट्रंप अपने ही घर में घिरे, जगह-जगह 'ट्रंप टेकओवर' के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग को खत्म कराने में लगे हैं तो दूसरी ओर भारत समेत कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहे हैं। इस टैरिफ की आड़ में ट्रंप समूची दुनिया को घेरने चले थे लेकिन अमेरिका के भीतर ही लोकतंत्र समर्थकों ने राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ मोर्चा खोलकर उनकी घेराबंदी कर दी।

अमेरिका में अब रिपब्लिकन पार्टी की नीतियों को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। अमेरिका में शनिवार को श्रमिक समूहों और लोकतंत्र समर्थकों की तरफ से सैकड़ों रैलियां और कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें ट्रंप प्रशासन की तरफ से टेक्सास में रिपब्लिकन के पक्ष में कांग्रेस का नक्शा बदलने की कोशिशों का विरोध किया गया। ह्यूस्टन फेडरेशन टीचर्स के अध्यक्ष जैकी एंडरसन ने टेक्सास में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा, हम निश्चित रूप से नहीं चाहते कि राष्ट्रपति हमारे राज्य पर कब्ज़ा करें और हमारे राज्य के प्रतिनिधियों का इस्तेमाल करके, सीटों पर कब्ज़ा करके चुनावों में धांधली करें।

### ऑकलैंड, कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क सिटी जैसे शहरों में ट्रंप के खिलाफ हुए प्रदर्शन




**सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश**

*इंडिविजिबल, मूवऑन और प्लान्ड पेरेंटहुड जैसे कार्यकर्ता समूह भी इन प्रदर्शनों में शामिल हैं. इंडिविजिबल के एज़्रा लेविन ने बताया कि तानाशाही के खिलाफ लड़ाई में, हर एक विरोध प्रदर्शन का पैमाना पहले वाले विरोध प्रदर्शन जितना होना ज़रूरी नहीं है। दबाव बनाए रखना ही मायने रखता है। टेक्सास फॉर ऑल की ड्रूसिला टिग्नर ने कहा कि यह लड़ाई टेक्सास में शुरू हुई थी।*

**रिपब्लिकन को होगा 5 सीटों का फायदा**

फाइट द ट्रंप टेकओवर के बैनर तले आयोजित ये प्रदर्शन कम से कम 34 राज्यों में हुए हैं। सबसे बड़ा प्रदर्शन ऑस्टिन, टेक्सास में हुआ, जहां ट्रंप ने दशक के बीच में शुरू हुई डिलिमिटेशन प्लान का समर्थन किया है जिससे रिपब्लिकन को कांग्रेस में पांच अतिरिक्त सीटें मिल सकती हैं। इस महीने की शुरुआत में टेक्सास के डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन को कोरम पूरा न करने देकर नक्शों पर वोटिंग रोकने के लिए राज्य छोड़ दिया था। समर्थकों से बात करते हुए, टेक्सास फॉर ऑल एलायंस ने कहा कि ट्रंप अमेरिकी लोगों से डरे हुए हैं। उन्हें पता है कि वे अपने विचारों से नहीं जीत सकते, इसलिए वे किसी भी तरह से कांग्रेस पर कब्ज़ा करने की कोशिश कर रहे हैं और वे ऐसा अश्वेत समुदायों की आवाज़ों को दबाकर कर रहे हैं।

### राष्ट्रपति बोले थे- राजधानी में हालात बेकाबू, 3 राज्यों में तैनात किए 7 सैनिक



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गाड्र्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गाड्र्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रंप कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गाड्र्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।




**नया नक्शा बनाने की तैयारी**

*यह हमारे लोकतंत्र के भविष्य का मामला है। दरअसल टेक्सास में रिपब्लिकन लीडर्स राष्ट्रपति ट्रंप को इशारों में कांग्रेस का नक्शा बदलने की कोशिश में जुटे हैं। इसके तहत राज्य की सीटों का नया नक्शा बनाने की तैयारी हो रही है।*

---

**खबर संक्षेप**

### न्यूयॉर्क में गोलीबारी, 3 की मौत, 8 घायल



**न्यूयार्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में रविवार को कई बंदूकधारियों ने ब्रुकलिन के एक होटल में लोगों पर गोलीबारी कर दी, जिसमें 3 लोग मारे गए और 8 घायल हो गए। ब्रुकलिन पुलिस कमिश्नर के मुताबिक, आपसी विवाद के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया। मरने वाले तीनों पुरुष हैं। घायलों को फौरन पास के अस्पतालों में एडमिट किया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### इंडोनेशिया में 5.8 तीव्रता के झटके, 29 घायल



**जकार्ता।** इंडोनेशिया में रविवार सुबह समुद्र के नीचे आए 5.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके देश के पूर्वी भागों में महसूस किए गए। इसमें 29 लोग घायल हो गए जिनमें से दो की हालत गंभीर है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप मध्य सुलावेसी प्रांत में पोसो जिले से 15 किलोमीटर उत्तर में आया तथा इसके बाद कम से कम 15 झटके महसूस किए गए। इंडोनेशियाई प्राधिकारियों ने सुनामी की चेतावनी जारी नहीं की गई है।

## यूरोपीय नेताओं ने कहा-जेलेंस्की को दबाव में लाने की कोशिश न करें

# जेलेंस्की को ट्रंप के सामने अकेला नहीं छोड़ेंगे इटली और फिनलैंड के बाद जर्मनी भी साथ


एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की सोमवार को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ शांति वार्ता में शामिल होंगे। इस बैठक में उन्हें यूरोपीय नेताओं का भरपूर समर्थन मिलेगा। यूरोपीय आयोग की प्रमुख युरसुला वॉन डेर लेयेन के साथ-साथ जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्क, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और नैटो महासचिव मार्क रुटे इस मीटिंग में जेलेंस्की के साथ होंगे। इस बैठक में फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टुब्ब और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की भी उपस्थिति की संभावना है। हालांकि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अपनी पुष्टि अभी नहीं की है, लेकिन एक प्रमुख सहयोगी के तौर पर उनकी उम्मीद व्यक्त की जा रही है।

जर्मन सरकार ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से सुरक्षा गारंटी, क्षेत्रीय मुद्दों और रूस की आक्रामकता के खिलाफ यूक्रेन के समर्थन के जारी रखने पर चर्चा होगी। यूरोपीय नेताओं का उद्देश्य है कि किसी भी तरह के समझौते में जेलेंस्की को दबाव में न लाया जाए और शांति समाधान में यूरोप की भूमिका सुनिश्चित हो। इस कदम से यह स्पष्ट हुआ है कि यूरोपीय नेता जेलेंस्की को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीति से संभावित असंतुलन या बाहरी दबाव से बचाने के लिए सामूहिक रूप से समर्थन प्रदान कर रहे हैं। यह उनकी एकजुटता और युक्रेन की संप्रभुता की रक्षा का संकेत भी है। खासतौर पर ट्रंप ने हाल ही में रूस के साथ हुई वार्ता में युक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों को लेकर समझौतों के संकेत दिए हैं, जिसके बाद यूरोपीय देशों की चिंता और बढ़ गई है।

**आज व्हाइट हाउस में होगी ट्रंप और जेलेंस्की के बीच वार्ता** | **जेलेंस्की किसी भी सूरत में इसे स्वीकारना नहीं चाहते**

**रूस, यूक्रेन के कुछ इलाकों में कब्जा चाहता है**



**रूस क्या चाहता है?**

डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई पुतिन की मीटिंग के बाद जो डिटेल सामने आई है, उसके मुताबिक वे डोनेत्स्क और लुहांस्क के इलाकों पर कब्जा चाहते हैं। वहीं यूक्रेन इन इलाकों को बिल्कुल देना नहीं चाहता क्योंकि इससे उसकी सामरिक और आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ेगा। परेशानी तब बढ़ गई है कि जब ट्रंप भी इस पर समर्थन जताते नजर आए लेकिन जेलेंस्की ने साफ कह दिया है कि वे किसी भी हाल में अपनी जमीन नहीं देंगे, खासतौर पर जब उनकी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं लेता।

**वार्ता में बिंदुवार रखे जाएंगे सभी मुद्दे**

*यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने रविवार को कहा कि यूरोपीय नेता यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगे। यह बैठक आज सोमवार को व्हाइट हाउस में होगी। यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा प्रमुख वॉन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राष्ट्रपति जेलेंस्की के अनुरोध पर, मैं कल व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति ट्रंप और अन्य यूरोपीय नेताओं के साथ बैठक में शामिल होऊंगी। इस बीच यहां यह भी बता दें कि, शिखर सम्मेलन के बाद एक साक्षात्कार में जब ट्रंप से पूछा गया कि यूक्रेन में युद्ध कैसे समाप्त हो सकता है और क्या भूमि की अदला-बदली होगी, तो ट्रंप ने कहा ये वो बिंदु हैं जिन पर हम काफी हद तक सहमत हैं। यूक्रेन से क्षेत्रीय रियायतें हासिल करना लंबे समय से शांति समझौते पर किसी भी वार्ता के लिए मॉस्को की पूर्व शर्तों में से एक रहा है।*

**जेलेंस्की ने साफ किया है रुख**

*यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, जिन्हें अलास्का शिखर सम्मेलन से बाहर रखा गया था, ने कहा है कि कीव क्षेत्रीय रियायतों पर सहमत नहीं होगा। ऐसा कदम यूक्रेन के संविधान के तहत अवैध होगा, जिसमें देश की क्षेत्रीय सीमाओं में परिवर्तन को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रव्यापी जनमत संग्रह की आवश्यकता होती है।*

**जमीन से जुड़े फैसले केवल कीव ही करेगा**

*यूरोपीय नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शांति समझौते में यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा को "मजबूत गारंटी" के साथ शामिल किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि यूक्रेन के भविष्य, उसके गठबंधनों और उसकी जमीन से जुड़े फैसले केवल कीव ही करेगा। यूरोपीय नेताओं ने साफ किया कि रूस को यूक्रेन के नाटो और यूरोपीय संघ में शामिल होने की प्रक्रिया पर कोई वीटो अधिकार नहीं होगा। नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक युद्ध चलता रहेगा, यूरोपीय देश यूक्रेन को सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक मदद देते रहेंगे। अगर रूस अपनी आक्रामकता नहीं रोकता, तो उस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे और उसकी युद्ध-आर्थिक व्यवस्था पर दबाव और बढ़ेगा।*

## नेपाल दौरे पर विदेश सचिव विक्रम मिसरी

# पीएम ओली, राष्ट्रपति और पौडेल से की 'गहन' चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने रविवार को नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की। मिसरी नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर सुबह काठमांडू पहुंचे। प्रधानमंत्री कार्यालय में ओली के साथ मिसरी की बैठक के दौरान द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आपसी हितों के मामलों पर चर्चा की गई। भारतीय दूतावास ने यहां 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मिसरी ने गहरे सभ्यतागत संबंधों और मजबूत भारत-नेपाल साझेदारी की पुष्टि की और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

**आज स्वदेश लौटेंगे मिसरी**

**पड़ोसी प्रथम के प्रति प्रतिबद्धता**

यहां भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मिसरी की यात्रा भारत और नेपाल के बीच नियमित उच्चस्तरीय संवाद की परंपरा को दर्शाती है और भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराती है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उनकी यात्रा के दौरान संपर्क, विकास सहयोग और अन्य मुद्दों पर चर्चा होगी। मिसरी अपनी यात्रा समाप्त करने के बाद सोमवार (18 अगस्त, 2025) को स्वदेश लौटेंगे। काठमांडू में मिसरी की बैठकों का मुख्य उद्देश्य नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की अगले माह नई दिल्ली यात्रा की तैयारी करना है। राजनयिक ओली 16 सितंबर के आसपास भारत आ सकते हैं। इस संबंध में आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

### शीर्ष नेताओं से मिलेंगे मिसरी

दूतावास ने एक अलग पोस्ट में कहा कि विदेश सचिव ने राष्ट्रपति पौडेल से अलग से मुलाकात की और भारतीय नेतृत्व की ओर से शुभकामनाएं दीं, साथ ही राष्ट्रपति को द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। मिसरी विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा से भी मुलाकात करेंगे। वह नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी सेंटर चेयरमैन पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के आज शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

---

## 10,000 से ज्यादा लोग कर चुके हैं सफर

# आईआईटी हैदराबाद में एआई से चलने वाली ड्राइवरलेस बसें भी हो गईं शुरू

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद ने अपने कैंपस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से चलने वाली ड्राइवरलेस बस सेवा शुरू की है। इन बसों को टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब ऑन ऑटोनॉमस नेविगेशन (तिहान) ने तैयार किया है। ये सेवा न सिर्फ कैंपस के अंदर सफर को आसान बनाएगी, बल्कि भारत में स्मार्ट मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम है। तिहान की टीम, प्रोफेसर पी. राजलक्ष्मी की अगुवाई में, इन सेल्फ-ड्राइविंग इलेक्ट्रिक शटल्स को सफलतापूर्वक डिजाइन और तैनात कर चुकी है। अब तक ये बसें 10,000 से ज्यादा यात्रियों को सफर करा चुकी हैं और 90% संतुष्टि रेटिंग हासिल कर चुकी हैं।



**जरूरत के मुताबिक गति**

*ये फीचर बस को रास्ते में आने वाली रुकावट पहचानने, पैदल चलने वालों और अन्य गाड़ियों से सुरक्षित दूरी रखने और जरूरत के हिसाब से स्पीड बदलने में मदद करते हैं। इनकी तकनीक को टीआरएल-9 स्तर पर प्रमाणित किया गया है, यानी इन्हें असली सड़क पर सफलतापूर्वक टेस्ट किया जा चुका है। आईआईटी हैदराबाद के अलावा, तिहान का काम भारत के ट्रांसपोर्ट सेक्टर में भी बदलाव ला सकता है।*

## चीन के डबल गेम का पर्दाफाश!

# भारत की तरफ दोस्ती का हाथ इधर पाक को थमा दी पनडुब्बी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन की ओर से पाकिस्तान की सैन्य ताकत को लगातार मजबूत बनाने की कोशिश की जा रही है। चीन ने एलान किया है कि पाकिस्तान को आठ हंगोर-श्रेणी की पनडुब्बियां देना वाला है। आठ में से तीन पनडुब्बियां चीन ने पाकिस्तान को सौंप दिया है।

ड्रैगन लगातार पाकिस्तान नौसेनिक ताकत बढ़ा रहा है। इससे पहले पाकिस्तान के लिए बनाई जा रही आठ पनडुब्बियों में से दूसरी पनडुब्बी इस वर्ष मार्च में सौंपी गई थी।

### हंगोर उन्नत श्रेणी की हाईटेक पनडुब्बी



इन पनडुब्बियों को पाकिस्तान ने बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह के साथ-साथ हिंद महासागर में तैनात किया है। पाकिस्तान के उप नौसेना प्रमुख परियोजना-2 वाइस एडमिरल अब्दुल समद ने कहा कि हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी के अत्याधुनिक हथियार और उन्नत सेंसर क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बनाए रखने और समुद्री स्थिरता सुनिश्चित करने में सहायक होंगे।

## हथियार फैक्ट्रियों का करेंगे दौरा, भारत की बढ़ेगी टेंशन!

# बांग्लादेशी सेना के अफसर चुपचाप पहुंचे पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ ढाका

पाकिस्तान के साथ रक्षा संबंधों को सुधारने में लगी बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने एक और कदम उठाया है। बांग्लादेश सेना के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जनरल लेफ्टिनेंट जनरल फैजुर्रहमान के नेतृत्व में पाकिस्तान पहुंचा है। 16 अगस्त को ये अफसर इस्लामाबाद पहुंचे, जिनके दौरे को काफी हद तक सीक्रेट रखा गया है। लेफ्टिनेंट जनरल फैजुर्रहमान और उनके सहयोगी 24 अगस्त को ढाका लौटेंगे।

रिपोर्ट में बताया है कि फैजुर्रहमान का इस्लामाबाद दौरा बांग्लादेश के सेना प्रमुख वकार उज जमां के चीन की तीन दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से ठीक पहले हुआ है।

**हथियार खरीदी पर होगा निर्णय?**

*जनरल जमां 22 से 25 अगस्त के बीच बीजिंग में रहेंगे। इससे पहले उनका एक दल पाकिस्तान में हैं। ये बांग्लादेश के भारत से दूरी बनाकर चीन-पाकिस्तान के करीब जाने को दिखा रहा है। बांग्लेदेशी सेना के डेलीगेशन की पाकिस्तान यात्रा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बांग्लादेश-पाकिस्तान रक्षा सहयोग नई ऊंचाई पर जाए। ये दल पाकिस्तानी सेना के हथियार कारखानों और संवेदनशील प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। इसके बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हथियार खरीद पर भी कोई फैसला हो सकता है। इस साल जनवरी में लेफ्टिनेंट जनरल कमरुल हसन के नेतृत्व में बांग्लादेशी सेना दल ने पाकिस्तान का दौरा किया था। इस दल ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से मुलाकात की थी।*

---

## यहां से सभी सैन्य विमानों की निगरानी की जा सकती है: सैन्य अधिकारी

**द्वीप उत्तर से दक्षिण तक लगभग 750 किलोमीटर तक फैले हैं**

# अंडमान निकोबार से भारत को मिल गया बड़ा सामरिक फायदा, कई क्षेत्रीय बल कर रहे यहां घुसपैठ की कोशिश

एजेंसी ▶▶ पोर्ट ब्लेयर



**अंडमान निकोबार द्वीप समूह में 836 द्वीप और टापू हैं**

अंडमान निकोबार द्वीप समूह का भारत के लिए बड़ा सामरिक महत्व है। यही वजह है कि अब कई क्षेत्रीय बलों की भी इस क्षेत्र पर नजर है। अंडमान निकोबार कमान के कमांडर इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा ने कहा है कि कई क्षेत्रीय बल अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के सामरिक महत्व को समझते हुए इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने आतंकवाद सहित किसी भी पारंपरिक या गैर-पारंपरिक खतरे को विफल करने के लिए अंडमान के द्वीपों की चौबीसों घंटे निगरानी करने की बात कही। बातचीत में कमांडर इन चीफ ने कहा कि अंडमान और निकोबार कमान (एएनसी) अब सिर्फ द्वीपीय चौकी से आगे बढ़कर एक अहम रणनीतिक केंद्र बन गई है और जरूरत पड़ने पर यहां से सभी सैन्य विमानों की निगरानी की जा सकती है। राणा ने कहा कि कई रिसर्च जहाज हैं, जो अंडमान के निकट आसपास लगातार अपनी मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि अंडमान निकोबार में बड़ी संख्या में पॉली-मेटेलिक मॉड्यूल्स पाए जाते हैं और साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र से आने वाले कई समुद्री केबल भी अंडमान निकोबार से होकर गुजरते हैं, जो दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को जोड़ते हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल दिनेश सिंह राणा ने बताया कि 'ये क्षेत्र समुद्र के भीतर निगरानी सेंसर और पनडुब्बियों की तैनाती के लिए बेहद अहम है। उन्होंने कहा कि इसलिए, जलमग्न क्षेत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सामरिक महत्व पर दिनेश राणा ने कहा कि यह जरूरी है कि सैन्य क्षमताओं को भी राष्ट्रीय फोकस के अनुसार बनाया जाए।

**मलक्का स्ट्रेट पर निगरानी के लिहाज से अहम**

*अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में 836 द्वीप और टापू हैं, जो उत्तर से दक्षिण तक लगभग 750 किलोमीटर तक फैले हैं। अंडमान निकोबार से मलक्का जलडमरूमध्य पर नियंत्रण रखा जा सकता है और मलक्का से ही दुनिया का 30 प्रतिशत वैश्विक व्यापार होता है। उन्होंने कहा कि एएनसी, विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) सहित तटीय सुरक्षा के लिए जम्मेदार है और यह कमान क्षेत्र में गंभीर गैर-पारंपरिक खतरों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।*


## चिप की कमी ने खोल दी पोल-पट्टी

# कुछ महीने में ही 'फुस्स' हो गया चीन का डीपसीक एआई

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीनी एआई मॉडल डीपसीक एआई ने लॉन्च के साथ ही अमेरिकन सिलिकॉन वैली में भूचाल ला दिया था। गूगल, ओपनएआई समेत कई दिग्गज टेक कंपनियों के हाथ-पांव फूल गए थे लेकिन चीनी एआई मॉडल की हालत अब खस्ता हो गई है। चिप की कमी ने इस चीनी एआई मॉडल की पोल-पट्टी खोलकर रख दी है। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह चीनी एआई मॉडल चैटजीपीटी, गूगल जेमिनी जैसे एआई मॉडल से आने निकल जाएगा। हालांकि, अब पूरी तस्वीर बदल चुकी है।

### चीनी कंपनी का चिप किया गया उपयोग




चीन ने दावा किया था कि यह एआई मॉडल पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर बना है और अमेरकी टेक्नोलॉजी पर इसकी निर्भरता नहीं है। डीपसीक ने अपने आर2 मॉडल को ट्रेन करने के लिए चीनी कंपनी हुआवे का चिप इस्तेमाल किया था। कंपनी का दावा था कि यह चिप एआई के आगे के डेवलपमेंट में काम करेगा। हालांकि, अब चीनी एआई मॉडल को अमेरिकी चिप की जरूरत है।

# एशिया कप में भारत का दबदबा, 5 कप्तानों की कप्तानी में रचा खिताबी इतिहास

एशिया कप 2025 का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है, जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है।

## भारत ने 8 बार जीता खिताब, श्रीलंका ने 6 बार ट्रॉफी अपने नाम की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एशिया कप के 17वें सीजन का आगाज 9 सितंबर से यूएई में होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीम भारत ही रही है। भारत ने पिछले 16 में से 8 बार खिताब अपने नाम किया है। जबकि दूसरे नंबर पर श्रीलंकाई टीम है जो 6 बार एशिया कप की ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही है। तो 2 बार पाकिस्तान ने ये खिताब जीता है। वहीं भारत को 8 बार खिताब जिताने के पीछे 5 कप्तानों का योगदान रहा है। 1984 से शुरू हुए एशिया कप का पहला खिताब भी भारत ने ही जीता था। 2023 में हुए आखिरी सीजन में भी भारत विजयी रहा था। एक नजर एशिया कप खिताब जीतने वाले भारतीय कप्तानों पर डालते हैं।



### सुनील गावस्कर

सुनील गावस्कर एशिया कप का खिताब जीतने वाले पहले कप्तान थे। उन्होंने ये उपलब्धि 1984 में हासिल की थी। भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को धूल चटाकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था और यहीं से टीम इंडिया ने एशियाई टीमों पर अपना दबदबा बनाना शुरू किया था।

### दिलीप वेंगसरकर



1986 की खराब परफॉर्मेंस के बाद दिलीप वेंगसरकर भारत को 1988 में एक बार फिर एशिया कप का चैंपियन बनाया। इस बार टूर्नामेंट में 4 टीमों ने हिस्सा लिया था।



### मोहम्मद अजहरुद्दीन

1988 से 1995 तक एशिया कप पर भारत का राज रहा है। इस दौरान कुल तीन बार टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। 1988 के बाद अजहरुद्दीन ने एशिया कप 1991 में टीम इंडिया की कमान संभाली और चैंपियन बनाया। इसके बाद 1995 में फिर भारत ने उनकी अगुवाई में ट्रॉफी जीती।



### एमएस धोनी

2004 और 08 के तो फाइनल तक टीम इंडिया पहुंची थी, लेकिन दोनों ही बार श्रीलंका ने उन्हें हराकर खिताब अपने नाम किया। इसके बाद 2010 में एमएस धोनी की कप्तानी में भारत फिर चैंपियन बना और 15 साल का सूखा खत्म किया।

### रोहित शर्मा



2018 में विराट कोहली की गैरमौजूदगी में रोहित शर्मा को एशिया कप में टीम इंडिया को लीड करने का मौका मिला। इसके बाद 7वीं बार उनकी कप्तान को एशिया कप का खिताब मिला। इसके बाद 2023 में भी रोहित की कप्तानी में भारत ने ट्रॉफी जीती।

## खबर संक्षेप



### भाटिया ने बनाया 'होल इन वन', जीती कार

**मैरीलैंड (अमेरिका)।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने तीसरे दौर में चार अंडर 66 का कार्ड खेला, जिसमें एक बर्डी और एक 'होल इन वन' भी शामिल रहा। इससे वह संयुक्त 22वें स्थान पर बने हुए हैं। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें फेडेक्स कप में शीर्ष 30 में बने रहने और अगले हफ्ते टूर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिला। भाटिया 16वें होल पर बर्डी और 17वें होल पर 'होल इन वन' के साथ संयुक्त 37वें स्थान से संयुक्त 22वें स्थान पर पहुंच गए। पीजीए टूर पर भाटिया का पहला 'होल इन वन' था, जिससे उन्हें एक बीएमडब्ल्यू आईएक्स मिलेगी और साथ ही चार साल की इवांस स्कॉलरशिप भी मिलेगी।

### डेनिश ओपन: अहलावत संयुक्त 28वें स्थान पर



**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** भारतीय खिलाड़ी वीर अहलावत ने तीसरे राउंड में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह फुरेसियो गोल्फ क्लब में चल रही डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर पहुंच गए। अहलावत के लिए यह एक दिलचस्प राउंड था क्योंकि उन्होंने शुरुआत से ही लगातार 14 पार लगाए। इसके बाद उन्होंने 15वें होल पर बोगी की, लेकिन 18वें होल पर ईगल लगाकर एक अंडर 71 का स्कोर बनाकर राउंड का अच्छा समापन किया। इससे पहले अहलावत का स्कोर 73-68 था और अब तीन राउंड के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर है। वह चौथे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करके डीपी वर्ल्ड टूर पर लगातार दूसरे सप्ताह कम से कम शीर्ष 30 में स्थान बना सकते हैं। इस बीच रासमस होजगार्ड ने अंतिम राउंड से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त बनाए रखी।

### ला लिगा : बार्सिलोना ने जीत से की शुरुआत




**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत के साथ की। उसने मालोर्का को मिले दो रेड कार्ड का फायदा उठाया। पिछले सत्र में बार्सिलोना के शानदार आक्रमण का नेतृत्व करने वाले राफिन्हा और लामिने यामल को एक बार फिर अपना प्रभाव छोड़ने में सिर्फ सात मिनट लगे। यामल के कर्लिंग क्रॉस पर राफिन्हा ने टीम की तरफ से पहले गोल किया। फेरान टोरेस ने 23वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी। इस गोल के खिलाफ हालांकि मालोर्का ने शिकायत की थी, क्योंकि उनके एक खिलाड़ी के सिर में गेंद लगने के बाद वह जमीन पर गिर गया था। यामल ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया।

## द हंड्रेड 2025: वेल्स के खिलाफ ओवल टीम ने बनाए 226 रन

# कॉक्स ने मचाया कोहराम, 29 गेंद में 13 बाउंड्री और 86 रन, गेंदबाजों पर बरपाया कहर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

द हंड्रेड 2025 के 16वें मैच में ओवल इनविंसिबल्स के बल्लेबाज जॉर्डन कॉक्स ने अपनी तूफानी बैटिंग से कोहराम मचा दिया। वेल्स के खिलाफ मुकाबले में जॉर्डन कॉक्स ने 29 गेंद में नाबाद रहते हुए 86 रन कूट दिए। अपनी इस पारी में जॉर्डन ने 10 छक्के और 3 चौके भी लगाए। इस दौरान उन्होंने 5 गेंद में 4 सिक्स लगाकर गेंदबाज की हालत खराब कर दी। जॉर्डन की इस शानदार बल्लेबाजी के लिए कारण ही ओवल की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में वेल्स की टीम 143 रन ही बनाई, जिससे ओवल को 83 रन से जीत मिली।

वेल्स के खिलाफ इस मुकाबले में जॉर्डन ने किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। अपनी इस पारी में 10 छक्के के साथ उन्होंने लियाम लिविंगस्टोन के 10 छक्कों के रिकॉर्ड की बराबरी की। हैरानी की बात ये है कि कॉक्स ने अपनी पहली आठ गेंदों पर सिर्फ आठ रन बनाए थे, लेकिन जैसे ही उन्होंने अपना गियर बदला जॉर्डन ने मैदान पर तबाही मचा दी।



### ओवल इनविंसिबल्स ने बनाया बड़ा स्कोर

*मैच में 226 रन बनाते ही ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने इतिहास रच दिया है। टीम ने इसी के साथ द हंड्रेड टूर्नामेंट के लीग का सबसे बड़ा स्कोर बना दिया है। इससे पहले द हंड्रेड लीग में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड मैनचेस्टर ओरिजनल्स की टीम के नाम था। ओरिजनल्स की टीम ने साल 2022 में नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स की टीम के खिलाफ 208 रन बनाए थे। लेकिन अब ये कीर्तिमान टूट चुका है और ओवल इनविंसिबल्स की टीम ने नई इबारत लिखी है।*

### जॉर्डन कॉक्स ने खेली दमदार पारी

*ओवल इनविंसिबल्स की टीम के लिए ओपनिंग की जिम्मेदारी विल जैक्स और तवांडा मुयेये ने संभाली। इन दोनों प्लेयर्स ने अच्छी बल्लेबाजी की और पहले विकेट के लिए 76 रनों की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। इसके बाद तीसरे नंबर पर जॉर्डन कॉक्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का नमूना पेश किया। उन्होंने 29 गेंदों में कुल 86 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और 10 छक्के शामिल रहे। वह अंत तक आउट नहीं हुए। सैम करन के बल्ले से 34 रन निकले। इन प्लेयर्स की वजह से ही टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल हो पाई।*

### एलिसा ने लगाया शतक



**ब्रिस्बेन।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज एलिसा हीली की नाबाद 137 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ए ने रविवार को भारत ए के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में नौ विकेट से जीत दर्ज की। भारत ने शुक्रवार को दूसरे मैच में दो विकेट से जीत हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 2-0 से अपने नाम कर ली थी। भारतीय टीम ने पहले मैच में तीन विकेट से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 52 और विकेटकीपर यास्तिका भाटिया के 54 गेंदों में 42 रन की बदौलत 216 रन बनाए, लेकिन पूरी टीम 47.4 ओवर में आउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तान ताहलिया मैकग्रा ने आठ ओवर में 49 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

### वेल्श फायर के बल्लेबाज रहे फायर

वेल्श फायर की टीम के लिए कप्तान जॉनी बेयरस्टो ने जरूर 28 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। लेकिन उनके अलावा बाकी के खिलाड़ी रन बनाने के लिए तरसते रहे। इसी वजह से पूरी टीम सिर्फ 143 रन ही बना सकी। ओवल इनविंसिबल्स के लिए टॉम करन ने सबसे ज्यादा चार विकेट अपने नाम किए और उन्होंने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की।

## डीपीएल

# ढुल ने खेली तूफानी पारी लगाए 8 चौके और 7 छक्के



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यश ढुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। यश ढुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं। युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया, जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हर्षित राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की और चार ओवर में सिर्फ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन राप्रिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफी महंगे साबित हुए।

■ राणा ने 4 ओवर में 35 रन देकर चटकाए 3 विकेट

### मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं: यश

भारत के पूर्व अंडर-19 विश्व कप विजेता कप्तान यश ढुल शीर्ष स्तर की क्रिकेट में जगह बनाने के अपने सपने को पूरा करने के लिए मौकों का पूरा फायदा उठाना चाहते हैं, जैसा कि उन्होंने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में शानदार शतक जड़कर किया था। ढुल ने बारिश से प्रभावित इस मैच में शतक जमाया, जिससे सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हराया। ढुल ने कहा, 'मैं इस बारे में सोचता हूं कि मुझे जो अवसर मिला है उसका मैं कैसे फायदा उठाऊं। अगर आप भविष्य के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं तो आप वर्तमान में अच्छा नहीं खेल सकते।' उन्होंने कहा, 'मैं केवल मौजूदा अवसरों पर ध्यान केंद्रित करता हूं। मैं लाल गेंद से भी अभ्यास कर रहा हूं। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में सफेद गेंद से लाल गेंद के क्रिकेट में बदलाव के बारे में जो सीख मिली उससे मुझे काफी फायदा मिल रहा है।' पिछले वर्ष जुलाई में एक जन्मजात समस्या के कारण हृदय की सर्जरी के कारण ढुल को विश्राम लेना पड़ा और उसके बाद उन्होंने मजबूत वापसी करने पर ध्यान केंद्रित किया।

## सिंकफील्ड कप

# गुकेश करेंगे क्लासिकल शतरंज में वापसी, प्रज्ञाननंदा की स्थिति मजबूत



एजेंसी ⏭ सेंट लुई (अमेरिका)

विश्व चैंपियन डी. गुकेश सोमवार से शुरू हो रहे सिंकफील्ड कप से संक्षिप्त अंतराल के बाद क्लासिकल शतरंज में वापसी करेंगे जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर. प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर के पांचवें चरण की इस प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर अपनी कुल पांचवीं रैंकिंग मजबूत करना चाहेंगे। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर ने खुले तौर पर स्वीकार किया है कि अब उन्हें क्लासिकल शतरंज पसंद नहीं है। कार्लसन के नहीं खेलने के बावजूद इस प्रतियोगिता में कई शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### गुकेश का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकॉर्ड

अमेरिका के फैबियानो कारुआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा अच्छी फॉर्म में चल रहे आर्मेनियाई से अमेरिकी बने लेवोन अरोनियन भारतीय जोड़ी के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की पूरी संभावना रखते हैं। गुकेश को रैपिड शतरंज में वर्तमान फॉर्म को देखते हुए प्रबल दावेदारों में शामिल नहीं किया जा सकता लेकिन यहां नहीं भूलना चाहिए कि भारतीय ग्रैंड मास्टर का क्लासिकल शतरंज में शानदार रिकार्ड रहा है।

### प्रज्ञाननंदा जीतने के लिए तत्पर



इस बीच प्रज्ञाननंदा ने अगले वर्ष के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करके अपनी स्थिति पहले ही मजबूत कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व खिताब के लिए गुकेश के प्रतिद्वंद्वी का फैसला होगा। गुकेश और प्रज्ञाननंदा दोनों ने अगले महीने उज्बेकिस्तान में होने वाली ग्रैंड स्विस प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्णय लिया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे सब कुछ जीतने के लिए तत्पर हैं। प्रज्ञाननंदा ग्रैंड शतरंज टूर की तालिका में वर्तमान में गुकेश से आगे हैं, लेकिन निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इस प्रतियोगिता में उनका सामना अनुभवी प्रतिद्वंद्वियों से होगा। यह प्रतियोगिता दस खिलाड़ियों के बीच नौ राउंड में खेली जाएगी, जिसकी कुल पुरस्कार राशि 350,000 अमेरिकी डॉलर है।

## मेजर लीग सॉकर : इंटर मियामी जीता, मेस्सी ने किया शानदार गोल



**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)।** लियोनेल मेस्सी ने चोट से उबरकर दर्शकों से भारी समर्थन के बीच एक गोल किया जबकि एक गोल करने में मदद की, जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मेस्सी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेस्सी की तारीफ करते हुए कहा, 'हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ नजर रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया।

मेस्सी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।

टूर्नामेंट की शुरुआत नौ सितंबर से यूएई में

# एशिया कप: पाकिस्तान ने की टीम घोषित, बाबर और रिजवान बाहर

एजेंसी ⏭ लाहौर



पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने इस महीने के आखिर में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला और उसके बाद एशिया कप के लिए रविवार को 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को जगह नहीं दी गई।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपनी वेबसाइट पर टीम की घोषणा की, जिसमें तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद वसीम और बाएं हाथ के गेंदबाज सलमान मिर्जा शामिल हैं। एशिया कप की शुरुआत नौ सितंबर से यूएई में टी-20 प्रारुप में होगी। इससे पहले सलमान अली आगा की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम 29 अगस्त से सात सितंबर तक शारजाह में अफगानिस्तान और मेजबान यूएई के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान को आठ टीमों के एशिया कप टूर्नामेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें यूएई और ओमान भी शामिल हैं। यह टूर्नामेंट नौ से 28 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा।

### पाकिस्तान टीम

सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम।

## नेशंस कप के लिए खिलाड़ियों का ऐलान, मुख्य कोच बनने के बाद नए चेहरों पर खेला दांव

# कोच जमील के कैंप में छेत्री को नहीं मिली जगह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय फुटबॉल टीम का मुख्य कोच बनने के बाद पहली टीम का चयन करते हुए खालिद जमील ने कुछ नए चेहरों पर दांव खेला है। इनमें सेना के डिफेंडर सुनील बेंचमिन भी शामिल हैं, जिन्होंने डूरंड कप के दौरान ध्यान खींचा।

खालिद जमील की टीम से बड़ा नाम गायब है। ये बड़ा नाम सुनील छेत्री हैं, जो 2024 में संन्यास ले चुके थे। इस साल संन्यास से वापस लौटे। वह अब 29 अगस्त से ताजिकिस्तान के हिसोर में होने वाले मध्य एशियाई टूर्नामेंट के लिए भारत 35 खिलाड़ियो की संभावित सूची में भी शामिल नहीं हैं। इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं आया है कि छेत्री को टीम में क्यों नहीं शामिल किया गया है। न तो खिलाड़ी की ओर से और न ही महासंघ की ओर से कुछ कहा गया है। महासंघ ने कहा कि, चयन संबंधी सवाल मुख्य कोच से पूछे जाने चाहिए। जमील ने भी कोई बयान नहीं दिया। छेत्री को ऐसे समय पर नजरअंदाज किया गया है जब उनके क्लब बेंगलुरु एफसी ने हाल ही में इंडियन सुपर लीग को लेकर अनिश्चितता के कारण पहली टीम और कर्मचारियों के वेतन रोक दिए हैं। फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड और अखिल भारतीय फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के बीच समझौते के विस्तार को लेकर गतिरोध और सुप्रीम कोर्ट में लंबित एक मामले के कारण आईएसएल का भविष्य अधर में है।

### सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप: भारत की टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारत अंडर-17 महिला टीम के मुख्य कोच जोकिम अलेक्जेंडरसन ने भूटान के थिम्पू में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए रविवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की।



अलेक्जेंडरसन ने इस महीने की शुरुआत में भारत की अंडर-20 टीम को दो दशक में पहली बार एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप क्वालीफायर में पहुंचाया था। वह अब अंडर-17 टीम का नेतृत्व करेंगे, जो अक्टूबर में किर्गिज गणराज्य में होने वाले एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप क्वालीफायर से पहले सैफ चैंपियनशिप में खेलेगी। सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप में चार टीमें भारत, भूटान, नेपाल और बांग्लादेश डबल राउंड-रॉबिन लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम छह मैच खेलेगी और सबसे अधिक अंक हासिल करने वाली टीम चैंपियन बनेगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत नेपाल (20 अगस्त) के खिलाफ करेगा। उसके बाद वह बांग्लादेश (22 अगस्त), भूटान (24 और 27 अगस्त), नेपाल (29 अगस्त) और आखिर में बांग्लादेश (31 अगस्त) का सामना करेगा। सभी मैच चांगलिमिथांग स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# कायस्थम के 'रिमझिम गिरे सावन' में मुकेश, किशोर, लता, रफी के गीतों की हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 49 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित रिमझिम गिरे सावन कार्यक्रम में मुकेश द्वारा गाए गए फिल्मी गानों ने ऐसा समा बांधा कि लोग भाव विभोर हो उठे। स्व. मुकेश की 27 अगस्त को 49वीं पुण्यतिथि है। इसके पूर्व कायस्थम ने उनकी स्मृति में चित्रांश गायकों के लिए यह आयोजन किया था, जिसमें कायस्थ समाज के उभरते हुए लगभग 30 गायकों ने स्व. मुकेश के अलावा मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर, आशा भोसले के भी गाने गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्व. मुकेश की मौसी मीनाक्षी माथुर और उनके पति मुकेश प्रसाद माथुर शामिल हुए। मीनाक्षी माथुर का परिवार नई दिल्ली के दरियागंज में स्व. के मुकेश का पड़ोसी था। मीनाक्षी और मुकेश प्रसाद माथुर इन दिनों अपने परिवार के साथ भोपाल में रह रहे हैं।

**खास बातें**

- स्व. मुकेश की नजदीकी रिश्तेदार मीनाक्षी माथुर कार्यक्रम में शामिल हुईं
- मैं तो एक ख्वाब हूं सुरीले तरानों से महका स्टेट म्यूजियम

## गायकी के दम पर मुर्दा दिलों में जान फूंक देते थे मुकेश



उन्होंने स्व. मुकेश को अपनी भावांजलि अर्पित करते हुए सर्वाधिक लोकप्रिय, सौम्य सरल, शांत हृदय का गायक बताया। मीनाक्षी माथुर ने कहा कि स्व. मुकेश अपनी गायकी के दम पर मुर्दा दिलों में जान फूंक दिया करते थे। मुकेश की आवाज फिजा में मोहब्बत की रंगत बिखेर देती थी। वे राज कपूर, मनोज कुमार और दिलीप कुमार की परछाई थे। अपने गाने की रिकॉर्डिंग के पहले कई दिन भूखे रहते थे, जिससे उनके गानों में दर्द झलकता था। सारी दुनिया उनके गानों और आवाज की दीवानी हो चुकी थी। वह कायस्थ कुल के गौरव भी थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त श्री मनोज श्रीवास्तव के अलावा अन्य विशेष अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, सेवानिवृत आईएएस एवं पूर्व अपर मुख्य सचिव कंचन जैन सक्सेना, प्रसिद्ध भजन गायक रवि खरे, पूर्व आईएएस रजनीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त, सरस्वती देवी और स्व मुकेश के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।

## 30 गायकों को कायस्थम ने बैज लगाकर सम्मानित किया




कायस्थम मध्यप्रदेश की ओर से अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, सचिव डॉ. रश्मि सक्सेना, संयुक्त सचिव अजय भटनागर, कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना और अनुराग श्रीवास्तव ने अतिथियों को भगवान श्री चित्रगुप्त का छायाचित्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिरकत कर रहे सभी 30 गायकों को कायस्थम की ओर से बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की सचिव डॉ. रश्मि सक्सेना ने घोषणा की कि कायस्थम लोगों को मृत्युपरांत देहदान एवं अंगदान के लिए प्रेरित करेगा। इसके लिए कार्यक्रम स्थल पर कायस्थ समाज के लोगों से घोषणा पत्र भी भरवाए गए। कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं से फिल्मों से जुड़े रोचक सवाल पूछ कर सही उत्तर बताने वाले को पुरस्कार भी दिए गए। कार्यक्रम 'रिमझिम गिरे सावन' में गायक अवनीश रायजादा ने लोफर फिल्म का मोहम्मद रफी का गीत आज मौसम बड़ा बेईमान है, कविता और कमोद सक्सेना ने पहचान फिल्म में मुकेश द्वारा गाया गीत आया न हमको प्यार जताना, संजय खरे एवं रत्ना खरे ने अनाड़ी फिल्म का मुकेश व लता मंगेशकर द्वारा गाया दिल की नजर से, राकेश रायजादा ने दाग फिल्म का रफी का गीत जिंदगी भर नहीं भूलेगी बरसात की रात, योगेंद्र श्रीवास्तव व रश्मि सक्सेना ने कश्मीर की कली फिल्म का दीवाना हुआ बादल सावन की घटा छाई, ने गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। का संचालन रमेश श्रीवास्तव ने और अंत में आभार डॉ. रश्मि सक्सेना ने व्यक्त किया।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजनः सभागार का नाम होगा 'विनय सिंह सेंगर सभागार'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में पूर्व विद्यार्थी संगठन, भोपाल की ओर से रविवार को स्व. विनय सिंह सेंगर (विनय दादा) की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व सांसद आलोक संजर, पूर्व मंत्रीगण राजकुमार पटेल, पीसी शर्मा, दीपक जोशी, पूर्व महापौर दीपचंद यादव, विधायक भगवान दास सबनानी, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, महेंद्र जोशी, कैलाश परमार पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सीहोर, अजीत जैन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

महाविद्यालय की ओर से प्राचार्या डॉ. गीता मोदी, प्रो. (डॉ.) विजय तिवारी, डॉ. आरएस रघुवंशी, डॉ. प्रवीण तामोट, डॉ. विनोद पाराशर, डॉ. रेखा श्रीवास्तव पूर्व विद्यार्थी संगठन के अध्यक्ष सतीश रायजादा, उपमन्यु त्रिवेदी, संतोष कटियार, सतविंदर सिंह 'लल्ली', अरुणेश्वर सिंहदेव, अखिलेश श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, कुलदीप सिंह गिल, ललित जैन, प्रलय श्रीवास्तव, दलजीत सिंह गिल, जवाहर सिंह, सुकांत जैन, अभय श्रीवास्तव, उपेन्द्र तोमर, सुरेन्द्र वाडीका, महेंद्र सिंह बुंदेला, शेखर दुबे, अशोक चतुर्वेदी, विंग कमांडर यूके चौधरी, पी.के सक्सेना, ओपी कटियार, रवि सेठी, महेश चौहान, महेश शर्मा, व अन्य पदाधिकारीगण तथा पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए।

## श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और सुंदरकांड का किया संगीतमय आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार रोड स्थित गौरव नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी के ए ब्लॉक में बड़ी संख्या में रहवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ के साथ-साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का संगीतमय आयोजन किया गया। कार्यक्रम देर रात तक चला। इस दौरान भक्ति गीतों और भजनों से पूरा परिसर भक्ति में रंगा रहा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक ए ब्लॉक निवासी दीपनारायण पांडेय और अंकित पांडेय थे। इसके साथ ही दीपनारायण पांडेय के पुत्र दीपांशु का भी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में कॉलोनी के अध्यक्ष दिनेश सिंह भदौरिया, नीलम राय, राहुल राय, संदीप शर्मा, संजय द्विवेदी, ओपी पांडेय, कुमार गौरव, अमित द्विवेदी सहित कई अन्य लोग भी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

### आधुनिक सुविधाओं का संगम बना अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल

## युवा पहलवान विराज बाथम को किया सम्मानित, ओपन जिम का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल में रविवार को भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर का मुख्य आकर्षण था नागपुर (महाराष्ट्र) में होने वाली वर्ष 2025 की अंडर-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवा पहलवान विराज बाथम का स्वागत। साथ ही मध्यप्रदेश शासन के खेल विभाग द्वारा स्कूल को प्रदान की गई ओपन जिम का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक बालू सिंह यादव उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल का माहौल और प्रशिक्षण देखकर इसे कुश्ती की नर्सरी कहना गलत नहीं होगा। उन्होंने परंपरागत दंगल संस्कृति को भोपाल की पहचान बताते हुए कहा कि नई पीढ़ी के पहलवान इसे मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं।इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद लाइका रफीक़ कुरैशी, पूर्व पार्षद रफीक़ कुरैशी, भोपाल ज़िला कुश्ती संघ के अध्यक्ष क़मर साक़िब, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव सक्सेना और भेल स्पोर्ट्स क्लब के सचिव आर.एस. कठेत मंच पर मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में अखाड़ा ट्रेनिंग स्कूल के अध्यक्ष हाजी इलियास पहलवान, सचिव नफीस कुरैशी और संचालक व विश्वामित्र अवार्डी शाकिर नूर की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यात कोच विक्रम अवार्डी फातिमा बानो, राष्ट्रीय कोच अब्दुल उमेर, वरिष्ठ प्रशिक्षक लालू उस्ताद, शिवानंद बाथम, मोहम्मद कलीम, भरत पांडे, गेंदा पहलवान, जीवन सिंह यादव, साजिद पहलवान, सिकंदर पहलवान और अशरफ भाई सहित कई अनुभवी खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930